

ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल - 12



पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी - 12




कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे - 13



गिल और मंधाना को बीसीसीआई के शीर्ष पुरस्कार से नवाजा गया - 14

आज का मौसम
25.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.21
सूर्यास्त 06.21


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी उपरांत 09:41 त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 16 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 19, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ईरान ने सऊदी अरब सहित अन्य खाड़ी देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए

काहिरा, एजेंसी

ईरान ने हमलों का और व्यापक करने की धमकी दिए जाने के बीच इजराइल और फारस की खाड़ी के आसपास के पड़ोसी देशों पर हमले किए। वहीं, इजराइल ने कहा कि उसने रविवार को भी ईरान पर हमले जारी रखे।

बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने रविवार को अपने निवासियों को चेतावनी दी कि वे उनकी ओर आ रहीं मिसाइल रोकने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। इससे पहले, ईरान ने लोगों से संयुक्त अरब अमीरात के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। यह पहली बार है जब ईरान ने किसी पड़ोसी देश की

- पहली बार ईरान ने दी खुली धमकी, यूएई के लोगों से तीन बंदरगाह खाली करने को कहा



गैर-अमेरिकी परिसंपत्तियों पर हमले की खुले तौर पर धमकी दी। ईरान ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात के मुख्य टर्मिनल वाले खार्ग द्वीप पर हमला करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में बंदरगाहों, डॉक और ठिकानों का इस्तेमाल किया।

### भारत का टैंकर यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद निकला

**नई दिल्ली।** तेल टर्मिनल पर हमले के बावजूद यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का एक टैंकर सुरक्षित निकल गया है। सरकार ने कहा कि वह पश्चिम एशिया में स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और स्थिर ईंधन आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। जग लाडकी नाम का यह जहाज, जिसमें लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल है, फुजैराह से भारतीय समय के अनुसार 10 .30 बजे निकला।

## गंगा किनारे अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, रिपोर्ट मांगी

- केंद्र से गंगा के पुनर्जीवन और संरक्षण के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन का रिकॉर्ड मांगा, पूछा-अवैध निर्माण हटाने को क्या कदम उठाए

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने केंद्र को गंगा नदी के किनारों और बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माणों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार से गंगा के पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिसूचना के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन के लिए अब तक उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड पर रखने को कहा।

कोर्ट ने कहा, उपरोक्त अधिसूचना के





बेहतर व प्रभावी कार्यान्वयन में प्राधिकरण (स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन प्राधिकरण) के सामने कौन-कौन सी बाधाएं या रुकावटें आ रही हैं? पीठ ने कहा, उपर्युक्त सभी राज्यों से होकर बहने वाली गंगा नदी की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नदी के मैदानी क्षेत्र और किनारे सभी प्रकार के अतिक्रमणों से मुक्त हों, प्राधिकरण क्या कदम उठाने का इरादा रखता है? कोर्ट ने गंगा बेसिन के कई राज्यों को नोटिस जारी किया और कहा कि इस मुद्दे पर व्यक्तिगत मामलों से परे व्यापक जांच की आवश्यकता है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। शीर्ष कोर्ट पटना निवासी अशोक सिन्हा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उन्होंने एनजीटी के 30 जून, 2020 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में पर्यावरण की दृष्टि से बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ याचिका खारिज कर दी गई थी।

### नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना मुख्य मुद्दा

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर 2016 की अधिसूचना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत जारी की गई थी, जिसका उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश तय करना है। इसमें नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना, प्रदूषण को रोकना और नदी के किनारों तथा फ्लडप्लेन की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। कोर्ट ने कहा कि लगातार हो रहे अतिक्रमण को देखते हुए इन प्रावधानों की प्रभावशीलता की समीक्षा जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और बिहार सरकार को अगली सुनवाई से पहले अपडेटेड रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल 2026 को होगी।

## ब्रीफ न्यूज

### रैपर बादशाह को जान से मारने की धमकी, 'टटीरी' पर विवाद बढ़ा

**चंडीगढ़।** लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित सहयोगियों से जुड़ी एक अपुष्ट पोस्ट रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें रैपर-संगीतकार बादशाह को जान से मारने की धमकी दी गई है। बादशाह के नाम से लोकप्रिय आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया अपने नए हरियाणवी गीत 'टटीरी' के जारी होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। गीत के अश्लील बोल और अनुचित दृश्यों को लेकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है और राज्य महिला आयोग ने उन्हें तलब किया है। फेसबुक पर सामने आई कथित पोस्ट में आरोप लगाया गया कि रैपर ने हरियाणा की संस्कृति को खराब करने की कोशिश की है।

### करूर भगदड़ : सीबीआई ने टीवीके के प्रमुख विजय से सात घंटे पूछताछ की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पिछले साल तमिलनाडु के करूर में टीवीके की रैली के दौरान भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत के मामले में रविवार को यहां अपने मुख्यालय में पार्टी के प्रमुख और अभिनेता विजय से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि विजय पूछताछ और अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शाम करीब छह बजे एजेंसी के मुख्यालय से रवाना हुए। विजय से तीसरी बार पूछताछ की गई है।

# पश्चिम बंगाल-तमिलनाडु व असम समेत 5 राज्यों में चुनाव घोषित, नतीजे 4 मई को

## चुनाव आयोग ने तारीख का किया एलान, 23 और 29 अप्रैल को बंगाल में होगी वोटिंग

- तमिलनाडु में 23 अप्रैल, असम और केरल-पुडुचेरी में 9 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। सभी राज्यों में मतगणना 4 मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बंगाल में दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। कुमार ने बताया कि केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 824 सीटों पर मतगणना चार मई को होगी। चुनाव हिंसा या प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए और आयोग किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। कुमार के साथ दो निर्वाचन आयुक्त - सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, गोवा, कर्नाटक, नगालैंड, त्रिपुरा की पांच सीटों पर उपचुनाव 9 अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात व महाराष्ट्र की तीन सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे।



नई दिल्ली में चुनाव के बारे में घोषणा करते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

### राज्यों में विधानसभा की संख्या

| | |
|---|---|
| तमिलनाडु | 234 |
| प. बंगाल | 294 |
| केरल | 140 |
| असम | 126 |
| पुडुचेरी | 33 |

### चुनाव के लिए 824 निर्वाचन क्षेत्र तय, 17.4 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

पांच राज्य विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में कुल 17 .4 करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2 .19 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जहां 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के कुल मतदाताओं की संख्या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी और कनाडा की जनसंख्या के बराबर है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 20 देशों के चुनाव निकायों के प्रतिनिधि भारत के लोकतंत्र के उत्सव का अनुभव प्राप्त करने के लिए चुनाव वाले राज्यों का दौरा करेंगे। कुमार ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 750-900 है। एसआईआर के दौरान अच्छा काम करने के लिए बीएलओ को बधाई भी दी। बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत अपलोड करेंगे।

### चुनावी राज्यों में कई मतदान केंद्र होंगे अनूठे

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में 1,500 से कम मतदाताओं वाले तीन मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए निर्वाचन आयोग की टीम को बक्सा बाघ अभयारण्य की पहाड़ियों से होकर गुजरना होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। कुमार ने विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित करने के लिए यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असम, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्यों तथा पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित अनूठे मतदान केंद्रों पर प्रकाश डाला। सीईसी ने कहा, मतदान टीम असम के माजुली से नौका और सड़क मार्ग से 50-60 किलोमीटर की कठिन यात्रा करती हैं, ब्रह्मपुत्र नदी को पार करती हैं और अंत में ट्रैक्टर से 248 मतदाताओं वाले सुदूर धनेखाना मतदान केंद्र पहुंचती हैं।

## रुद्रपुर में मिला करोड़ों की नकली एनसीईआरटी किताबों का जखीरा



- मेरठ के व्यापारी ने लिया था किराए पर गोदाम सील उच्चस्तरीय जांच शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर/देहरादून

**अमृत विचार :** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के कीरतपुर गांव में निजी गोदाम से एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद) की 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकली किताबों का जखीरा मिला है। इसका कनेक्शन मेरठ के एक व्यापारी से जुड़ा है। शैक्षिक सत्र शुरू होने से कथित तौर पर नकली किताबों की बरामदगी की उच्चस्तरीय जांच शुरू हो गई है।

एसएसपी ऊधमसिंह नगर अजय गणपति के निर्देश पर कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने शनिवार देर रात किरतपुर रोड पर घेराबंदी कर यूपी-37 नंबर के एक ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें एनसीईआरटी की किताबें लदी थीं। चालक ने पूछताछ में बताया कि ये किताबें किरतपुर के गोदाम से लोड कर मेरठ जा रही हैं। कागजों की जांच में पुलिस को इनवॉइस में गड़बड़ी मिली तो किताबों के नकली होने का संदेह गहरा गया। सूचना पर पहुंचे शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने किताबों के लोगो, बनावट और वाटरमार्क की जांच के बाद प्रथम दृष्टया किताबें नकली बताईं। चालक की निशानदेही पर पुलिस टीम किरतपुर स्थित गोदाम पहुंची, जहां ताला लगा मिला। रविवार सुबह तहसीलदार दिनेश कुटौला की मौजूदगी में गोदाम का ताला तोड़ा गया तो पूरा गोदाम एनसीईआरटी की किताबों से भरा मिला। जांच में पता चला कि गोदाम किरतपुर के राजेश जैन का है, जिसने इसे मेरठ निवासी संदीप पुत्र रामभूर को किराए पर दिया है। एसएसपी के अनुसार, एनसीईआरटी को अग्रिम जांच व कार्रवाई के लिए सूचना भेज दी गई है। सोमवार सुबह एनसीईआरटी दिल्ली की टीम जांच के लिए रुद्रपुर पहुंच रही है। (संबंधित पेज-6)

## उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी से लौटी ठंड



मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में रविवार को हल्की बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश-ओलावृष्टि से मौसम बदल गया। तापमान गिरने से लगा कि ठंड फिर से लौट आयी है। हालांकि मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का अनुमान जताया है।

सरोवरी नगरी नैनीताल का मौसम पूरी तरह से बदल गया। रविवार सुबह बारिश और ओलावृष्टि होने से पूरी घाटी में एकाएक ठंड का प्रकोप बढ़ गया। अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में रिमझिम बरसात हुई तो बागेश्वर और चम्पावत में बारिश के बाद हल्की धूप खिली लेकिन फिर बादल लग गए। नैनीताल जिले के मैदानी इलाकों में हल्द्वानी और

- हवाओं ने पकड़ी रफ्तार ओलावृष्टि से गिरा पारा, अभी सुहाना रहेगा मौसम

ऊधमसिंह नगर में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान गिर गया। तराई में शाम तक 4.2 मिलीमीटर बारिश हुई।

उधर, गढ़वाल मंडल में देहरादून में दोपहर बाद बारिश हुई। चमोली जिले की घाटियों में बारिश जबकि उंची चोटियों पर बर्फबारी से ठंड ने एक बार फिर दस्तक दी। बदरीनाथ, केदारनाथ, तुंगनाथ, नंदा देवी, फूलों की घाटी राष्ट्रीय पार्क और केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य के ऊपर के इलाकों में तड़के से हल्की बर्फबारी होनी शुरू हो गई थी। उत्तरकाशी जिले में हर्षिल, गंगोत्री और यमुनोत्री की ऊंची पहाड़ियों पर भी बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होने से तापमान में काफी गिरावट आयी है।

## इच्छामृत्युः हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया शुरू

- एम्स के पैलिएटिव केयर में किया गया शिफ्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के इच्छामृत्यु के फैसले के बाद गाजियाबाद के हरीश राणा को शनिवार को एम्स में शिफ्ट किया गया है। जहां उन्हें पैलिएटिव केयर विभाग में रखा गया है। एम्स के डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। सूत्रों का कहना है कि हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की



प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। हरीश को पैलिएटिव केयर विभाग में भर्ती करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उनके हेल्थ का परीक्षण करना शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि इस विभाग में हरीश का पेन मैनेजमेंट किया जाएगा। साथ ही उन्हें कोई भी लाइफ सपोर्ट नहीं दिया जाएगा। धीरे-धीरे लाइफ सपोर्ट को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एक्सपर्ट के अनुसार, इस तरह के मामले में पहले कमिटी मरीज का असेसमेंट किया जाता है। उसके दर्द को कंट्रोल करेगी, ताकि मरीज को किसी भी प्रकार का दर्द न हो। इसलिए इस प्रोसेस में थोड़ा समय लगने की संभावना है। ऐसा नहीं है कि मरीज एडमिट होगा और दूसरे दिन पैसिव यूथेनेशिया दिया जाएगा।

## एलपीजी सिलेंडर नहीं रख सकेंगे पीएनजी उपभोक्ता

**नई दिल्ली।** सरकार ने पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) का कनेक्शन रखने वाले वाले परिवारों के लिए सब्सिडी वाला एलपीजी कनेक्शन रखने या लेने पर रोक लगा दी है।

इस बीच, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते क्षेत्र के नियामक ने शहर गैस वितरण कंपनियों से अपने पीएनजी ढांचे का विस्तार तेजी से करने को कहा है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति पर दबाव कम किया जा सके। इसके तहत अब पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर करना जरूरी हो गया है। संशोधित आदेश में

## खाई में गिरी इनोवा, तीन युवकों की मौत

**पिथौरागढ़।** चीन सीमा से सटे पिथौरागढ़ जिले के बंगापानी में रविवार को दिल्ली नंबर की इनोवा कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना पिथौरागढ़-मुनस्यारी मार्ग पर बंगापानी के उमरगड़ा में हुई। कार पिथौरागढ़ से मुनस्यारी की ओर जा रही थी। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। खाई में गिरी कार पूरी



तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने कार में फंसे चार लोगों को बाहर निकाला। इनमें लक्ष्मण सिंह नेगी (35) निवासी धुरातोली, मुनस्यारी और अंकित पांडेय (28) निवासी पिथौरागढ़ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर घायल आयुष पंत (29) निवासी टकाना और देवेंद्र (25) निवासी पिथौरागढ़ को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उपचार के दौरान आयुष ने भी दम तोड़ दिया। दुर्गम और पथरीले इलाके के कारण रेस्क्यू अभियान में पुलिस को काफी कठिनाई आई। घायलों और शवों को मशक्कत के बाद ऊपर सड़क तक लाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**रणनीति** भाजपा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में बनी रणनीति, प्रदेश प्रभारी बोले- आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य निर्माण कर रहे हैं धामी

## 'बूथ जीता चुनाव जीता' के मूलमंत्र पर रखें तैयारी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** 2027 में हैट्रिक का लक्ष्य लेते हुए रविवार को राजधानी में भाजपा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अहम रणनीति बनायी गयी।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के मूलमंत्र पर चुनावी तैयारी का आह्वान किया। मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देशभर की तरह प्रदेश में भी पार्टी का प्रशिक्षण अभियान जारी है जिसमें हमें सर्वाधिक जोर बूथ क्षमता मजबूत




बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी।

करने पर देना है क्योंकि हमारे राज्य में 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं जिसको लेकर हम सबका एक ही मूल मंत्र होना चाहिए कि ''बूथ जीता चुनाव जीता''। कहा कि, पार्टी को राजनीतिक क्षेत्र में अजर अमर बनाने की जिम्मेदारी भी हम सभी कार्यकर्ताओं की है, जिसके क्रम में मजबूत संगठन के साथ चुनावी दृष्टि से सक्रिय एवं सक्षम बीएलए 1, बीएलए 2 की जिम्मेदारी हमने सौंपी है। उन्होंने संतुष्टि जताई कि हम उत्तराखंड में शत प्रतिशत बीएलए 1 के साथ शीघ्र सभी बीएलए 2 बनाने वाले हैं।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यन्त गौतम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 4 वर्ष पूरे करने वाले पार्टी के पहले मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी। उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य का निर्माण कर रहे हैं। वे जनता के मन जीतने का तो काम कर ही रहे हैं, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहे अनुसार उत्तराखंड का दशक लाने के लिए जी जान से जुटे हैं। उनके नेतृत्व में आपदा का भी समाधान निकालकर राज्य आज विकसित भारत के मिशन में सर्वोपरि नामों में शुमार है। उन्होंने वर्तमान विधानसभा सत्र में पार्टी के विधायकों की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए, उनका जोश और तैयारी बताती है कि नए उत्तराखंड का निर्माण हो रहा है। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट समेत सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी शामिल रहे।

## स्टेट ब्रीफ

### राजनाथ सिंह 21 को हल्द्वानी में



**देहरादून :** पुष्कर सिंह धामी के मुख्यमंत्रित्व वाली सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हल्द्वानी में आगामी 21 मार्च को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं सम्मेलन होने जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि, हरिद्वार में गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुए विशाल सम्मेलन की तरह कुमाऊं में भी बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है। 21 मार्च को हल्द्वानी में होने वाले इस सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त होने जा रहा है। जिस तरह का उत्साह सरकार की उपलब्धियां को लेकर जनता के बीच है, उसको देखते हुए हमें हल्द्वानी में लाखों लोगों के प्रतिभाग करने की उम्मीद है।

# लोक भवन में मना लोकपर्व फूलदेई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** लोक भवन में रविवार को पारंपरिक लोकपर्व फूलदेई को हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।

लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक परिधान में बच्चों ने लोक भवन की देहरी पर फूल और चावल अर्पित किए तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बच्चों ने 'फूल देई-छम्मा देई' जैसे पारंपरिक लोकगीत गाकर पर्व के महत्व को उजागर किया। इस अवसर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने बच्चों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि फूलदेई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम और सद्भाव का संदेश देने वाली हमारी समृद्ध लोक परंपरा का प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से बच्चे घर-घर जाकर फूल अर्पित करते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना करते हैं और समाज में खुशियां बांटने का संदेश देते हैं। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, पर्वतीय संस्कृति संरक्षण समिति के सचिव चंद्रशेखर जोशी एवं राकेश पंवार, मोनिका रावत, प्रियंका प्रधान, पूनम पंवार मौजूद रहीं। राज्यपाल ने बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में इस पर्व को मनाने की सराहना की।



लोक भवन की देहरी पर फूलदेई पर्व का लोकगीत गाते बच्चे।

## सरकार ने लिया बड़ा फैसला, पहले चरण में छह जिलों में विशेष अभियान

# राज्य में हर गर्भवती की होगी अल्ट्रासोनोग्राफी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** सरकार ने प्रदेश की शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासोनोग्राफी जांच कराने का फैसला लिया है, ताकि उनका मातृत्व सुरक्षित रह सके। पहले चरण में छह जिलों-अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत, पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी व रुद्रप्रयाग में अल्ट्रासाउंड कवरेज को विशेष अभियान चलेगा। पात्र महिलाओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा भी मिलेगी।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने रविवार को बताया कि, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। समय पर अल्ट्रासोनोग्राफी जांच गर्भवती महिलाओं के लिये बेहद आवश्यक है। गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए भी जरूरी है। इसके लिए 15 अप्रैल तक संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड कवरेज विशेष अभियान के तहत पात्र महिलाओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि कोई भी महिला अल्ट्रासाउंड जांच से वंचित न रह पाए। इन चयनित जिलों के सीएमओ को माइक्रोप्लान बनाकर अभियान संचालित करने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।



### ये महिलाएं होंगी पात्र

15 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष अभियान में उन सभी महिलाओं को शामिल किया जाएगा जो 18 सप्ताह या उससे अधिक गर्भकाल में हैं। साथ ही उन्हें भी, जिन्होंने वर्तमान गर्भावस्था में अभी तक अल्ट्रासाउंड नहीं कराया है। इसके अलावा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं तथा ऐसी महिलाएं जिन्हें चिकित्सकों द्वारा दोबारा यूएसजी कराने की सलाह दी गई है उन्हें भी इस अभियान में शामिल किया जाएगा।

- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-पात्र गर्भवती महिलाओं को मिलेगी निःशुल्क परिवहन सुविधा

# लोकतंत्र के हत्यारे कर रहे विरोधः सीएम

## राजधानी में भाजपा संगठन की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बोला विपक्ष पर जोरदार हमला

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राजधानी के कुआंवाला स्थित एक निजी संस्थान में आयोजित पार्टी की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनता भाजपा की राष्ट्रवादी सांस्कृतिक विचारधारा के साथ है। उन्हें केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार के कामों पर पूरा भरोसा है। उन्होंने विपक्ष की पोल खोलते हुए कहा, जो लोग आपातकाल लगाने के साथ-साथ अनेकों लोकतांत्रिक हत्या की घटनाओं के दोषी हैं, वही आज सभी संवैधानिक संस्थाओं और प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं।

कभी ये सनातन निर्णय के खिलाफ न्यायाधीशों पर महाभियोग लाते हैं, कभी लोकसभा अध्यक्ष और अब मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाते हैं। इसी तरह जो अपने ऊपर सीबीआई जांच का विरोध करते हैं। वहीं, राज्य में बार-बार राजनीति के लिए सीबीआई जांच की मांग करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि, देश भर के आए चुनावी परिणामों में दिखा है कि जनता झूठ और भ्रम की राजनीति करने वालों को बुरी तरह नकार रही है। हम सब कार्यकर्ताओं को हमेशा की तरह सभी संवैधानिक प्रक्रियाओं में खुलकर सहयोग करना है, ताकि मजबूत और स्वास्थ्य लोकतंत्र का निर्माण हो।

**इनकी रही मौजूदगीः** संगठनात्मक बैठक में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, अजय भट्ट, नरेश बंसल, पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री सतपाल महराज, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बंशीधर भगत, मदन कौशिक, राजकुमार पोरी, राम सिंह कैड़ा, सरिता आर्य, सविता कपूर, विनोद चमोली, प्रदीप बत्रा, विनोद कंडारी, महंत दिलीप रावत, दुर्गेश्वर लाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान समेत प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सह प्रभारी मौजूद रहे।



भाजपा की संगठनात्मक बैठक का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी।

### उत्तराखंड में हम तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं ...

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि लोकतंत्र में जनादेश का बड़ा महत्व होता है, जिसके लिए कार्यकर्ता निर्माण से लेकर चुनावी रणनीति बेहद अहम होती है। आज प्रदेश में संगठन उस स्थिति में है कि मैं आप सब कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य के आधार पर विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि हम तीसरी बार लगातार सरकार बनाने जा रहे हैं जिसके लिए हमें कमल चुनाव चिन्ह और भारत माता की जय के लिए काम करते हुए आगे बढ़ना है।

### जनता की प्रतिभागिता बढ़ाएं

प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार ने संगठन की सभी गतिविधियों और कार्ययोजनाओं की बारीकी से समीक्षा ली। उन्होंने बताया कि किस तरह से हमें सहयोगात्मक भूमिका में संवैधानिक प्रक्रियाओं में जनता की प्रतिभागिता को बढ़ाना है। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों से शीघ्र संगठनात्मक ढांचा सौ फीसदी गठन के निर्देश दिए।



गैस गोदाम से दिए जा रहे सिलेंडर के दौरान लगी भारी भीड़।

# नाफरमानी पर सिलेंडर जब्त, वाद

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आदेश के बावजूद गोदाम से बांटे जा रहे थे गैस सिलेंडर, भीड़ उमड़ी

**अमृत विचारः** एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने और शतप्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों की 24 घंटे में ही नाफरमानी का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन की क्यूआरटी ने आदेशों की अवहेलना पर हीरा गैस एजेंसी शिमला बाईपास रोड के सिलेंडर जब्त करते हुए गैस एजेंसी स्वामी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

प्रशासन के अनुसार, जिलाधिकारी को शिकायत मिली कि हीरा गैस एजेंसी द्वारा जिला प्रशासन के होम डिलीवरी सम्बन्धी आदेश की अहवेलना करते हुए उपभोक्ताओं को एजेंसी से ही गैस सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं, जिससे भारी भीड़ लग गई है तथा कानून व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ने की संभावना है।

जिलाधिकारी ने तत्काल गैस एजेंसी पर कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार क्यूआरटी सहित मौके पर पंहुचे। हीरा गैस सर्विस, नया गांव पेलियो द्वारा होम डिलीवरी न करते हुये घरेलू गैस सिलेंडर का वितरण गैस गोदाम में ट्रक के माध्यम से किया जा रहा था। इस संबंध में थाना पटेल नगर पर सम्बन्धित गैस एजेन्सी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (यथा संशोधित), आपदा प्रबन्धन अधिनियम-2005 एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत वाद दर्ज कराया। जब्त किए सिलेंडरों की नियमानुसार उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी की जाएगी।

# नवोदय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

संवाददाता, रामनगर

- प्रदेश में 110 परीक्षा केंद्रों पर कराया गया आयोजन

**अमृत विचारः** प्रदेश के समस्त राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा तथा कक्षा 7, 8, 9 और 11 में प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को प्रदेश के विभिन्न विकासखंडों में बनाए गए 110 परीक्षा केंद्रों पर कराया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारु ढंग से संपन्न हुई।

कक्षा 6, 7 और 8 की परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक तथा कक्षा 9 और 11 की परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक आयोजित की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक पर्यवेक्षक की तैनाती की गई थी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि परीक्षा 13 जनपदों के 95 विकासखंडों में बनाए गए 110 केंद्रों पर संपन्न हुई। कक्षा 6 में 18,658 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 16,069 ने परीक्षा दी जबकि 2,589 अनुपस्थित रहे। कक्षा 7 में 751 में से 594, कक्षा 8 में 790 में से 660, कक्षा 9 में 811 में से 342 और कक्षा 11 में 94 में से 39 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा पूरे प्रदेश में पूरी शुचिता और गरिमा के साथ सम्पन्न कराई गई। जनपद स्तर पर मुख्य शिक्षा अधिकारियों और विकासखंड स्तर पर खंड एवं उप शिक्षा अधिकारियों ने मुख्य नियंत्रक अधिकारी के रूप में परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी निभाई।

# क्रिकेट लीगः 43 रन से जीती रायल राइडर पंजाब

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के क्रिकेट मैदान में रविवार को खेले गए मुकाबले में रायल राइडर पंजाब की टीम ने कोणार्क सूर्यास ओडिशा को 43 रन से हरा दिया। टीम की जीत में अफगानिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद शहजाद की अहम भूमिका रही। उन्होंने 35 गेंदों में एक छक्का और पांच चौकों की मदद से 41 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक स्कोर किया।

मुकाबले में कोणार्क सूर्यास ओडिशा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और रायल राइडर पंजाब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। असगर अफगान की कप्तानी में उतरी पंजाब की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 156 रन बनाए। कप्तान असगर अफगान ने 10 गेंदों में एक छक्के की मदद से 9 रन बनाए, जबकि थिसारा परेरा ने नौ गेंदों में एक छक्का लगाकर 11 रन का योगदान दिया। 157 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोणार्क सूर्यास ओडिशा की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान जर्मेन ब्लैकवुड मात्र 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फैज अहमद खान ने 10 गेंदों में दो चौकों की मदद से 15 रन बनाए, लेकिन ऋषि धवन ने उन्हें रन आउट कर दिया। टीम की ओर से मोर्ने वान ने संघर्षपूर्ण अर्धशतकीय पारी खेली।

उन्होंने 38 गेंदों में दो छक्के और पांच चौके लगाकर 51 रन बनाए। हालांकि उनके प्रयास के बावजूद पूरी टीम 113 रन पर सिमट गई और रायल राइडर पंजाब ने मुकाबला 43 रन से अपने नाम कर लिया।



रायल राइडर पंजाब और कोणार्क सूर्यास ओडिशा के बीच हुआ पांचवा मैच।

### धोनी और विराट की टी-शर्ट पहन मैच देखने पहुंचे दर्शक

मैच के दौरान कई दर्शक अपने पसंदीदा क्रिकेटरों की टी-शर्ट पहनकर मैदान पहुंचे। दर्शकों में कुछ लोग महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नाम व नंबर वाली टी-शर्ट पहनकर स्टेडियम में नजर आए। क्रिकेट प्रेमियों ने पूरे उत्साह के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और मैच का आनंद लिया।

### दर्शन बोले, हमें सुरेश रैना और क्रिस गेल का इंतजार

हल्द्वानी : मैच देखने पहुंचे दर्शक दर्शन ने बताया कि उन्हें इस टूर्नामेंट में बड़े खिलाड़ियों के आने का इंतजार है। उन्होंने कहा कि वे खास तौर पर सुरेश रैना और क्रिस गेल को मैदान पर खेलते हुए देखना चाहते हैं। उनका कहना था कि अगर ये खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं तो दर्शकों की संख्या भी काफी बढ़ सकती है।

# दो पुलिस अफसरों पर कार्यवाही की संस्तुति

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मकान में लूटपाट और उसे ढहाने के मामले में नहीं की कार्यवाई

**अमृत विचारः** नौसेना के एक पूर्व अधिकारी की विधवा के मकान में कथित लूटपाट और उसे ढहाये जाने की घटना में तत्काल कार्रवाई न करने को लेकर राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण ने आईपीएस अधिकारी जन्मेजय खंडूरी सहित दो पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है।

सेवानिवृत्त न्यायाधीश एनएस धानिक की अध्यक्षता वाले प्राधिकरण ने इस सप्ताह जारी आदेश में कहा कि जनवरी 2022 में देहरादून के क्लेमेंटाउन क्षेत्र स्थित पूर्व अधिकारी के मकान में हुई लूटपाट और उसे ढहाये जाने की घटना के मामले में तत्कालीन एसएसपी देहरादून जन्मेजय खंडूरी और क्लेमेंटाउन थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष नरेंद्र गहलावत के स्तर पर घोर लापरवाही बरती गई। प्राधिकरण के अनुसार, इस लापरवाही के कारण शिकायतकर्ता कुसुम कपूर को आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से गंभीर क्षति पहुंची, जिससे उनके मानवाधिकारों का भी उल्लंघन हुआ। प्राधिकरण ने आदेश में कहा कि दोनों अधिकारियों को मकान में हुई लूटपाट और उसे ढाए जाने की कार्रवाई को न रोकने और इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज न करने का दोषी पाया गया। आईपीएस खंडूरी वर्तमान में एनसीआरबी में प्रतिनियुक्ति पर हैं।

## अंतरिक्ष की दुनिया

### नग्न आंखों से देखा जा सकेगा, कहर से बचा तो निखरेगी आसमान की खूबसूरती

# सूर्य के ताप से जंग लड़ने आ रहा धूमकेतु

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** एक ऐसा धूमकेतु आपको जल्द ही फलक पर नग्न आंखों से नजर आएगा जो सूरज के ताप से जंग लड़ने के लिए हमारे करीब आ रहा है। आगामी 4 अप्रैल को यह सूर्य के करीब से गुजरेगा। अगर यह सूरज के कहर से बच गया तो इसकी खूबसूरती आसमान के सौंदर्य को भी बढ़ा देगी।

दरअसल, धूमकेतुओं की अपनी अनोखी दुनिया है। ये हमारे सौर मंडल के अंतिम छोर के सदस्य होते हैं, जो हमारे ग्रहों की तरह सूर्य की परिक्रमा करके वापस लौट जाते हैं।

धूमकेतु का बाहरी आवरण बर्फ का होता है और भीतर से ठोस चट्टान के बने होते हैं। सूर्य के करीब पहुंचने पर बर्फ पिघलने लगती है और पीछे से गैस और स्ट्रीम की पूंछ निकलनी शुरू हो जाती है, जो आगे चलकर लाखों किमी हो जाती है। इनकी पूंछ निकलने आने के कारण इन्हें पुच्छल तारा भी कहा जाता है।

**संभव है कि सूर्य इसे जला डालेः** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार, यह सूर्य के बेहद करीब से होकर गुजरने जा रहा है। सूर्य से यह दूरी बहुत कम है, जिस कारण संभव है कि सूर्य के ताप में नष्ट हो जाए।

यदि यह बच निकला तो इसकी चमक में अधिक निखार आ जाएगा, तब यह देखने में बेहद सुंदर नजर आएगा। बहरहाल इसके पास आने का बेसब्री से इंतजार है।



**04** अप्रैल को सूर्य के करीब से गुजरेगा चमकीला धूमकेतु

**600** गुना वृद्धि हो चुकी है इसकी चमक में

### 600 गुना बढ़ गई ढाई माह में चमक

अब हमारे करीब आ रहे धूमकेतु सी/2026( एमएपीएस) को इसी वर्ष 13 जनवरी को फ्रेंच खगोलशास्त्रियों ने खोजा था। तब यह काफी धुंधला नजर आ रहा था और हमसे करीब 308 मिलियन किमी दूर था। इसे साधारण दूरबीन से देख पाना भी आसान नहीं था। अब यह हमारे काफी नजदीक पहुंच रहा है तो छोटी दूरबीन से भी इसे देखा जा सकता है। 4 अप्रैल को यह सूर्य के करीब पहुंचेगा तो इसे नग्न आंखों से भी देखा जा सकेगा। जनवरी से अभी तक इसकी चमक में 600 गुना वृद्धि हो चुकी है। यह सूर्य के 1.6 लाख किमी की दूरी से गुजरेगा। कुछ दिनों बाद इसकी चमक 3 से 4 मैग्नीट्यूड तक पहुंच जाएगी तब इसकी लंबी पूंछ निकल आएगी और बेहद सुंदर नजर आएगा।

# दुर्घटना में घायल इंस्पेक्टर की मौत

**देहरादूनः** राजधानी में स्थानीय गोपनीय इकाई (एलआईयू) में नियुक्त इन्स्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार मलिक का शनिवार देर रात निधन हो गया। पिछले दिनों वह रुड़की में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। उपचार के दौरान मेरठ के एक अस्पताल में आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस विभाग में शोक व्याप्त हो गया। मलिक के निधन पर एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा दुख की इस घड़ी में शोक संतृप्त परिवार को धैर्य व शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की। उल्लेखनीय है कि दिवंगत मलिक अपने सौम्य तथा शालीन व्यवहार के लिए पहचाने जाते थे। वे वर्ष 1989 में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे वर्ष 2025 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए थे।

# नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को घेरा

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** भराड़ीसैंण में बजट सत्र की समाप्ति के बाद नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने रविवार को विधानसभा देहरादून में पत्रकार वार्ता में कई ज्वलंत मुद्दों के साथ ही राज्य के बजट को लेकर सरकार को घेरा।

उन्होंने आरोप लगाया कि, उत्तराखंड में शासन-प्रशासन की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। प्रदेश में भ्रष्टाचार अब अपवाद नहीं बल्कि शिष्टाचार बनता जा रहा है। सरकार भले ही जीरो करप्शन का नारा देती हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि भर्ती, ठेकों, योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानांतरण तक हर स्तर पर भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आ रही हैं। यह भी आरोप लगाया कि, कई मामलों में शिकायतें मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचने के बावजूद समयबद्ध कार्रवाई नहीं होती, जिससे जनता के बीच यह संदेश जाता है कि भ्रष्टाचार करने वालों को संरक्षण मिल रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2018 से 2024 के बीच विभिन्न योजनाओं में वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर मामले सामने आए हैं। देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना, बिजली व्यवस्था, खनन और अन्य विभागों में वित्तीय कुप्रबंधन के उदाहरण राज्य की वित्तीय स्थिति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं।

उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर भी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि, वर्ष 2022 के बाद आपराधिक घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कहा कि जब राजधानी में ही अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हों, तो प्रदेश की जनता में असुरक्षा की भावना स्वाभाविक है। महिला अपराधों, साइबर अपराधों और गंभीर आपराधिक घटनाओं के बढ़ते आंकड़ों पर भी उन्होंने सरकार से जवाब मांगा। आरोप लगाया कि, कई मामलों में पीड़ित न्याय के लिए भटकते रहते हैं और पुलिस की निष्पक्षता व प्रशासनिक जवाबदेही पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं।



- विधानसभा देहरादून में की प्रेस वार्ता, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, बजट को लेकर उठाए सवाल

## सिटी ब्रीफ

### पति से विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दी

**हल्द्वानी :** कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र के राजपुरा में रहने वाली एक महिला ने पति से विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि 24 वर्षीय पिंकी राजपुरा में गौला किनारे किराए के एक भवन में किराए पर रहती थी। पति राजकुमार मजदूरी करता है। आरोप है कि शनिवार रात पति-पत्नी का किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद पति बाहर चला गया और इस दौरान पिंकी ने पंखे से फंदा कसकर जान दे दी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मृतका का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सात घंटे बिजली गुल

**हल्द्वानी :** कमलुवागांजा बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में रविवार को सात घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। लाइन मेंटेनेंस के चलते सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक ऊंचापुल और हरिनगर फीडर से जुड़े इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रही। दिन में लंबे समय तक बिजली गुल रहने से क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खासकर गर्मी और जरूरी कामकाज प्रभावित होने से लोगों में नाराजगी भी देखी गई। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके गुप्ता ने बताया कि रोस्टर के अनुसार बिजली लाइनों का मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य शुरू करने से पहले उपभोक्ताओं को इसकी पूर्व सूचना भी दी जाती है।

### सटोरिया गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस को गश्त के दौरान शनिवार को गौला पार्किंग कट के पास यात्री विश्राम गृह के नजदीक कुछ लोग संदिग्ध रूप से खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही भीड़ भागने लगी, जिसमें से एक युवक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम शंकर गुप्ता (19 वर्ष) निवासी आंवला चौकी के पास, गौलागेट बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, गत्ता, पेन और कुल 1550 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में युवक ने सट्टे की खाई-बाड़ी करने की बात स्वीकार की। बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 13जी जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सरोवर नगरी में ओलावृष्टि, मैदान में आंधी-बारिश, लौटी ठंड

## अचानक बदला मौसम, पहाड़ से लेकर तराई भाबर में गरज-चमक के साथ बरसा पानी, ठंड से बचाव को हीटर का लिया सहारा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** सरोवर नगरी में रविवार को मौसम ने करवट बदल ली। सुबह के समय जमकर ओलावृष्टि हुई, जबकि हल्की बारिश पूरे दिन रुक-रुक जारी रही। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों की भी खराब मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है।

नगर में सुबह के समय नगर के ऊपरी हिस्सों में जमकर ओलावृष्टि हुई। इस दौरान सड़के सफेद हो गई। बारा पत्थर, स्नो व्यू, हिमालय दर्शन और मल्लीताल जमकर ओले बरसे। इसके बाद वर्षा शुरू हो गई, जो रुक रुक कर पूरे दिन होते रही। मौसम विभाग ने हल्की बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन अपेक्षा के विपरीत बारिश पूरे दिन जारी रही। वर्षा के कारण पर्यटन गतिविधियां प्रभावित हुई। वर्षा के दौरान नौकायन ठप रहा तो ऊंची चोटियों की सैर पर गए सैलानियों को परेशानी हुई।

खराब मौसम के कारण ठंड लौट आई है। लोगों को हीटर का सहारा लेना पड़ा। गर्म कपड़ों के साथ टोपी मफलर पहनने को मजबूर होना पड़ा। शाम चार बजे मौसम खुल गया और धूप निकल आई। मगर घने बादल आसमान में डेरा डाले हुए थे। मौसम विभाग के अनुसार शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बदला है। जिसका प्रभाव आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। सोमवार को भी इसका अच्छा असर देखने को मिल सकता है, जबकि मंगलवार को कम रहेगा। इसके बाद पुनः मौसम में तब्दीली आने की संभावना है। लिहाजा 32 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों हिमपात होगा और निचले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 24 व न्यूनतम 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वर्षा 6 मिमी हुई।



नैनीताल में रविवार सुबह ओलावृष्टि से सफेद हुई सड़क। ● अमृत विचार

**24** अधिकतम व न्यूनतम 10 .5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड

### बूंदाबांदी होने से मौसम में गिरावट

**भीमताल :** भीमताल व आसपास के क्षेत्र में रविवार की सवेरे से ही हल्की-फुल्की बूंदाबांदी होती रही। जिसके चलते विभिन्न स्थानों में लगे तापमान उपकरणों में यह गिरावट 4 से 5 डिग्री सेंटीग्रेड की दर्ज की गई। जहां शनिवार को दिन में तापमान 17 से 20 डिग्री सेंटीग्रेड था वहीं रविवार को यह तापमान 12 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इधर मौसम में ठंडा होने के कारण और रविवार होने के कारण अधिकांश लोग घरों में ही रहे जिसके चलते बाजार भी सुनसानी रही।



नैनीताल में बारिश से बचने के लिए छाता लिए पर्यटक। ● अमृत विचार



रामपुर रोड स्थित देवलचौड़ के पास सड़क में हुआ हल्का जल भराव।

# चढ़ते पारे पर लगा ब्रेक, सर्दी ने लिया यू-टर्न

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मैदान में 8.5 तो पहाड़ में 14 डिग्री तक गिरा पारा
- बारिश के कारण मैदान से लेकर पहाड़ों तक बदल गया मौसम

**अमृत विचारः** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण जहां पूरे राज्य का मौसम बदल गया वहीं, नैनीताल जिले में इसका व्यापक असर देखने को मिला। पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश हुई है। पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी हुई है। मार्च में चढ़ रहे पारे में अचानक से ब्रेक लगा है और ठंड की एक बार फिर से वापसी हो गई है।

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ और बादलों के साथ बारिश भी शुरू हो गई। हल्द्वानी में पिछले एक सप्ताह से पारा लगातार 32 डिग्री के पास पहुंच गया तो वहीं रविवार को पारे में करीब साढ़े आठ डिग्री तक की गिरावट आई। अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री तक पहुंच गया। पूर्वान्ह के समय तेज हवा भी चली और बीच-बीच में बारिश भी होती रही। अचानक से फिर से गर्म कपड़े निकल गए।



रविवार को हुई बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर जाते लोग। ● अमृत विचार

### सेब के लिए वरदान है बारिश, गेहूं भी सुरक्षित

**हल्द्वानी :** मार्च में हो रही बारिश सेब की फसल के लिए आमतौर पर वरदान साबित होती है, क्योंकि यह फूल आने से पहले नमी बनाए रखती है और मिट्टी की उर्वरता में सुधार करती है। शशबनी निवासी डूंगर सिंह ने बताया कि इस बार बर्फबारी भी हुई है। ऐसे में सेब के अच्छे उत्पादन की उम्मीद है। साथ ही मैदानी इलाकों में अभी गेहूं की फसल तैयार नहीं है ऐसे में हल्की बारिश से उसे नुकसान नहीं होगा।

इधर मुक्तेश्वर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। 12 मार्च को पारा 25.1 डिग्री तक पहुंच गया था तो वहीं रविवार को यहां पारा 9.9 डिग्री तक ही पहुंचा। पहाड़ों में अधिकतम तापमान में 14 डिग्री तक की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार सोमवार को भी इसी तरह से मौसम बना रहेगा। बारिश होने का पूरा अनुमान है। पहाड़ों में फिर से तापमान में गिरावट आएगी।

### वायरल इंफेक्शन का खतरा फिर बढ़ेगा

**हल्द्वानी :** डॉक्टरों के अनुसार इस तरह के मौसम में वायरल इंफेक्शन बढ़ता है और सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीज बढ़ जाते हैं। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि गर्मी के बाद अचानक ठंड आ गई और जब बारिश रुकेगी तो फिर से गर्मी आ जाएगी। ऐसा मौसम वायरल इंफेक्शन का कारण बनता है। इसलिए लोग बारिश में भीगने से बचें और साथ ही दिक्कत होने पर डॉक्टर को दिखाएं।

# जाती हुई बारिश दे रहे फसलों को फायदा

संवाददाता, धानाचूली

- किसानों ने कहा, धानाचूली क्षेत्र में बारिश से मटर, आलू और गेहूं को पर्याप्त नमी मिलेगी

**अमृत विचारः** क्षेत्र में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और करीब 11 बजे के आसपास हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। दोपहर लगभग 2:30 बजे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिससे क्षेत्र में एक बार फिर ठंड का एहसास बढ़ गया। मार्च के महीने में ठंड लौटने से लोगों को फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़े और कई लोग स्वेटर, टोपी व जैकेट पहने नजर आए।

कृषि विशेषज्ञों और स्थानीय किसानों के अनुसार यह हल्की बारिश खेती के लिए लाभकारी मानी जा रही है। इससे मटर, आलू, गेहूं तथा अन्य फल-फूल वाली फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद है। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की ओलावृष्टि की सूचना भी मिली है, लेकिन फिलहाल किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इधर रविवार को आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के कारण विद्यार्थियों को भी ठंड और बारिश का सामना करना पड़ा। धारी विकासखंड के धानाचूली स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां बारिश के बीच छात्र परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा समाप्त होने के बाद भी बारिश जारी रही, जिससे छात्र भीगते हुए घरों को लौटे।

# मुखानी में ताला तोड़कर चोरी, मुकदमा दो माह बाद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 50 हजार की नगदी और चांदी के आभूषण ले गए चोर
- एक चोरी के खुलासे के बाद तहरीर लेकर पहुंचा पीड़ित

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं। एक और मामले में चोरों ने घर का ताला तोड़ कर हजारों रुपए की नगदी और चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। ये घटना दो माह पुरानी है और पीड़ित भी तब पुलिस के पास तहरीर लेकर पहुंचा जब उसे एक चोरी के खुलासे की सूचना मिली।

सत्यानंद कालोनी मुखानी निवासी ललित सिंह पुत्र नन्दन सिंह ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से अल्मोड़ा के रहने वाले हैं। बीती 10 जनवरी को वह परिवार के साथ अपने गांव अल्मोड़ा घए थे। वह परिवार के साथ 16 जनवरी को वापस लौटने वाले थे, लेकिन 15 जनवरी की रात करीब 3 बजे उनके पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उनके घर का ताला चोरों ने तोड़ दिया है। आनन-फानन में ललित परिवार के साथ वापस घर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चोर उनके घर से 50 हजार रुपए की नगदी और चांदी के आभूषण ले गए हैं।

पुलिस ने जब उनसे इतनी देर से तहरीर देने की वजह पूछी तो उन्होंने बताया कि घटना के बाद उन्होंने थाने में मौखिक सूचना दी थी, लेकिन जब उन्हें पता चला कि पुलिस ने हाल ही में एक चोरी का खुलासा किया है तब उन्होंने लिखित सूचना दी। थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर शातिरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### चोरों ने तोड़ा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का ताला

**हल्द्वानी :** चोरगलिया थानाक्षेत्र के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का ताला चोरों ने तोड़ दिया। पुलिस को दी तहरीर में वसंतपुर किशनपुर गौलापार निवासी आशीष बेलवाल पुत्र भैरव दत्त ने बताया कि मंदिर किशनपुर चौराहे पर स्थित है। बीती 13 मार्च की रात चोर मंदिर के गेट का ताला तोड़ कर अंदर दाखिल हुए और दानपात्र में रखे 15 सौ रुपए और तांबे का कलश चोरी कर लिया। थानाध्यक्ष हरपाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही है।

# चाकूबाजी में घायल युवक ने दम तोड़ा

**हल्द्वानी :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास 5 मार्च को सरेआम हुई चाकूबाजी की घटना में घायल युवक की मौत हो गई। उसके पेट में चाकू से दो हमले किए गए थे। पुलिस इस मामले में पहले ही मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

वार्ड नंबर 13 कुष्ठ आश्रम के पास राजपुरा निवासी बच्ची देवी पत्नी किशोर राम ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना की शाम 18 वर्षीय हेम आर्या अपनी मित्र आनंदपुरी फेज 2 मुखानी निवासी गीता उर्फ खुशी पुत्री दानिश को लेने काठगोदाम था। दोनों रेलवे स्टेशन के पास खड़े थे कि तभी हेम के पेट में चाकू घोंप दिया गया। हेम को पहले बेस ले जाया गया। बेस से एसटीएट, एसटीएच से उसे राममूर्ति रेफर कर दिया। राममूर्ति से जवाब मिला तो वापस उसे एसटीएच लाया गया, जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा, जिसमें एक नाबालिग है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ होगी। यदि चाकू के हमले से मौत की बात सामने आती है तो मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम किया जाएगा। पुलिस के अनुसार मामले को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

# ज्योति एसटीएच रेफर, पुरानी शिकायतें निकालेगी पुलिस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** ब्लॉगर ज्योति अधिकारी को नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल से एसटीएच रेफर कर दिया गया। जान देने जंगल पहुंची ज्योति ने पुलिस पर उनकी शिकायतों पर गौर न करने का आरोप लगाया था। पुलिस अब उनकी दी गई सभी शिकायतों को निकाल कर जांच कर रही है।

बता दें कि डहरिया निवासी ब्लॉगर ज्योति पर कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं। 9वें मुकदमे की जानकारी मिलते ही ज्योति इतनी आहत हुई कि उन्होंने जान देने का फैसला कर लिया और शीतला माता मंदिर के जंगल में पहुंच गई। इससे पहले उन्होंने लाइव वीडियो बनाकर आत्महत्या करने और पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया था। हालांकि वह खुदकुशी में कामयाब हो पाती, इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें बचा लिया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि ज्योति ने पूर्व में जो भी शिकायतें दी हैं, उन्हें निकलवाया जा रहा है।



एसटीएच में भर्ती ब्लॉगर ज्योति अधिकारी।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- शनिवार रात सीआरपीएफ कैंप के पास बोलेरो ने मारी टक्कर
- रिश्ते का भाई घायल, रामपुर लौट रहे थे बाइक सवार दोनों युवक

**अमृत विचार :** भीमताल की ओर से अपने घर रामपुर लौट रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार सरकारी बोलेरो ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों रिश्ते के भाई थे। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले सरकारी वाहन को कब्जे में ले लिया है। जबकि चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नई बस्ती, बमनपुरी, नुरानी मस्जिद बस्ती, रामपुर सिटी निवासी मो.यासीन (42वर्ष) पुत्र स्व. इश्तियाक हुसैन अपने फुफेरे भाई नरपतनगर रामपुर निवासी मो.उमर (45 वर्ष) किसी काम से भीमताल गए थे। दोनों बाइक पर सवार थे और बीते शनिवार को दोनों वापस रामपुर लौट रहे थे।

बाइक सवार दोनों युवक अभी काठगोदाम-गौलापार बाईपास स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास पहुंचे थे कि तभी एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। जोरदार टक्कर में यासीन और उमर बुरी तरह घायल हुए। आनन-फानन में पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने यासीन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले को कब्जे में ले लिया है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने यासीन के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले में यासीन के भाई मो.रफी ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर सौंपी है। उन्होंने बताया कि गौलापार बाईपास पर बोलेरो हल्द्वानी से काठगोदाम की ओर जा रही थी और सीआरपीएफ कैंप के पास एक बस को ओवरटेक करने के दौरान बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। बोलेरो पर उत्तराखंड सरकार लिखा था। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि तहरीर में दर्ज वाहन संख्या यूके 07जीए 5218 के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पेंशन के लिए बहू ने सास को पीटा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बहू की पिटाई से 75 वर्षीय सास की आंख के पास आई चोट

**अमृत विचार :** विधवा सास की पेंशन हड़पने के लिए बहू ने उसे बुरी तरह पीट कर लहूलुहान कर दिया। मारपीट में सास की आंख फूटते बची। घटना के बाद सास ने बहू पर कार्रवाई के लिए एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी के दखल पर पुलिस ने आरोपी बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मल्ला गोरखपुर नवाबी रोड निवासी लीला देवी (75 वर्ष) पत्नी स्व.भैरव दत्त ने एसएसपी को दी तहरीर में बताया कि वह पिछले 32 वर्षों से वह अपनी देवरानी के साथ रह रही हैं। उनके पति भैरव दत्त सेना में थे और वर्ष 1976 में बॉर्डर के पास झेलम नदी पार करते समय वीरगति को प्राप्त हो गए थे। लीला देवी की कोई संतान नहीं है और वर्तमान में उनकी देवरानी ही उनका सहारा हैं। आरोप है कि बीती 10 मार्च को बहू दीक्षा सनवाल ने घर में गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दी और फिर खुद ही पुलिस को सूचना दे दी। भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस और महिला हेल्पलाइन ने दोनों पक्षों को समझाकर घर भेज दिया। पुलिस के जाने के बाद दीक्षा सनवाल ने फिर से झगड़ा शुरू कर दिया और मारपीट की, जिससे लीला देवी की आंख के पास गंभीर चोट लग गई। लीला का बेस अस्पताल में उपचार कराया गया। पीड़िता का आरोप है कि बहू अक्सर पेंशन के पैसे देने और पेंशन अपने नाम कराने का दबाव बनाती है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देती है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**परंपरा** | पहाड़ों पर आया भिटौली का महीना, बहनों के घर पहुंचने लगी मिठास

# ओ चैता की चैतवाल्या, भिटौली लेई आया . . .

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** चैत्र का महीना उत्तराखंड की संस्कृति में केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के अटूट प्रेम और पुनर्मिलन का उत्सव भी है। देवभूमि में भिटौली के महीने की शुरुआत हो चुकी है। घर-आंगन में बुरांश और फ्योंली के खिलते ही विवाहित बहनों की आंखें मायके से आने वाली भिटौली की राह ताकने लगी हैं। भाइयों ने भी अपनी बहनों के घर सौगातों के साथ पहुंचना शुरू कर दिया है।

दरअसल, ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी भाई मीलों पैदल चलकर अपनी बहन के घर भिटौली पहुंचाने की परंपरा को पूरी शिद्दत से निभा रहे हैं। ओ चेता की चैतवाल्या, भिटौली लेई आया... लोकगीतों की इन पंक्तियों के साथ पहाड़ के गांवों में भिटौली का उल्लास साफ देखा जा सकता है। भिटौली केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रिश्तों के सम्मान और सामाजिक जुड़ाव का पर्व है।

बहनों के लिए विशेष तौर पर खजूर और अर्से (पारंपरिक पहाड़ी मिठाइयां), पूरी-कचौड़ी और चावल के विशेष पकवान तैयार कर भाइयों ने बहनों के घर ले जाए जा रहे हैं। पकवानों की यह मिठास रिश्तों की कड़वाहट को दूर कर आपसी प्रेम को और गहरा बना रही है।

भिटौली का यह पर्व उत्तराखंड की उस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, जो नारी के प्रति सम्मान और परिवार के जुड़ाव को दर्शाता है। चैत्र के इस महीने में पहाड़ों के गांव से लेकर शहरों की गलियों तक भिटौली की रौनक देखी जा रही है।



एआई प्रतीकात्मक फोटो।

### पर्व पर महिलाओं को अंगवस्त्र व मेहंदी भेंट

**हल्द्वानी :** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की ओर से लोक पर्व भिटौली के अवसर पर वैवाहिक महिलाओं को अंगवस्त्र और मेहंदी भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम संस्था की मार्गदर्शिका पूर्णिमा रजवार के नेतृत्व में आयोजित हुआ। पूर्णिमा रजवार ने कहा कि भिटौली उत्तराखंड का प्रमुख सांस्कृतिक पर्व है, जो भाई-बहन के स्नेह और मायके से बेटी के जुड़ाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पारंपरिक त्योहारों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ती है। इस दौरान लता पंत, मीना मिश्रा, नीता रौतेला, ममता रावत, गीता जोशी, दीपा रावत, पुष्पा सुयाल और आशा रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जर्जर सड़क से जोखिम, लोग परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामपुर रोड पर सीवर लाइन बिछाने के बाद की गई सड़क मरम्मत में लापरवाही के चलते वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली से पहले सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा गया था। काम पूरा होने के बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क को दोबारा बनाया गया, लेकिन निर्माण मानकों के अनुसार नहीं होने से सड़क पर चलना दूभर हो गया है। खासतौर पर वोक्सवैगन शोरूम के पास सड़क का एक हिस्से को अधूरा छोड़ दिया गया है। यहां सड़क उखड़ी हुई है और मैनहोल सड़क से ऊपर उठा हुआ है, जिससे वाहन चालक जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हैं। दोपहिया वाहन चालक आए दिन यहां फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।

सड़क की खराब हालत के कारण कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन जाती है, जिससे आम लोगों के साथ ही स्थानीय दुकानदारों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि रामपुर रोड पर शुभ-लाभ रिटेल मॉल से लेकर सिंधी चौराहे तक सीवर लाइन बिछाई गई थी। इसके बाद सड़क का निर्माण किया गया, लेकिन सड़क समतल नहीं बनाई गई और कई जगह पर मैनहोल सड़क से ऊपर उठे हुए हैं।



रामपुर रोड का हाल। ● अमृत विचार

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# फ्योंली, बुरांश के फूलों संग बच्चों ने घर-घर किया देहरी पूजन

## धूमधाम से मनाया गया फूलदेई पर्व, हर घर से बच्चों को मिला गुड़, चावल का उपहार, बच्चों के रूप में देवतुल्य शक्तियों के द्वार पर आने की मान्यता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** चैत्र मास की संक्रांति के साथ ही रविवार को देवभूमि उत्तराखंड के पहाड़ों और मैदानों में लोक पर्व फूलदेई का त्योहार मनाया गया। बसंत के आगमन का स्वागत करते हुए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फूलदेई, छम्मा देई, दैणी द्वार, भर भकार के पारंपरिक गीतों के साथ हर घर की देहरी पर दस्तक दी।

फूलों की इस महक और बच्चों की मासूमियत ने पूरे वातावरण को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। सुबह होते ही बच्चे अपनी रिंगाल की टोकरियों और थालियों में फ्योंली, बुरांश, बासिंग और सरसों के ताजे फूलों को लेकर घरों से निकल पड़े।

परंपरा के अनुसार, बच्चों ने गांव और मोहल्लों के हर घर की चौखट पर फूल बिखेरे और घर की सुख-समृद्धि की कामना की। इन पारम्परिक पंक्तियों फूलदेई, छम्मा देई, दैणी द्वार, भर भकार, यो देली सौं बार नमस्कार के साथ बच्चों ने यह संदेश दिया कि प्रकृति और इंसान का रिश्ता अटूट है।


फूलदेई मनाता बच्चा।

**• चौखट पर फ्योंली और बुरांश के फूल, उत्तराखंड में हर्षोल्लास के साथ मना फूलदेई**

फूलदेई के इस पावन अवसर पर घर के बड़ों ने बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया। पुरानी परंपरा को निभाते हुए हर घर से बच्चों को उपहार स्वरूप गुड़, चावल, सूजी, शक्कर और भेंट (पैसे) दिए गए। मान्यता है कि बच्चों के रूप में स्वयं देवतुल्य शक्तियां द्वार पर आती हैं।


देहरी पूजन को पहुचें बच्चे। ● अमृत विचार

शाम को इन्हीं एकत्रित किए गए चावलों और गुड़ से विशेष तौर पर 'सई' (एक पारंपरिक पकवान) बनाया गया, जिसे प्रसाद के रूप में पूरे परिवार और आस-पड़ोस में बांटा जाता है। चैत्र के महीने में जब पहाड़ बुरांश की लाली और फ्योंली के पीले रंग से सज जाते हैं, तब यह पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव की खुशबू फैलाता है। इस पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह रहा।


रामनगर में कांग्रेस कार्यालय में फूल देई पर्व मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

### हर्षोल्लास के साथ मनाया लोकपर्व फूलदेई

**नैनीताल :** नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में रविवार को फूलदेई का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह छोटे बच्चों ने घर-घर जाकर पारंपरिक गीत गाते हुए सभी की सुख समृद्धि के लिए देहली पूजन किया। बच्चे 'फूलदेई छम्मा देई, दैणी द्वार भर भकार, ये देलिस बारंबार नमस्कार' गीत गाते नजर आए।आचार्य प्रकाश जोशी ने बताया कि फूलदेई का त्योहार चैत्र मास की प्रथम गते को मनाया जाता है। फूलदेई के दिन रिंगाल की टोकरी में प्योली, बुरांस, बासिंग, आड़ू, खुमानी, मेहल आदि अनेक प्रकार के फूलों को इकट्ठा कर सुबह नहा धोकर घर-घर जाकर लोगों की सुख समृद्धि के लिए पारंपरिक गीत गाते हुए देहली का पूजन करते हैं।गीत गाते हुए बच्चों को लोग इसके बदले दाल, चावल, गुड, घी और दक्षिणा देते हैं।

### कांग्रेस कार्यालय में भी बच्चों ने किया देहरी पूजन

**रामनगर :** उत्तराखंड के लोकपर्व फूलदेई का पर्व जगह-जगह हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कांग्रेस कार्यालय रामनगर में भी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने घर-घर पहुंचकर देहली की पूजा फूल बरसा कर की। कांग्रेस कार्यालय रामनगर में पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में पर्व मनाया गया। रणजीत रावत ने कहा कि विलुप्त होती लोक संस्कृति को भावी पीढ़ी को अवगत कराना हमारी जिम्मेदारी है ताकि भविष्य में बच्चे अपनी जड़ों को समझकर इस परम्परा की जीवित रखे। कार्यक्रम में संख्या में बच्चों ने कार्यालय पहुंचकर कार्यालय पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, अनिल अग्रवाल खुलासा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत मौजूद रहे।


मां अवंतिका कुंज देवी मंदिर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### मां अवंतिका कुंज देवी मंदिर कमेटी का गठन, लक्ष्मण खाती बने अध्यक्ष

**लालकुआं :** मां अवंतिका कुंज देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में मंदिर कमेटी का नया गठन किया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती को कमेटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नई कार्यकारिणी में भुवन पांडे को महामंत्री, धन सिंह बिष्ट, आनंद रजवार और कुंदन सिंह नेगी को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं रविंद्र यादव को कोषाध्यक्ष, ए.के. गुप्ता, नरेश चौधरी और नंदन राणा को मंत्री, कृष्ण भट्ट को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा सुरेंद्र सिंह लोटनी, रमाकांत पंत, हेमंत नरूला, कैलाश चंद्र पंत, पवन चौहान और राकेश गुप्ता को संरक्षक मनोनीत किया गया। उल्लेखनीय है कि मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूरन सिंह रजवार का गत माह आकस्मिक निधन हो गया था, जिसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित चंद्रशेखर जोशी, अभय तिवारी, कुंदन सिंह कनवाल, हरीश नैनवाल, संजीव शर्मा, अरुण जोशी, संजय म्यान, सुरेश बिष्ट, सभासद भुवन पांडे, योगेश उपाध्याय, हेमंत पांडे और ललित भट्ट सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## संस्कृति का संरक्षण करें होमस्टे संचालक

**धानाचूली :** मुक्तेश्वर क्षेत्र के लेटीबुंगा स्थित एक गेस्ट हाउस में मुक्तेश्वर होमस्टे एसोसिएशन का पांचवां वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई होमस्टे संचालकों ने भाग लेकर पर्यटन विकास, स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और होमस्टे व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की।

मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी धारी अंशुल भट्ट तथा विशिष्ट अतिथि पद्मश्री से सम्मानित पुरातत्वविद् डॉ. यशोधर मठपाल रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहन कार्की और शशि उनियाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल ने कहा कि होमस्टे संचालकों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय जीवनशैली का संरक्षण करते हुए पर्यटकों को उससे जोड़ना चाहिए।

# साहित्य और संगीत की बही बयार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** "सेलिंग विद स्टोरीज़" थीम के साथ आयोजित नैनीताल साहित्य सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर केंद्रित सत्रों, पुस्तक चर्चाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समृद्ध बौद्धिक माहौल देखने को मिला। दिनभर चले कार्यक्रमों में साहित्य, इतिहास, सिनेमा और समाज से जुड़े मुद्दों पर देश के प्रतिष्ठित लेखकों, चिंतकों और कलाकारों ने अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम की शुरुआत "हैव वी लर्न्ट द रॉंग लेसन्स फ्रॉम हिस्ट्री" विषय पर आयोजित चर्चा से हुई, जिसमें गुरचरण दास, सुभाषिनी अली, भूपेंद्र चौबे, जॉन जुब्रिस्की और पुष्पेश पंत ने इतिहास की समझ और उसके वर्तमान पर प्रभाव पर विचार रखे। इसके बाद लेखक अमिताभ बागची ने अपनी पुस्तक "अननोन सिटी" पर समीर संधीर के साथ चर्चा की। "पुरुषार्थस एंड लाइफ" सत्र में गुरचरण दास ने भारतीय दर्शन के चार पुरुषार्थ—धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—के संदर्भ में जीवन के संतुलन पर प्रकाश डाला। वहीं फिल्म निर्देशक विभुपुरी ने "फ्लाइट ऑफ फैंटेसी" सत्र में सिनेमा और कहानी कहने की प्रक्रिया पर अपने अनुभव साझा किए। शाम के सत्र "जब वी मेट ए रॉकस्टार" में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक इम्तियाज अली ने अपने सिनेमा और युवाओं की आकांक्षाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में "मेटफोर्स इन माइनॉरिटी कॉर्ड्स" कॉन्सर्ट में लाइफ ऑन लॉन बैंड के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


नैनीताल में चल रहा है साहित्य सम्मेलन में प्रस्तुति देते साहित्यकार इम्तियाज अली।


कांशीराम की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

### जयंती पर याद आए बसपा संस्थापक कांशीराम

**रामनगर :** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती पर डॉ. अंबेडकर समारोह समिति की ओर से नगर पालिका परिषद परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम समिति के संयोजक रेवीराम खेरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन दलित समाज के उत्थान और सामाजिक समानता के लिए समर्पित किया। उन्होंने समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को आगे बढ़ाने का सपना देखा और सामाजिक एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में लोगों ने कांशीराम की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन विनोद अंजान ने किया। इस अवसर पर किशोरी लाल, नंद राम, मदन राम, देव भारती, त्रिलोक टम्टा, प्रकाश शिल्पी, सगीर उद्दीन, आसिफ, एस.आर. टम्टा, सरस्वती खेरिया और आनंद प्रकाश सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भाषा को परिष्कृत करने पर दिया जोर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर शिक्षकों और बच्चों के लिए हिंदी भाषा शिक्षण पर दो दिवसीय कार्यशाला ज्योतिबा फुले-सावित्रीबाई फुले सायंकालीन स्कूल, सांवल्दे (पश्चिम) में शुरू हुई। कार्यशाला के पहले सत्र में शिक्षकों और विद्यार्थियों से उनके पढ़ने-लिखने के अनुभवों पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में एससीईआरटी के वरिष्ठ प्रवक्ता मदन पांडे मौजूद रहे। बातचीत विशेष रूप से भाषा सीखने के अनुभवों पर केंद्रित रही। प्रतिभागियों ने बताया कि बचपन में भाषा सीखने में परिवारजनों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि कुछ ने सीखने के दौरान भय महसूस होने की बात भी साझा की। इसके बाद मदन पांडे ने प्रतिभागियों से भाषा निर्माण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां कराईं, जिनमें किसी विषय पर एक वाक्य, दो-तीन वाक्य और एक मिनट तक लगातार बोलने जैसे अभ्यास शामिल रहे।



सायंकालीन स्कूल में वार्ता करते वरिष्ठ प्रवक्ता मदन पांडे। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि जब किसी विषय पर बोलने की चुनौती दी जाती है तो मस्तिष्क उसी अनुसार भाषा खोजने लगता है। उन्होंने कहा कि भाषा मनुष्य का आविष्कार है और स्कूलों में इसे सृजनात्मक तरीके से विकसित करने की आवश्यकता है। कार्यशाला संयोजक नवेंदु मठपाल ने "फुलदेई पर्व" पर चर्चा करते हुए इसे प्रकृति से जुड़ा लोकपर्व बताया।

कार्यशाला में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।


लेक सिटी वेलफेयर क्लब की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

### कविता बनीं लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष

**नैनीताल :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को गोवर्धन हाल में चुनाव अधिकारी रेखा त्रिवेदी की देखरेख में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन हुआ। नई कार्यकारिणी में कविता त्रिपाठी को अध्यक्ष, दीपा पांडे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दया कुंवर को कनिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रगति जैन को सचिव बनाया गया। रमा लोहनी को उपसचिव, रमा भट्ट को कोषाध्यक्ष तथा अनुराधा भट्ट को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। तुसी शाह को सांस्कृतिक सचिव और जया वर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर नई अध्यक्ष कविता त्रिपाठी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। बैठक में कविता गंगोला, विनीता पांडे, ज्योति दोदियाल, आशा पांडे, रेखा पैन्यूली, अमिता शेरवानी, मानसी गर्ग सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

**अवैध खनन** | शिकायत पर हरकत में आया प्रशासन, राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर की नापजोख

# बिल्डरों को बेचा जा रहा था गधेरे का पत्थर

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** धारी तहसील के धानाचूली क्षेत्र के जंगलों में अवैध खनन का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों और वन पंचायत की शिकायत के बाद राजस्व विभाग हरकत में आया और मौके का मुआयना किया गया। बताया जा रहा है कि धानाचूली के कंपार्ट संख्या-7 के गधेरे से अवैध रूप से पत्थर निकालकर बाहरी बिल्डरों और पूंजीपतियों को बेचने की तैयारी की जा रही थी।

ग्रामीणों का आरोप है कि जंगलों से रात के समय पत्थर निकालकर बाहरी क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों के लिए भेजा जा रहा था। इससे जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का भी खुलेआम दोहन हो रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए धानाचूली वन पंचायत ने इसकी शिकायत राजस्व विभाग से की। शिकायत के बाद धारी तहसील प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके का निरीक्षण कराया। तहसीलदार धारी मनीषा बिष्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने बताया कि जांच के लिए राजस्व उपनिरीक्षक निर्मल बोरा को मौके पर भेजा गया था। उपनिरीक्षक बोरा ने मौके पर पहुंचकर अवैध खनन की नापजोख की, जिसमें करीब 100 घन मीटर खनिज पाया गया। उक्त खनिज को अग्रिम आदेश तक वन पंचायत धानाचूली को सुपुर्द कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोगों की मिलीभगत से इस पत्थर को बाहरी बिल्डरों को बेचने की तैयारी थी


अवैध खनन का निरीक्षण करते राजस्व उपनिरीक्षक निर्मल बोरा, पंच धन सिंह व अन्य।

### कई क्षेत्रों में लंबे समय से चल रहा अवैध खनन

क्षेत्र में अवैध खनन का खेल लंबे समय से जारी होने के आरोप भी सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार सलियाकोट और ओखलकांडा क्षेत्र के कई स्थानों से रातों-रात अवैध खनन कर सैकड़ों घन मीटर पत्थर बाहर भेजे जा चुके हैं। आरोप है कि कुछ स्थानों पर पुलिस की मिलीभगत से यह कारोबार चल रहा है, जबकि पुलिस और वन विभाग कार्रवाई से कतराते रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक कुछ सफेदपोश नेताओं की शह पर यह खेल चल रहा है। अब देखना होगा कि पुलिस इस अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए कब प्रभावी कार्रवाई करती है।


रामनगर में कार्यकताओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# राष्ट्र सेवा के मूल मंत्र पर दिया जोर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीरूमदारा में भाजपा के "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने, सांगठनिक मजबूती और राष्ट्रसेवा के मूल मंत्र पर जोर दिया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रम में एकात्म मानववाद और अंत्योदय जैसे सिद्धांतों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान देवेंद्र ढेला (पूर्व जिला अध्यक्ष), खीमानंद शर्मा (सदस्य प्रदेश कार्यसमिति), दिनेश आर्य (दर्जा राज्य मंत्री), साकेत अग्रवाल (प्रदेश सह कोषाध्यक्ष), दिनेश मेहरा (पूर्व दर्जा राज्य मंत्री), प्रशांत वर्मा (प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी) एवं विजय मनराल (पूर्व मंडल अध्यक्ष, हल्द्वानी), मंडल अध्यक्ष बलदेव रावत निर्मला रावत ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति ओर भविष्य के कार्यक्रमों से भी अवगत कराया।

## सिटी ब्रीफ

### रश्मि सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित



**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रश्मि पंत को प्रेरणादायक शिक्षण, उत्कृष्ट प्रतिबद्धता और छात्रों के समग्र विकास के लिए किए गए समर्पित प्रयासों के लिए ग्लोबल फाउंडेशन, महाराष्ट्र की ओर से सर्वश्रेष्ठ शिक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा सहित सभी प्राध्यापकों ने डॉ. पंत को बधाई दी है।

### धार्मिक-साहसिक यात्रा का लिया निर्णय

**हल्द्वानी :** लोक पर्व फूलदेई के अवसर पर साथी संगठन ने हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में मोटिवेशन कार्यशाला व समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि के बाद सीतावनी कॉर्बेट नेशनल पार्क, रामनगर में धार्मिक-साहसिक यात्रा आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन के पंजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने व नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण और फुटपाथ बचाओ जैसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी सहमति बनी। इस मौके पर संगठन के युवा संस्थापक सदस्य कमांडेंट आरपी सिंह, संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी, वार्ड 19 के पार्षद शैलेंद्र सिंह दानू, महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया आदि मौजूद रहे।

### निगम ने चलाया सोर्स सेग्रीगेशन अभियान

**हल्द्वानी :** नगर निगम की ओर से सोर्स सेग्रीगेशन को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को वार्ड नंबर 11 और 41 में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों को गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके नगर निगम की गाड़ी को देने के लिए प्रेरित किया गया। बैणी सेना की महिलाओं ने घर-घर जाकर लोगों को कूड़ा अलग-अलग करने के महत्व के बारे में बताया और गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने की अपील की। नगर निगम की ओर से यह अभियान पूरे शहरी क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न वार्डों में बैणी सेना और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि अभियान का असर अब दिखाई देने लगा है और कई लोग कूड़े को अलग-अलग करके नगर निगम की गाड़ी में देने लगे हैं।

**रिटेल में बढ़े कई खाद्य सामग्रियों के दाम, खाद्य तेल के साथ ही चावल, दालों के दामों में आया उछाल, भोजन की थाली हुई महंगी**

# बढ़ती महंगाई: रसोई गैस के बाद तेल-सब्जियों ने बढ़ाई चिंता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** घरेलू एलपीजी के बढ़ते संकट के साथ ही खाद्य सामग्रियों और सब्जियों की बढ़ती कीमतों से आम जनता पर दोहरी मार पड़ी है। खाद्य तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी हुई है। जिसका सीधा असर घर की रसोई पर पड़ा है। अधिकांश सब्जियों की कीमतें पहले से बढ़ी हुई हैं, जिनमें किसी तरह की गिरावट नहीं आई है। जबकि कई सब्जियों के दाम और बढ़े हैं।

कुछ दिनों पूर्व टमाटर का थोक रेट 8 से 10 रुपए प्रति किलो था, जो अब बढ़कर 20 से 30 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। इसी तरह आलू और प्याज की कीमतें भी बढ़ी हैं। लौकी, फूलगोभी, भिंडी जैसी आम सब्जियों की कीमतें भी कम नहीं हुई हैं। इस तरह महंगाई बढ़ने से आम आदमी की भोजन की थाली महंगी हो गई है।

हैरानी की बात है कि कई जरूरी खाद्य सामग्रियों और सब्जियों के थोक भाव स्थिर होने के बाद भी लोग रिटेल में बढ़ी कीमतों पर सामान खरीदने को मजबूर हैं। स्थानीय थोक और खुदरा बाजार में इन दिनों खाद्य सामग्रियों के दाम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मंडी व्यापारियों के अनुसार आटा का थोक भाव घटकर 1300 से 1450 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि पहले यह 1400 से 1550 रुपये तक था।

इसी तरह चावल का भाव भी 4400 से 4600 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया है, जो पहले 4600 से 4800 रुपये था। रिफाइंड तेल (फॉर्च्यून) का थोक भाव बढ़कर 2000 से 2200 रुपये हो चुका है, जबकि स्कूटर सरसों तेल 2350 से 2450 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है। दालों की बात करें तो अरहर दाल का थोक भाव 95 से 115 रुपये प्रति किलो है। उड़द और राजमा करीब 110 रुपये प्रति किलो बिक रहे हैं, जबकि मूंग दाल 98 से 100 रुपये प्रति किलो के बीच है। चना दाल 66 रुपये और काला चना 65 से 66 रुपये प्रति किलो मिल रहा है। काबुली चना का थोक भाव घटकर 100 से 110 रुपये प्रति किलो हो गया है।





हल्द्वानी में एक सब्जी का ठेला और दाल-मसालों की दुकान। ● अमृत विचार

**सब्जी मंडी भाव प्रति किलो**

| सब्जी | मंडी भाव | रिटेल भाव |
|---|---|---|
| लौकी (गोल) | 30 | 50 |
| लौकी (लंबी) | 20 | 40-50 |
| टमाटर | 10-20 | 30-40 |
| आलू | 8-10 | 15 |
| प्याज | 19-20 | 30-40 |
| खीरा | 15-20 | 30-50 |
| बीन | 35-40 | 50 |
| नींबू | 150-160 | 180-200 |
| अदरक | 65-70 | 100-120 |
| लहसुन | 80-85 | 120-150 |
| मूली | 20 | 30-40 |
| करेला | 70-75 | 90 |
| भिंडी | 60-65 | 80 |

## गैस संकट से होटल कारोबार प्रभावित

**धानाचूली :** पर्यटन स्थल मुक्तेश्वर में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से होटल कारोबार प्रभावित होने लगा है। गैस न मिलने के कारण कई होटल और ढाबों में भोजन बनाना मुश्किल हो गया है। कुछ जगहों पर पर्यटकों को वापस भेजने की स्थिति भी बन रही है।

होटल एसोसिएशन मुक्तेश्वर के अध्यक्ष सुदर्शन शाही ने बताया कि करीब एक महीने से व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है और पहले से मौजूद गैस का स्टॉक भी खत्म होने लगा है। मजबूरी में होटल संचालक तंदूर और लकड़ी के चूल्हों का सहारा ले रहे हैं। धानाचूली बैंड के पास एक रेस्टोरेंट संचालक ने करीब 10 हजार रुपये का तंदूर खरीदकर उसी में भोजन बनाना शुरू किया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में अब 45 दिन बाद बुक होगी गैस

**रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए शहरी क्षेत्रों में अभी 25 दिन की व्यवस्था ही रहेगी लागू**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ईंधन गैस बुकिंग को लेकर अब नया नियम आने से नैनीताल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस बुकिंग को लेकर मियाद 25 दिन से हटाकर 45 दिन कर दी गई है। नैनीताल जिले के कुछ इलाके इसमें आ गए हैं। हालांकि गैस एजेंसी प्रबंधकों के अनुसार पूरी स्थिति सोमवार को साफ हो पाएगी।

अभी तक लोग गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए 25 दिन का इंतजार कर रहे थे लेकिन अचानक से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नियम 45 दिन लागू हो गया है। इंडन गैस एजेंसी शीशमहल के प्रबंधक गणेश सिंह नेगी ने बताया कि आदेश तो आ गया है लेकिन सोमवार को पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगा कि कौन-कौन से ग्रामीण इलाके इसमें शामिल हो रहे हैं। फिलहाल गैस बुकिंग हो रहीं हैं। इधर जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन ने बताया कि अभी तक ओखलकांडा, बेतालघाट के कुछ क्षेत्र जैसे इलाके शामिल किए गए हैं। फिर भी उम्मीद है कि इसमें भी राहत मिलेगी। इधर इस आदेश के बाद अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गैस सिलेंडर बुक कराने में अब और इंतजार करना पड़ सकता है। नैनीताल जिले में कौन-कौन से इलाके इसमें शामिल होंगे यह सोमवार को स्पष्ट हो जाएगा।



बागजाला में खाली सिलेंडर के साथ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### गैस सिलेंडर संकट को जनता की रसोई पर बढ़ता हमला बताया

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय किसान महासभा के अंतर्गत बागजाला के ग्रामीणों ने धरना स्थल बागजाला में खाली सिलेंडर के साथ प्रदर्शन कर गैस सिलेंडर संकट को जनता की रसोई पर बढ़ता हमला बताया। भाकपा माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि, घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों की कई जगहों पर आपूर्ति संकट और लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता, छोटे व्यापारियों और निम्न आय वर्ग के परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। डॉ. उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि, पिछले कुछ सालों में रसोई गैस पर मिलने वाली सब्सिडी को लगभग समाप्त कर दिया गया है। गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। दूसरी ओर व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों ने छोटे होटल, ढाबे, चाय की दुकानों और अन्य छोटे कारोबार को गंभीर संकट में डाल दिया है। प्रदर्शन में विमला देवी, पंकज चौहान, दीवान सिंह बर्गली, ललित प्रसाद, हेमा आर्य, चन्दन सिंह मटियाली, दौलत सिंह कुंजवाल, ललित प्रशाद, दिनेश चंद्र, ललित मोहन गोस्वामी, प्रकाश, रामलाल, शहजाद, हरि गिरी रहे।

### रेस्टोरेंटों में महंगी हुई रोटी, 15 से 20 रुपये में मिल रही एक

**भीमताल :** व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कमी के कारण अब स्थानीय स्तर पर भोजन की व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। कई विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय और अपना नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि गैस की किल्लत के चलते रेस्टोरेंट और ढाबों में भोजन का संकट पैदा हो गया है। विद्यार्थियों के अनुसार, जहां पहले रोटी की कीमत 5 से 7 रुपये हुआ करती थी, वहीं अब गैस की कमी का हवाला देते हुए कुछ होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने रोटी की कीमत बढ़ाकर 15 से 20 रुपये कर दी है। इससे किराए के कमरों में रहकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों की चिंता बढ़ गई है। क्योंकि ऐसे अधिकांश विद्यार्थी रेस्टोरेंटों में भोजन करता हूं। हालांकि विद्यार्थी इस बढ़ोतरी के लिए किसी को सीधे तौर पर दोष नहीं दे रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि जब तक व्यावसायिक सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक रेस्टोरेंट और होटलों को घरेलू सिलेंडर से भोजन बनाने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि आम लोगों और विद्यार्थियों को राहत मिल सके। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि इस अवधि में कोई भी रेस्टोरेंट स्वामी दरों में वृद्धि नहीं कर सकता। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### शादियों में चल रही घरेलू सिलेंडर से रसोई

**हल्द्वानी :** शादी-समारोह के सीजन में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत ने कैटरिंग कारोबारियों की परेशानी बढ़ा दी है। बाजार में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने से कई कैटरिंग संचालकों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिसके चलते उन्हें मजबूरी में घरेलू गैस सिलेंडरों का सहारा लेना पड़ रहा है। इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से बाजार में इसकी कमी देखने को मिल रही है। इसका सबसे अधिक असर शादी-समारोह और बड़े आयोजनों पर पड़ रहा है, जहां भोजन बनाने के लिए बड़ी मात्रा में गैस की आवश्यकता होती है। कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि समय पर कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से आयोजन की तैयारियों पर असर पड़ रहा है। मजबूरी में घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रसोई चलाई जा रही है। हालांकि नियमों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित है, लेकिन शादी के सीजन और कमर्शियल सिलेंडर की कमी के कारण लोग मजबूरी में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों ने कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई जल्द सामान्य करने की मांग की है।

## लकड़ी के चूल्हे, तंदूर और बुखारी पर बन रहे व्यंजन



कुमाऊंनी व्यंजन पकाने के लिए होटल के कुक भी अपना रहे देसी तरीका।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कुमाऊं के पर्यटन स्थलों में गैस सिलेंडर की कमी का असर अब होटल व रिजॉर्ट के किचन तक पहुंच गया है। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने के बाद शीतला, मुक्तेश्वर और जागेश्वर के कई होटल-रिजॉर्ट संचालकों ने पारंपरिक देसी तरीकों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। अब यहां लकड़ी के चूल्हे, तंदूर और बुखारी पर खाना बनाया जा रहा है।

इस देसी अंदाज में रोटी, दाल, चावल के साथ-साथ कुमाऊंनी व्यंजन-भट्ट की चुटकानी, आलू के गुटके, मंडवे की रोटी और मटन करी तक तैयार किए जा रहे हैं। तंदूर में तंदूरी रोटी और चिकन भी बनाया जा रहा है, जबकि कुछ जगहों पर इंडक्शन का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। वेस्ट एशिया में चल रहे युद्ध के कारण देशभर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कमी बताई जा रही है, जिसका असर होटल, रिजॉर्ट और रेस्टोरेंट कारोबार पर पड़ा है। कई रेस्टोरेंट में सिलेंडर नहीं मिलने से ताले तक लग गए हैं। दिल्ली से शीतला मुक्तेश्वर पहुंचे पर्यटक राजेश शर्मा का कहना है कि लकड़ी के चूल्हे और बुक्खारी में बना भोजन बेहद स्वादिष्ट होता है और सेहत के लिए भी अच्छा लगता है। हिमालयन ओजस्वी रिजॉर्ट के स्वामी नील अक्षय पांडे के अनुसार सिलेंडर नहीं मिलने की स्थिति में उन्होंने लकड़ी के चूल्हे और बुक्खारी का विकल्प अपनाया। इससे रिजॉर्ट का संचालन भी जारी है और पर्यटकों को पारंपरिक स्वाद भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एक बुखारी की कीमत करीब 35 हजार रुपये तक होती है, जबकि छह किलोवाट का इंडक्शन करीब 16 हजार रुपये में मिल जाता है।

## सरस्वती विद्या मंदिर की प्रबंध कार्यकारिणी गठित

- देवी दत्त दानी को संरक्षक और अजय अग्रवाल अध्यक्ष चुने गए
- भूपेंद्र खाती प्रबंधक और जगदीश तिवारी सह प्रबंधक बने

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड द्वारा संचालित पंडित गौरी दत्त दानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, छोई की नई प्रबंध समिति का गठन मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत किया गया।

नई कार्यकारिणी में देवी दत्त दानी को संरक्षक, अजय अग्रवाल को अध्यक्ष, शिवेंद्र सिंह रावत को उपाध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह खाती को प्रबंधक, जगदीश चंद्र तिवारी को सह प्रबंधक तथा बालम सिंह विष्ट को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा ब्रह्मदेव झा, दिनेश सिंह महरा, निर्मला कांडपाल, गोविंद सिंह मनराल, जगमोहन विष्ट, प्रदीप अग्रवाल, नितिन जोशी, मनोहर दत्त पांडेय, अजीत सिंह रावत, राजेंद्र सैनी, खीमानंद पंत और बलवंत प्रसाद को भी समिति में शामिल किया गया। सभी पदाधिकारियों का करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य कृपाल दत्त जोशी ने किया। इस अवसर पर खीम सिंह विष्ट, भरत तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### नैनीताल में इंडक्शन चूल्हों की मांग बढ़ी

**नैनीताल:** रसोई गैस समय पर उपलब्ध न होने के कारण लोग खाना बनाने के लिए वैकल्पिक साधनों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे शहर में इलेक्ट्रिक केटल और इंडक्शन चूल्हों की मांग बढ़ गई है।

मल्लीताल और तल्लीताल क्षेत्र की इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में पिछले कुछ दिनों से इन उपकरणों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। दुकानदारों के अनुसार सामान्य दिनों में इनकी बिक्री बहुत कम होती थी, लेकिन गैस की किल्लत के बाद ग्राहक बड़ी संख्या में इन्हें खरीदने पहुंच रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक दुकान के स्वामी मोहित शाह ने बताया कि पहले उनकी दुकान पर एक-दो इंडक्शन चूल्हे ही बिकते थे, लेकिन अब रोजाना 30 से अधिक इंडक्शन चूल्हों की बिक्री हो रही है।

## पहुंचते ही खत्म हो रहा है इंडक्शन चूल्हे का स्टॉक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** घरेलू ईंधन गैस को लेकर बने मौजूदा माहौल के बीच हल्द्वानी शहर में इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक तेज हो गई है। रसोई गैस की किल्लत और सिलेंडर के लिए लंबी कतारों से परेशान लोग अब तेजी से इंडक्शन चूल्हों की ओर रुख कर रहे हैं। इसके चलते बाजार में इनकी उपलब्धता कम होती जा रही है और कई ऑनलाइन प्लेटफार्म पर भी इंडक्शन चूल्हे आसानी से नहीं मिल पा रहे हैं।

स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर भी स्टॉक कम हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ गई है। जैसे ही नया स्टॉक आता है, वह कुछ ही समय में खत्म हो जा रहा है। इसी बीच जिन लोगों के घरों में पहले से इंडक्शन चूल्हे हैं और वे खराब हो गए हैं, वे उन्हें ठीक कराने के लिए इलेक्ट्रिशियन और रिपेयरिंग दुकानों तक पहुंच रहे हैं। लेकिन यहां भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। शहर की कई मरम्मत दुकानों में खराब इंडक्शन चूल्हे मौजूद तो हैं लेकिन उपकरण न होने से उन्हें ठीक करना मुश्किल हो रहा है। दमुवाढूंगा निवासी इलेक्ट्रीशियन प्रदीप मौर्य ने बताया कि इंडक्शन चूल्हों के महत्वपूर्ण उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक पाट्र्स समय पर नहीं मिल पा रहे हैं।

## यूजीसी एक्ट को लागू करने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** यूजीसी समर्थन संघर्ष समिति कुमाऊ मंडल ने उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यूजीसी विनियम 2026 को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में समिति ने रैली निकालकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भी दिया है।

इस दौरान हुई सभा में समिति संरक्षक जीआर टम्टा, दीपक चन्याल और सुंदरलाल बौद्ध ने कहा कि देश को आजादी मिले 78 वर्ष से अधिक समय हो चुका है, लेकिन समाज के कमजोर वर्गों अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के साथ भेदभाव और सामाजिक उत्पीड़न की घटनाएं अभी भी सामने आती रहती हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों में भी इन वर्गों के लोगों के साथ असमान व्यवहार और अवसरों की कमी देखी जाती है। यूजीसी विनियम के तहत प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान में ईओसी के अंतर्गत समता समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें कुल छह सदस्य होंगे। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि विश्वविद्यालयों और अन्य सरकारी संस्थानों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां अविलंब की जाएं तथा आरक्षण व्यवस्था का सही तरीके से पालन किया जाए। इस दौरान समिति के संयोजक नफीस अहमद खान, दीपक कश्यप, सुंदर लाल बौद्ध, आरपी नांगला, रियाज कादरी, देवेंद्र कुमार, कैलाश पांडेय, केके बोरा, देवेंद्र सिंह धर्मसत्तू, भूपेंद्र सिंह पांगती, धीरेन्द्र सिंह पांगती, नीरू कपूर, आशा आर्य, सीमा टम्टा आदि रहे।




बुद्ध पार्क में मांग को लेकर नारे बाजी करते यूजूसी समर्थन संघर्ष समिति के सदस्य।

**तैयारी**

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन के साथ ही राज्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीमों ने किया बनभूलपुरा का दौरा**

# बनभूलपुरा अतिक्रमण मामला : 20 से 31 मार्च तक लगेंगे पुनर्वास शिविर

- क्षेत्र में छह स्थानों पर लगाए जाएंगे शिविर
- 5300 से अधिक परिवार करते हैं बनभूलपुरा में निवास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर पुनर्वास की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल और जिला प्रशासन के संयुक्त टीम ने रविवार को बनभूलपुरा क्षेत्र का दौरा किया।

टीम ने यहां लगने वाले शिविर स्थलों का निरीक्षण किया। 20 मार्च से 31 मार्च 2026 तक छह स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे।

शिविरों के आयोजन को लेकर रविवार को जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और रेलवे अधिकारियों की बैठक हुई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार मणि त्रिपाठी ने बताया कि इन छह स्थानों पर लगाए जाने वाले कैंपों के जरिए अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा, ताकि कोई भी परिवार योजना से वंचित न रह जाए। जिला प्रशासन के अनुसार इस क्षेत्र में लगभग 5300 से अधिक परिवार निवास करते हैं। इन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन करने के लिए जागरूक किया जाएगा और पात्र परिवारों के आवेदन भरवाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि लक्ष्य है कि आगामी 31 मार्च तक प्रक्रिया पूरी कर सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके। प्रत्येक कैंप में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरपीएफ भी तैनात रहेगी। निर्णय लिया गया कि मंगलवार से विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रशासन की टीमें घर-घर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित फॉर्म वितरित करेंगी।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि इस कार्य में स्थानीय पार्षदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। निर्देश दिए कि आवेदन पत्रों का वितरण सुनिश्चित करते हुए पात्रता की गहन जांच भी की जाए। बैठक में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, उप सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल, एसपी मनोज कत्याल, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, आयुक्त नगर निगम परितोष वर्मा उपजिलाधिकारी हल्द्वानी प्रमोद कुमार, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे सहित वीसी के माध्यम से रेलवे के एडीआरएम मनोज कुमार, सुरक्षा प्रभारी पवन, बृजेश कुमार व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### यहां लगेंगे शिविर

- रेलवे स्टेशन हल्द्वानी
- अंजुमन इस्लामिया बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय किदवई नगर
- राप्रावि बनभूलपुरा
- जीजीआईसी बनभूलपुरा
- राजकीय इंटर कॉलेज बनभूलपुरा
- मदरसा नैनीताल पब्लिक स्कूल बनभूलपुरा



पीपलपोखरा में विधायक प्रतिनिधि विकास भगत का आभार जताते लोग।

### पीपलपोखरा में सड़क निर्माण कार्य शुरू

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के पीपलपोखरा में रविवार को सड़क निर्माण कार्य का शुरू किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने ग्राम प्रधान विनोद निगलटियां की उपस्थिति में निर्माण कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान विकास भगत ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आनंद गिरी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को मजबूत और टिकाऊ सड़क की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी और विकास को भी गति मिलेगी। इस मौके पर प्रीतम सिंह फर्तियाल, इंद्र सिंह डंगवाल, आन सिंह नेगी, दिनेश पाण्डेय, श्याम सिंह रंगवाल, दीपक लंमगड़िया, लोकमणि जोशी, नवीन जोशी, जानकी जोशी, दीपक उपाध्याय, महेश भट्ट, प्रभाकर गोस्वामी, नारायण भट्ट, भरत रावत और दान सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**सिटी ब्रीफ**

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख आवास पर होली मिलन समारोह

**खटीमा :** पूर्व ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी के आवास देशी भूड़िया में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल हुए सभी वर्गों के लोगों ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। थारू समाज के कुछ गांवों में होली गायन के साथ धूमधाम से मनाई जा रही है। समाज द्वारा कुछ गांवों में होली से पहले जिंदा होली मनाई जाती है तो कुछ गांवों में होलिका दहन के बाद मरी होली खेली जाती है। पूर्व ब्लाक प्रमुख नामधारी ने कहा होली का त्योहार हमें आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम और एकता के साथ रहने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा फगुआ और होली के गीत प्रस्तुत कर शमां बांधा। इस अवसर पर सेवा सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमनदीप कौर, त्रिलोक सिंह नामधारी, भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष गुरसेवक सिंह, गुरप्रीत सिंह, श्याम स्वरूप, नवीन राना, पूर्व प्रधान बंटी सिंह, केवल राणा, अशोक राणा रहे।

### शांतिपुरी में लगा आधार संशोधन शिविर

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर-एक के जनमिलन केंद्र में आधार संशोधन शिविर आयोजित किया गया। ग्राम प्रधान दीपा जगदीश कांडपाल की पहल पर लगाए गए इस शिविर में करीब 135 से अधिक लोगों के आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, साथ ही बच्चों के नए आधार कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर जगदीश कांडपाल, तारा दत्त उपाध्याय, दामोदर जोशी, दिप्ति कांडपाल, भूवन कांडपाल, सौरभ पांडा, दिनेश चंद्र भट्ट, भुवन पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# रुद्रपुर से हो रही थी देश के कई राज्यों में नकली किताबें सप्लाई

## एससीईआरटी ने कहा, किताबों पर नहीं एनसीईआरटी का चिन्ह, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कीरतपुर के गोदाम में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबों का जखीरा बरामद पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने साफ कहा कि, उत्तराखंड शिक्षा निदेशालय ने प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है और शासन का अपना पब्लिकेशन होता है। बारीकी से जांच में पता चला कि किताबों पर एनसीईआरटी का चिह्न ही नहीं है जिससे साफ हो गया है कि किताबें नकली हैं।

रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे तहसीलदार के निर्देश पर गोदाम का ताला तोड़ा गया। प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने किताबों की पड़ताल की तो गड़बड़ी की आशंका हुई। उन्होंने एनसीईआरटी दिल्ली के अधिकारियों से संपर्क किया। पता चला कि एनसीईआरटी के नियमानुसार स्टेट हो या फिर नेशनल किताबों में एनसीईआरटी का चिह्न जरूर लगा होना चाहिए। लेकिन बरामद किताबों में पहले पेज पर ही एनसीईआरटी का चिह्न था, जबकि शुरुआत के आठ पन्नों में चिह्न नहीं था।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना था कि असली किताबों में चिह्न आठ पन्नों में साफ दिखाई देता है। इसके अलावा जिस प्रकार मेरठ का किताब माफिया मेरठ से किताबों की छपाई कर रुद्रपुर मुख्यालय से किताबों को दूसरे प्रदेशों में सप्लाई करता है उसमें फर्जी बिल भी सामने आये हैं। मुख्यालय में गोदाम बनाने की अनुमति भी आरोपी के पास नहीं है। बरामद किताबों कीमत आठ से 10 करोड़ रुपये हो सकती है।


कीरतपुर के गोदाम में जांच के दौरान आपस में मंत्रणा करते पुलिस अधिकारी।

### महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल समेत कई प्रदेशों के मिले बिल

**रुद्रपुर :** पुलिस ने जब ट्रक चालक से बिल मांगा तो उसने मात्र एक बिल दिया। जब बैग की तलाशी ली तो ट्रक से कई प्रदेशों को किताबें सप्लाई होने की जानकारी मिली। बरामद बिल में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, लखनऊ, मध्य प्रदेश के अलावा कई प्रदेशों के बिल मिले हैं जो कि पूर्णतया फर्जी बिल बताए जा रहे हैं। कारण बिल पर जीएसटी का कोई जिक्र नहीं है और अधिकृत सरकार का लोगों भी नहीं है। संदेह होने पर फौरन कोतवाली पुलिस ने जाल बिछाया और गोदाम की घेराबंदी कर डाली।

### जनवरी से चल रहा था गोदाम, 87500 रुपये था किराया

**रुद्रपुर :** प्रशासन, शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग को पूछताछ के बाद पता चला है कि गोदाम स्वामी ने गोदाम को जनवरी माह में किराये पर दिया था। इसका प्रतिमाह 87500 रुपया किराया लिया जा रहा है। पूछताछ में यह भी पता चला है कि दो साल पहले भी इसी गोदाम से किताबों की सप्लाई हुई थी।

### ऐसे होती है पहचान

- असली किताब के अंदर के पन्नों यानि एक से आठ तक के पन्नों को रोशनी के सामने रखने पर एनसीईआरटी का लोगो या टेक्स्ट वॉटरमार्क के रूप में दिखता है। जबकि नकली बुक में ऐसा नहीं होता है।
- किताब के कवर पर एक विशेष हॉलमार्क होता है जिस पर एनसीईआरटी का नाम, लोगो और बैच नंबर होता है।
- किताब के पिछले कवर पर बारकोड होता है, जिसे स्कैन करके इसकी सत्यता जांची जा सकती है।
- असली एनसीईआरटी किताबें अच्छी गुणवत्ता के कागज पर छपी होती हैं और उनका वजन 80-85 ग्राम के आसपास होता है, जबकि डुप्लीकेट किताबें हल्की और कमजोर गुणवत्ता की होती है।

-किताब के पहले या आखिरी पन्ने पर प्रशासन और प्रिंटिंग की पूरी जानकारी स्पष्ट रूप से छपी होती है।

### मां का अंतिम संस्कार होते ही भाइयों में खूनी संघर्ष

**रुद्रपुर:** आवास विकास चौकी इलाके के जगतपुरा में अभी मां की चिता ठंडी भी नहीं हुई थी कि दो सगे भाइयों में विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों का परिवार एकजुट हो आपस में ही भिड़ गया। देखते ही देखते दोनों तरफ से तवा और बेलन चलना शुरू हो गया। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि कई लोग चोटिल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना की जानकारी ली और हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया।

बताते चलें कि जगतपुरा निवासी झुन्नु और सोनू सगे भाई अपने परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार की सुबह बुजुर्ग मां का निधन होने के बाद पूरा परिवार शोकाकुल था और बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार कर देर शाम को दोनों भाई घर वापस आए। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में भाइयों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनों परिवार आमने-सामने हो गए। इसके बाद दोनों परिवार के लोगों ने जमकर तवा और बेलन से प्रहार करना शुरू कर दिया। जिसमें सरोज नाम की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि परिवार के कुछ लोग चोटिल भी हुए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली। वहीं महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हिरासत में लिये भाइयों को हिदायत देकर छोड़ दिया।

# तैलिक साहू राठौर महासभा ने मनाई कर्मा देवी की जयंती


महापौर का स्वागत कर मांग पत्र देते महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के बैनर तले माता कर्मा देवी की 1010 वीं जयंती को धूमधाम के साथ मनाया गया। साथ ही समाज से जुड़ी 185 महिलाओं, विद्यार्थियों और समाजसेवियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने महापौर के सामने छह सूत्रीय मांगों का मुद्दा भी उठाया।

रविवार को जयंती का शुभारंभ करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि माता कर्मा देवी भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थी। इसी कारण माता कर्मा देवी को शिरोमणि माता का दर्जा दिया गया। उन्होंने तैलिक, साहू और राठौर समाज को आश्वासन दिया कि अगले वर्ष जयंती को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष एवं संयोजक ललित राठौर ने सीएम धामी द्वारा यूसीसी लागू करने पर आभार जताया। साथ ही महापौर के समक्ष शिरोमणि माता कर्मा देवी के नाम से मां कर्मा द्वार एवं मां कर्मा चौक बनाने, समुदाय को उत्तराखंड की स्थाई नागरिकता के साथ स्थाई प्रमाण जारी करने का मुद्दा उठाया। जयंती में समुदाय से जुड़ी 150 महिलाएं, 25 समाजसेवियों और 10 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया और खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर अनिल चौहान, राकेश सिंह, तरुण दत्ता, रोशन अरोरा, मनीष शुक्ला, राजेंद्र राठौर, कैलाश राठौर, प्रमोद मित्तल, लालू कुमार गुप्ता, नुक्सा प्रसाद राठौर, गिरीश राठौर, छत्रपाल सिंह, नीलम राठौर, मनोज गुप्ता, राजबहादुर राठौर मौजूद रहे।

# मुद्दों को उठाने पर विधायक का स्वागत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक भुवन कापड़ी द्वारा खटीमा विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन में मजबूती से उठाने के लिए उनका सत्र से लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने किसानों, युवाओं और आम जनता से जुड़े विषयों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने का कार्य किया।

बजट सत्र से लौटकर खटीमा पहुंचने पर क्षेत्र की जनता और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विधायक भुवन कापड़ी का मुख्य चौक पर दिल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह स्नेह और विश्वास उन्हें जनहित के लिए निरंतर संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। विधायक कापड़ी ने कहा कि वह आगे भी क्षेत्र की जनता के हक और अधिकार की आवाज सदन के अंदर और बाहर मजबूती से उठाते रहेंगे तथा न्याय और जनहित के लिए निरंतर प्रयास जारी रखेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर, जसविंदर बाजवा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मान सिंह, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नरेंद्र आर्य, दान सिंह राना, राजू सोनकर, पंकज टम्टा, अरविंद कुमार, देवेंद्र कन्याल, ताहिर, अरफात, कृष्णा नेगी, लक्ष्मी देवी, शांति सामंत, बीना राणा, गुलफाम रजा, फईम अंसारी आदि उपस्थित रहे।


खटीमा में विधायक कापड़ी का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### विवादित भूमि पर काट रहे थे पेड़, प्रशासन ने रोका

**खटीमा :** बहु चर्चित अशोक फॉर्म की लगभग 125 एकड़ भूमि की खड़ी फसल जोतने के बाद उपजा विवाद जारी है। इसी बीच मेड़ों पर खड़े पापुलर तथा यूकेलिप्टस के काटे जा रहे पेड़ों को स्थानीय प्रशासन द्वारा रोक दिया गया है। जिस पर भूमि स्वामी युवराज तलवार ने राहत महसूस की। नेपाल सीमा से लगे खालीमहुवट और दमगड़ा मैक्सथिट अशोक फॉर्म की लगभग 125 एकड़ भूमि पर खड़ी बेश कीमती फसल दिनदहाड़े स्थानीय व जिला प्रशासन की देखरेख में रौंदी गई थी। यह मामला विधानसभा के बजट सत्र में उप नेता प्रतिपक्ष और विधायक भुवन कापड़ी द्वारा जोरदार तरीके से उठाया गया था। जिसका सरकार द्वारा अभी सदन में जवाब नहीं दिया गया है। इस भूमि पर कब्जे के प्रयास के चलते इन पेड़ों को भी काटा जा रहा था। जिसकी शिकायत युवराज तलवार ने प्रशासन से की। जिसपर तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक ने पेड़ों का कटान रुकवा दिया।

# त्रिशूल चौक के समीप बने जिला अस्पताल : अरोरा

- विधायक अरोरा ने सीएम धामी को सौंपा मांग पत्र
- बोले-रम्पुरा, भदईपुरा समेत कई इलाकों के लोगों को मिलेगा लाभ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र सौंपकर जिला अस्पताल को अपने पुराने स्थान त्रिशूल चौक के समीप बनाने की मांग रखी। साथ ही रुद्रपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज में जल्द एमबीबीएस की कक्षाएं आरंभ हो जाएगी। ऐसे में जिला अस्पताल जो मेडिकल कॉलेज के परिसर में संचालित हो रहा था उसका मेडिकल कॉलेज में विलय हो गया है।

विधायक अरोरा ने कहा कि, त्रिशूल चौक के पास एक जिला अस्पताल का निर्माण किया जाना अति महत्वपूर्ण है। त्रिशूल चौक (पुराना इंद्रा चौक) के पास 13 एकड़ जमीन उपलब्ध है जिसमें पहले जिला अस्पताल संचालित होता था।

यह क्षेत्र रुद्रपुर का केंद्र है जहां लोगों को आना जाना काफी सुविधाजनक होगा। साथ ही इससे लगे क्षेत्र रम्पुरा, भदईपुरा, रेशमबाड़ी, प्रीत बिहार, खेड़ा, दूधियानगर में रहने वाले हजारों परिवारों को इसका सीधा लाभ होगा। इसको देखते हुए जिला अस्पताल के लिए यह स्थान काफी उपयुक्त है।

विधायक अरोरा ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिला अस्पताल निर्माण से संबंधित 135 करोड़ की डीपीआर का प्रस्ताव जिला प्रशासन द्वारा शासन को भेज दिया गया है। ऐसे में इस जनहित और क्षेत्र की जनता से जुड़े जिला अस्पताल के निर्माण के लिये शीघ्र स्वीकृति दी जाये। जिससे इस बहुत महत्वपूर्ण मांग को धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल अपने पुराने स्थान पर संचालित होने से इसका लाभ गरीब जनता को मिलेगा और छोटी-छोटी बीमारियों के लिये गरीब जनता को मेडिकल कॉलेज नहीं जाना पड़ेगा।


मुख्यमंत्री धामी को मांग पत्र सौंपते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

# श्रीमद्भागवत कथा में किया रुक्मणी विवाह का वर्णन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम गुरु मां स्वर्ण फार्म देवी मां के स्थान पर संचालित कथा में कथावाचकों ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का विर्णन किया जिसे श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में माता भक्तों ने हिस्सा लिया।

रविवार को कथावाचक नारायण चैतन्य महाराज ने बताया कि धन को परमार्थ में लगाने से लक्ष्मी-नारायण की कृपा प्राप्त होती है। अहंकार से बचना चाहिए। जब खीर में नींबू रस गिरने से वह खराब हो जाती है उसी तरह अहंकार से सारी अच्छाइयां नष्ट हो जाती हैं। हमें धन को परमार्थ में लगाना चाहिए। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, महंत भजन प्रकाश अरोरा, श्याम खुराना , स तनाम सिंह, राजेश कुमार, राजीव सिंह, नरेश कुमार, लक्ष्य शर्मा, आशा देवी, कंचन देवी, प्रीति साना, गगन दीप आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


कथा सुनाते नारायण चैतन्य महाराज।

### बेमौसम बारिश से बढ़ी काश्तकारों की चिंता

**शक्तिफार्म:** बेमौसम बारिश ने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों के खेतों में लाही की फसल पककर तैयार है, वहीं कई किसानों ने लाही की कटाई कर फसल को खेतों में ही रख दिया था। बारिश के कारण यह फसल अब खराब होने के कगार पर पहुंच गई है। देवनगर निवासी किसान चितरंजन सरकार का कहना है कि मौसम के इस बदलते मिजाज ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में रखी लाही की फसल भीगने से खराब होने की आशंका बढ़ गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। सुरेंद्रनगर निवासी किसान कुशाल मंडल ने बताया कि जहां फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर बाजार में लाही के दामों में गिरावट आने की भी संभावना है।

# तराई में तेज हवाओं से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें

- अब तक हुई बारिश से खुश, तेज हवाओं का लग रहा है डर
- मौसम वैज्ञानिकों ने आज सुबह तक जताई बारिश की संभावना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** तराई में सुबह हुई बारिश से किसानों के चेहरों में खुशी तो आयी है। वहीं चेहरे में बारिश के साथ तेज हवा चलने की चिंता भी सताने लगी है। मौसम वैज्ञानिकों ने सोमवार की सुबह तक बारिश होने और दोपहर में धूप खिलने की संभावना व्यक्त की है।

यहां बता दें कि पिछले कई दिनों से तराई में तापमान बढ़ने लगा था। रविवार की सुबह अचानक आसमान में बादल छाने साथ ही हल्की बारिश शुरू हो गयी थी। बारिश का यह सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। दोपहर बाद धूप निकल गयी। किसान विक्रमजीत सिंह विर्क ने बताया कि सुबह हुई बारिश किसानों के लिए काफी फायदेमंद है। अगर यह बारिश दो-तीन और रही या फिर बारिश के साथ तेज हवा चली तो इससे फसल गिरने की संभावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एएस नैन ने बताया कि यह बारिश गेहूं की फसल के लिए काफी फायदेमंद है। अगर बारिश के साथ तेज हवा चली तो किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। बताया कि सोमवार को सुबह तक बारिश होने की संभावना है।


दिनेशपुर के खेत में लगी गेहूं की तैयार फसल। ● अमृत विचार

### मौसम ने बदली करवट, गरज के साथ हुई बारिश

**काशीपुर :** रविवार सुबह से ही तेज हवाओं, गरज-चमक और रिमझिम बारिश ने लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी से बड़ी राहत दी है। आसमान में घने बादल छाए रहने और रुक-रुक कर हो रही हल्की से मध्यम बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बारिश से आम-लीची की फसल को लाभ मिलेगा। काशीपुर क्षेत्र में करीब 400 हेक्टेयर में लीची और आम की पैदावार होती है। वहीं इस बार दोनों में अच्छा बौर आने से किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद है। यहां के आम व लीची मुंबई, दिल्ली, लखनऊ आदि देश के शहरों के साथ ही विदेशों में भी सप्लाई होती है। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक अनिल चंद्रा ने बताया कि वर्षा से फूलों के झड़ने और परागण रुकने की संभावना है। नमी के कारण पाउडरी मिल्ड्यू और एंथ्रेक्नोज रोगों का खतरा बढ़ जाता है। बारिश रुकने, मौसम साफ होने पर कार्बेन्डाजिम (1 ग्राम/लीटर) या हेक्साकोनाजोल का छिड़काव अवश्य करें। वहीं, ड्रैगन फ्रूट बाग लगा रहे जो किसान आरसीसी पोल लगा रहे हैं, वे कीचड़ की स्थिति में कार्य एक-दो दिन टाल दें।

### बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहावना

**खटीमा :** उमड़ते घुमड़ते बादलों से रविवार को हुई हल्की बूंदा-बांदी से मौसम सुहावना हो गया। वहीं तापमान में करीब पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ गई। बूंदा बंदी से फसलों को कोई फर्क नहीं पड़ा है। यदि आने वाले दिनों के कुछ वर्ष होती है तो रबी की फसल के साथ ही सब्जी आदि को लाभ मिलेगा। मौसम केंद्र प्रभारी एनएस रौतेला ने बताया कि हल्की बूंदा बांदी हुई है जो वर्षा मापक यंत्र में रिकॉर्ड नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मौसम में पांच डिग्री गिरावट हुई है और 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

**कार्यक्रम** कॉलोनी में हॉट मिक्स रोड बनाने के साथ दो मिनी हाई मास्क लाइटें लगाने की घोषणा की

# मेयर ने किया मेट्रोपोलिस सिटी के मुख्य द्वार का उद्घाटन

- सोसायटी के पदाधिकारियों ने पगड़ी पहनाकर और लड्डुओं से तोलकर किया स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नैनीताल रोड स्थित मेट्रोपोलिस सिटी के नवनिर्मित भव्य मुख्य द्वार और अत्याधुनिक बूम बैरियरों का विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शुभारंभ हो गया है। इसका उद्घाटन महापौर विकास शर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान मेट्रोपोलिस रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने महापौर को पगड़ी पहनाकर, फूलमालाओं और लड्डुओं से तोलकर स्वागत किया।

रविवार को सोसायटी के पदाधिकारियों और निवासियों की मांग पर महापौर विकास शर्मा ने कॉलोनी के विकास के लिए कुछ प्रमुख मार्गों को हॉट मिक्स रोड बनाने और सुरक्षा व रोशनी के पुख्ता इंतजाम के लिए दो मिनी हाई मास्क लाइटें लगाने की मौके पर ही घोषणा की। साथ ही परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। महापौर शर्मा ने कहा मेट्रोपोलिस सिटी के निवासियों ने अपने निजी प्रयासों और आपसी सहयोग से इस भव्य गेट का निर्माण कर पूरे शहर के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।

सोसाइटी के उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला ने बताया कि मुख्य गेट नंबर 1 लंबे समय से जर्जर था, जिसे अब करीब 45 लाख रुपये की लागत से भव्य स्वरूप दिया गया है। इसमें सुरक्षा के लिए 14 लाख रुपये के अत्याधुनिक बूम बैरियर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रोपोलिस रुद्रपुर की पहली ऐसी सोसाइटी बन गई है जहां तीनों गेटों पर बूम बैरियर लगाए गए हैं। साथ ही सभी 45 टावर्स का सौंदर्यीकरण और पेंट कार्य भी कराया जा रहा है। हमारा लक्ष्य इसे उत्तराखंड की सबसे सुविधासंपन्न और आदर्श सोसाइटी बनाना है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर रामपाल सिंह, अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. अनुपमा रवि फुटेला, पार्षद बीनू, पार्षद चिराग कालरा, सोसाइटी अध्यक्ष देवेंद्र शाही, उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला, सचिव सुनील शुक्ला, कोषाध्यक्ष डॉ. वीरपाल सिंह, सदस्य विनय दुबे, रवींद्र सिंह, आदित्य गुप्ता, कार्यक्रम संचालक बिहारी लाल चौहान, मोहन तिवारी, निशांत शाही, जनार्दन सिंह, दिलीप सिंह, ब्रिजेश तिवारी, पुष्पेंद्र, डॉ. रवि फुटेला और हिमांशु मिड्ढा सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी निवासी उपस्थित रहे।



गेट के उद्घाटन अवसर पर महापौर को पगड़ी पहनाते सोसायटी के पदाधिकारी।

# हाईवे पर बिखरा केमिकल, राहगीर रपटे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** डीडी चौक से इंदिरा चौक नैनीताल-रामपुर हाईवे पर उस वक्त बाइक-स्कूटी सवार फिसल कर गिरने लगे। जब हाईवे पर केमिकल नुमा पदार्थ बिखरा पड़ा था। देखते ही देखते मार्ग को बैरिकेडिंग लगाकर रोकना पड़ा और फायर बिग्रेड ने पानी की बौछार से हाईवे साफ किया। जिसके बाद यातायात व्यवस्था सुचारू हुआ।

बताते चलें कि रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे नैनीताल-रामपुर हाईवे स्थित डीडी चौक और इंदिरा चौक मुख्य मार्ग पर कैमिकल जैसा पदार्थ बिखरा पड़ा हुआ था। रोजमर्रा की भांति जब बाइक या फिर स्कूटी सवार अपने गंतव्य की ओर निकले तो फिसल कर चोटिल होने लगे। लोगों का कहना था कि मार्ग पर 15 से 20 बाइक स्कूटी सवार चोटिल हो चुके है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया और अग्निशमन विभाग को जानकारी दी गयी। इसके बाद फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और पानी की बौछार से मार्ग को साफ किया गया। कोई इसे मटर का पानी बता रहा था तो ज्यादातर लोगों का कहना था कि चिकना केमिकल नुमा पदार्थ मुख्य मार्ग पर बिखरा होगा। जिसकी वजह से लोग हादसे का शिकार हुए हैं। फिलहाल सड़क को साफ कर यातायात व्यवस्था को सुचारू कर दिया गया है।


बैरिकेटिंग लगाकर यातायात रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

ब्रीफ न्यूज

## सड़क दुर्घटना में पूर्व प्रधान पुत्र की मौत

**खटीमा :** झनकट-बिरिया मझोला मार्ग पर कार की चपेट में आने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पर्व में कोहराम मच गया। गांगी निवासी पूर्व प्रधान मौले सिंह राणा का पुत्र सुमित सिंह 37 शनिवार को अपनी ससुराल गुरुखुड़ा आया हुआ था। रविवार सुबह वह स्कूटी से घर लौट रहा था। वह झनकट बिरिया मझोला मार्ग पर जसारी के पास एक कार ने टक्कर मार दी। घायल को अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक गांव में ही खाद और पेस्टीसाइड की दुकान चलाता था। वह अपने पीछे पत्नी मीनाक्षी, पुत्री दीपाली, पुत्र शोभित को रोता छोड़ गया है।



सुमित राणा (फाइल)।

### जीबी पंत विश्वविद्यालय में चल रहे चार-दिवसीय किसान मेले में आयोजित पशु प्रदर्शनी में 37 पशु पालकों ने किया प्रतिभाग

# पशु प्रदर्शनी में जम्बी भल्ला की गाभिन जर्सी गाय सर्वोत्तम पशु घोषित

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

**अमृत विचारः** जीबी पंत विश्वविद्यालय में चल रहे चार-दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय परिसर में पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें पशुपालकों ने अपने पशुओं का प्रदर्शन किया। इस पशु प्रदर्शनी में जम्बी भल्ला की गाभिन जर्सी गाय को सर्वोत्तम पशु घोषित किया गया। जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने रिबन बांधकर सुशोभित किया। पशु प्रदर्शनी में कुल 37 पशु सम्मिलित हुए।

रविवार को आयोजित पशु प्रदर्शनी में भैंस वर्ग में जैनुल की भैंस, दुधारू भैंस वर्ग में डॉ. सलीम की भैंस, देसी दुधारू गाय वर्ग में भूपेंद्र भारती की गाय, देशी गाय वर्ग में डीएन कुशवाहा की गाय, गाभिन जर्सी गाय वर्ग में जम्बी भल्ला की गाय, बकरी वर्ग में रिजयाउद्दीन, मुअज्जद अंसारी एवं सन्नी की बकरी एवं घोड़ा वर्ग में अभिशेक शर्मा और कार्तिक खेरा का घोड़ा प्रथम स्थान पर रहे। वहीं भैंस वर्ग में भुट्टी यादव की भैंस, दुधारू गाय वर्ग में भूपेंद्र भारती की गाय, गाभिन गाय वर्ग में नीरज, गोविंद की गाय, क्रॉस ब्रीड दुधारू गाय वर्ग में मिथुन व आदित्य की गाय, बकरी वर्ग में रफा, सबनुम एवं यश की बकरी द्वितीय स्थान पर रहे। इस दौरान पशु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 2 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। साथ ही सर्वोत्तम पशु के लिए जम्बी भल्ला को 5 हजार रुपये नकद दिये गये। इस दौरान कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को पशुओं की अच्छी नस्ल के बारे में सुझाव दिए। इस अवसर पर पशु प्रदर्शनी के संयोजक अधिष्ठाता पशु चिकित्सा डॉ.एएच अहमद, निर्णायक मंडल में डॉ.एससी त्रिपाठी, डॉ.एसपी मौर्य, डॉ.एके घोष, डॉ.एसके सिंह, डॉ.आरएस बरवाल, डॉ.आरके शर्मा, डॉ.अमित प्रसाद उपस्थित थे।



किसान मेले में लगे स्टॉल में घरेलू उत्पादों की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### किसान मेले में अब तक 20 लाख 40 हजार बीजों की बिक्री

**पंतनगर :** पंतनगर विश्वविद्यालय में चल रहे किसान मेले में तीसरे दिन भी किसानों ने विभिन्न खरीफ फसलों के बीजों की खरीद की। किसानों ने मेले में विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान केंद्र, प्रजनक बीज उत्पादन केंद्र, विश्वविद्यालय फार्म और एटिक स्टालों से अब तक 19 लाख 30 हजार रुपये के विभिन्न रबी फसलों के बीजों की खरीद की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं सगंध पौध अनुसंधान केंद्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केंद्र, उद्यान अनुसंधान केंद्र, कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र, मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के स्टालों से करीब 1 लाख 10 हजार रुपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही एटिक व प्रकाशन निदेशालय के स्टालों से लगभग 32 हजार रुपये के प्रकाशनों की बिक्री हुई।

### मेले का पूर्व राज्यपाल कोश्यारी करेंगे समापन

**पंतनगर :** निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि मेले का समापन विश्वविद्यालय के गांधी हाल में सोमवार को मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी करेंगे। कार्यक्रम में पशु, पुष्प, फल-फूल व प्रसंस्करित उत्पादों की प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान की अगुवाई में विश्वविद्यालय के निदेशकों, अधिष्ठाताओं, वैज्ञानिकों, विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि, विद्यार्थियों एवं किसानों उपस्थिति रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य संबंधित किट एवं मिनरल मिक्सचर निशुल्क बांटे गये।

# अवैध खनन से नदी में समा रही कृषि भूमि, राजस्व विभाग ने लिया जायजा

### राजस्व विभाग की टीम की पैमाइश बड़े पैमाने पर मिट्टी के अवैध खनन की हुई पुष्टि

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** ग्राम सभा निर्मलनगर, राजनगर और सुरेंद्रनगर के निकट बहने वाली बैगुल नदी में अवैध मिट्टी खनन का कार्य बदस्तूर जारी है। यहां खनन माफिया दिन-रात नदी से मिट्टी खोद रहे हैं। इससे न सिर्फ नदी अपना रुख बदल रही है, बल्कि प्रदेश को भी राजस्व की भारी हानि हो रही है।

निर्मलनगर, राजनगर और सुरेंद्रनगर के पास बहने वाली इस सूखी नदी के किनारों से बड़े पैमाने पर दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से खनन माफिया नदी का सीना चीर रहे हैं। अवैध मिट्टी खनन के कारण हर साल बरसात में नदी अपना रुख बदल लेती है। इसके चलते किसानों की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि नदी में समा जाती है। रविवार को राजस्व विभाग की टीम ने गांव निर्मलनगर में बैगुल नदी का निरीक्षण कर पैमाइश की। मौके पर बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन की पुष्टि हुई। पटवारी रमेश सिंह ने बताया कि खनन क्षेत्र की पैमाइश कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट तैयार होने के बाद कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।



निर्मलनगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किया गया अवैध मिट्टी खनन। ● अमृत विचार

### मजबूत नेटवर्क के आगे पुलिस व प्रशासन नतमस्तक

शक्तिफार्म क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं के मजबूत नेटवर्क के आगे पुलिस, प्रशासन के साथ-साथ प्राइवेट माइनिंग टीम भी बेबस नजर आ रही है। खनन माफिया फील्डिंग लगाकर अवैध मिट्टी का परिवहन करते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से ट्रैक्टर चालकों को अधिकारियों व माइनिंग टीम के वाहनों की आवाजाही की सूचना दी जाती है। पुलिस चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित सड़कों से देर रात मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेखौफ दौड़ती रहती हैं। इसके बावजूद पुलिस द्वारा इन खनन माफियाओं पर लगाम न कस पाना सवालों के घेरे में है।

### कई बार हुई पैमाइश, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

राजस्व विभाग द्वारा इससे पहले भी कई बार पैमाइश की कार्रवाई की गई, लेकिन खनन माफियाओं की उच्चस्तरीय राजनीतिक पकड़ के कारण न तो माफियाओं पर कार्रवाई हुई और न ही खेत स्वामियों पर। नतीजतन खनन माफिया बेखौफ होकर दिन-रात अवैध मिट्टी खनन को अंजाम दे रहे हैं।

### ढाई महीने बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

**शक्तिफार्म :** बीते 31 दिसंबर को तहसील प्रशासन की टीम पर दबंगई दिखाकर अवैध मिट्टी से भरे वाहन को छुड़ाने वाले आरोपियों को ढाई महीने बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। वायरल वीडियो में आरोपी दबंगई करते हुए और तहसील कर्मियों से जबरन ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़ाकर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। इससे पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। स्वयं तहसीलदार हिमांशु जोशी ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था लेकिन ढाई माह बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ नहीं पाई है।

रात के अंधेरे में खनन माफिया बिना ट्रॉली का डाला लगाए नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों से मिट्टी का परिवहन करते हैं। सड़क पर मिट्टी गिरने से नगरवासियों और पर्यावरण मित्रों को साफ-सफाई में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार मिट्टी माफियाओं को ट्रॉली ढककर और डाला लगाकर परिवहन करने के लिए कहा गया, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हैं। **-सुमित मंडल**, चेयरमैन, नगर पंचायत शक्तिगढ़

### सीएम ने विधायक आदेश चौहान के पुत्र एवं पुत्रवधू को दिया आशीर्वाद

**जसपुरः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जसपुर विधायक आदेश सिंह चौहान के आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र एवं पुत्रवधू को शादी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया।

रविवार की सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हेलीकॉप्टर से नादेही चीनी मिल स्थित हेलीपैड पहुंचे। यहां काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, एसडीएम काशीपुर अभय प्रताप सिंह, एसपी स्वप्न किशोर सिंह, कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान, शीतल जोशी, विनीत चौहान, गौतम गिरी, प्राशीष विश्नोई आदि ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला विधायक आदेश सिंह चौहान के ग्राम निवार मंडी स्थित आवास पर पहुंचा। विधायक ने परिवार सहित मुख्यमंत्री का प्रतीक चिन्ह और बुके देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विधायक के पुत्र अपूर्व चौहान एवं पुत्रवधू दामिन देव सिंह को विवाह की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दीपक बाली, सुखदेव सिंह, राकेश चौहान, राहुल गहलोत, गजेंद्र सिंह, हिमांशु नंबरदार आदि मौजूद रहे।

# यूपीएससी में रैंक हासिल कर बेटियों ने बढ़ाया प्रदेश का मानः मुख्यमंत्री धामी




खटीमा में बेटियों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली छात्राओं से रविवार को अपने आवास पर मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेटियों ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में चयनित किच्छा निवासी शांभवी तिवारी, काशीपुर निवासी प्रिया चौहान और भीमताल निवासी सौम्या गर्व्याल से मुलाकात की। उन्होंने तीनों छात्राओं की सफलता को उनके प्रयास, समर्पण, अनुशासन और मेहनत का परिणाम बताया। मुख्यमंत्री ने तीनों बेटियों को पुस्तक, उपहार और शॉल भेंट कर सम्मानित किया और उनके परिजनों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बेटियां प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

**माउंट चंद्रभागा अभियान में सफलता पर लता बिष्ट को किया सम्मानितः** मुख्यमंत्री ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट को भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित माउंट चंद्रभागा-13 (6264 मीटर) और माउंट चंद्रभागा-14 (6074 मीटर) के पर्वतारोहण अभियान का टीम लीडर के रूप में नेतृत्व कर सफलतापूर्वक आरोहण करने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर लता बिष्ट को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एएसपी डॉ. उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि लोग मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री धामी ने सुनी जनसमस्याएं :** खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन, मुख्यमंत्री ने अपने निजी आवास नगला तराई और हेलीपैड लोहियाहेड में जनप्रतिनिधियों और जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है और अधिकारी इसे शीघ्रता से हल करें।



नगर में जुलूस निकालते नवनियुक्त जिला पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का किया स्वागत

**सितारगंज :** भाजपा के विभिन्न मोर्चों के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों के स्वागत में नगर में भव्य जुलूस निकाला गया। रविवार को महाराणा प्रताप चौक से शुरू हुई बाइक रैली नगर के मुख्य चौराहों से होते हुए तिरंगा चौक पहुंची। बीते दिन हुए जिला कार्यकारिणी गठन में भीष्म नारायण विद्रोही को अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष, अंकित गोयल को भाजयुमो का जिला उपाध्यक्ष, देवेश कुमार को अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला मंत्री, सुमित बहादुर पाल को जिला सोशल मीडिया संयोजक और वीरू भारती को अनुसूचित जाति मोर्चा का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष अंकित गोयल और देवेश कुमार ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल, शक्ति त्रिपाठी, अमित रस्तोगी, यश अरोरा रहे।

# उपभोक्ता अधिकार दिवस पर ग्रामीणों को किया जागरूक

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** ग्राम बानुसा में ग्राम प्रधान रामेश्वरी देवी की अध्यक्षता में आयोजित विधिक शिविर में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

आरबी सिंह राणा ने बताया कि "जागो ग्राहक जागो" अभियान भारत सरकार द्वारा 2025 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकार, जिम्मेदारियां और विवाद समाधान तंत्र से परिचित कराना है। इसके तहत टोल-फ्री नंबर 1915 और राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी जाती है ताकि उपभोक्ता ठगी और गलत व्यापार से बच सकें। उन्होंने ग्रामीणों को उपभोक्ता के मुख्य अधिकार और कर्तव्य बताए।

बिल अवश्य लेना, उत्पाद की गुणवत्ता जांचना, एमआरपी और एक्सपायरी डेट देखना, दुकानदार द्वारा मिलावट, अधिक दाम या खराब सामान मिलने पर शिकायत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पिंकी राणा, माया देवी और अन्य लोग उपस्थित रहे।




खटीमा के बानूसा में लोगों को जागरूक करते विधिक सेवा प्राधिकरण के लोग।

### एनएसएस शिविर के दौरान उपभोक्ता दिवस मनाया

**खटीमा :** शकुंतला शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के एनएसएस सात दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ आशीष तिवारी, सिविल जज, प्रबंधक डॉ. आनंद मोहन रतूड़ी और प्रधानाचार्य डॉ. भगत सिंह बोरा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी धर्मपाल दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संचालन विद्यालय के आचार्य बसंत बल्लभ जोशी ने किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने बच्चों को अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के विशेष अवसर पर उपभोक्ता जागरूकता से अवगत कराया।



दिनेशपुर के चितरंजनपुर में किसानों की समस्याएं सुनते समाजसेवी बलविंदर साहू।

### किसानों व मजदूरों की समस्याएं जस की तसः साहू

**दिनेशपुर :** समाजसेवी बलविंदर साहू ने कहा कि मजदूरों और किसानों की समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। सरकार के वादे और योजनाओं की घोषणाएं धरातल पर दिखाई नहीं दे रही हैं। बढ़ती महंगाई के कारण मजदूर और किसान दोनों ही दबते जा रहे हैं। सरकार द्वारा किए गए विकास के दावे भी फेल होते नजर आ रहे हैं। इस दौरान किसानों ने समाजसेवी बलविंदर साहू का जोरदार स्वागत किया। रविवार को चितरंजनपुर में जनसंपर्क के दौरान समाजसेवी बलविंदर साहू ने किसानों और मजदूरों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के चितरंजनपुर, प्रफुल्लनगर, श्रीरामपुर, कालीनगर और धीमरी ब्लॉक के कई गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, नाली, पेयजल, शिक्षा समेत अन्य समस्याएं बताईं। इस मौके पर किसान नेता परमानंद गंगवार, राजेश राजपूत, मुकुल कुशवाह, डीएस राणा, नेपाल मंडल, राजेश पासवान, त्रिलोक सिंह कोरंगा, विकास वेद, श्याम सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

आस्था

### मधुकृष्णा त्रयोदशी की पुण्यतिथि पर कल कामना सागर में होगा स्नान

# दिनेशपुर में महावारुणी स्नान महोत्सव का शुभारंभ आज

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** श्री हरिचांद-गुरुचांद धर्म मंदिर में तीन दिवसीय मतुआ महामेला, महावारुणी स्नान महोत्सव व विशाल भंडारे का आयोजन 16 से 18 मार्च तक प्रशासन की देखरेख में तीसरी बार किया जा रहा है। 17 मार्च को श्री हरिचांद-गुरुचांद धर्म मंदिर स्थित कामना सागर में मधुकृष्णा त्रयोदशी की पुण्यतिथि पर प्रातः 8:09 बजे से महावारुणी स्नान होगा।



विवेकानंद महाराज।

तीन दिवसीय मतुआ महामेला व महावारुणी स्नान महोत्सव के आयोजन के लिए सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रुद्रपुर के आदेश पर उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह के निर्देशन में तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी मोहम्मद यामीन और थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट सहित मतुआ हरिभक्तों की समिति के चार सदस्यों को नियुक्त किया गया है। श्री हरिचांद-गुरुचांद धर्म मंदिर के मठाधीश आचार्य स्वामी विवेकानंद महाराज ने बताया कि 16 मार्च (सोमवार) को प्रातः 8 बजे गंगामाता पूजा, निशान उत्तोलन और मंगल घट स्थापना के साथ मतुआ महामेला महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही महावारुणी आधिवास तथा श्री ठाकुर जी की पूजा-अर्चना की जाएगी। रात्रि में व्यापी हरिनाम संकीर्तन होगा। 17 मार्च (मंगलवार) को प्रातः 5 बजे प्रभात कीर्तन, 6 बजे हरि गोष्ठी कीर्तन, 7 बजे नगर कीर्तन तथा प्रातः 8:09 बजे मधुकृष्णा त्रयोदशी की पुण्यतिथि पर कामना सागर में मुख्य स्नान होगा। इसके बाद 12 बजे धूलोट कीर्तन, दोपहर 2 बजे भोग निवेदन व भोग आरती कीर्तन और 2:30 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि में नाम संकीर्तन और हरि यात्रागान (नाटक) का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 18 मार्च (बुधवार) को मतुआ सम्मेलन सभा में धर्म परिचर्चा के बाद शांति सभा आयोजित की जाएगी। साधु विदाई के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा। तीन दिवसीय मतुआ महामेला की व्यवस्था के लिए मेला प्रभारी तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी मोहम्मद यामीन, राजस्व उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार, नगर पंचायत कर निरीक्षक देव कुमार, लेखाधिकारी निर्मल पांडे, हरिचांद मतुआ सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर राय, सुभाष सरकार, प्रभाष विश्वास और समीर मंडल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।




दिनेशपुर स्थित श्री हरिचांद-गुरुचांद धर्म मंदिर। ● अमृत विचार

# धर्मपताका लेकर पहुंचे मतुआ अनुयायी

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** मतुआ धर्म संस्थापक श्री श्री हरिचांद ठाकुर जी की 215वीं जयंती पर आयोजित होने वाले महावारुणी महोत्सव का आज सोमवार को शुभारंभ होगा। गुरुग्राम स्थित मंदिर परिसर में धर्मध्वज की स्थापना के साथ अधिवास अनुष्ठान संपन्न होगा।

सोमवार को वारुणी महोत्सव आरंभ होने के करीब दो हफ़्ते पहले से ही मतुआ अनुयायी धर्मपताका लेकर घर-घर पहुंच रहे हैं। ढोल-डंका, मंजीरा बजाते हुए हरिबोल का जयघोष करते हुए अनुयायियों के पहुंचने पर लोग धर्मपताका का विधिपूर्वक पूजन करते हैं। मंगलवार सुबह आठ बजे मधु कृष्ण त्रयोदशी की पवित्र लग्न में मंदिर परिसर स्थित कामना सागर में हजारों श्रद्धालु महावारुणी गंगा स्नान करेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित अन्य राज्यों से हजारों अनुयायियों के भाग लेने का अनुमान है। उत्सव समिति के अध्यक्ष जयंत मंडल ने बताया कि 17 मार्च को सुबह गंगा स्नान के बाद भंडारे का आयोजन होगा और रात को ठाकुरजी की जीवनी पर जात्रा नाटक "जानोकीर फूलसज्जा" का मंचन होगा। 18 मार्च को जात्रा नाटक "काजोल रेखा" और 19 मार्च को "सोतीर ओभीशापे पागला भोला" का मंचन होगा। 20 मार्च को बाउल संगीत और शांति सभा के साथ महोत्सव का समापन होगा। मंदिर परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया-संवारा गया है।



मतुआ धर्मध्वज लेकर घर-घर पहुंचते अनुयायी। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### एसपी क्राइम ने लिया चैती मेले में सुरक्षा का जायजा

**काशीपुर :** चैती मेले के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी ने कोतवाली काशीपुर प्रभारी हरेंद्र चौधरी, कोतवाली आईटीआई प्रभारी रवि सैनी के साथ मेला परिसर व मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। एसपी क्राइम ने मेला परिसर में लगने वाली दुकानों के बीच के रास्तों, खेल-तमाशा क्षेत्र के रास्तों के साथ मंदिर के अंदर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के रास्ते को देखा। डोला के दौरान भीड़ अधिक होने लगने वाली कतार की बैरिकेडिंग कराने के अधीनस्थों को निर्देश दिए। साथ ही मंदिर व मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरे की नजर में रखने को कहा। मेले के दौरान सिविल ड्रेस में महिला-पुरुष की फोर्स को भी जगह-जगह तैनात किया जाए।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** स्थानीय महिला ने एक युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ कुंडेश्वरी क्षेत्र निवासी विक्रम सिंह ने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और पुलिस को सूचना देने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर विक्रम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भव्य रूप में मनेगी डॉ. आंबेडकर जयंती

**काशीपुर :** वेस्टर्न कॉलोनी बैलजुड़ी काशीपुर में डॉ. आंबेडकर स्मारक ट्रस्ट सोसायटी की बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर्व गत वर्षों की भांति मनाए जाने की बात कही। कहा कि स्कूल के छात्र-छात्राओं, अन्य संस्थाओं के समाजसेवी व व्यक्तियों को निमंत्रण देकर बुलाया जाएगा। बैठक में महिलाओं के लिए सिलाई, कढ़ाई सेंटर खोले जाने पर जोर दिया और उन्हें सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने पर विचार रखे गए। बैठक में जिलाध्यक्ष राकेश भगत, अध्यक्षता जोईल मसीह, सुरेंद्र सागर, शिव ओम, फ्रैंकलीन, कपिल कुमार गौतम, नईम अहमद, राधेश्याम, नीतू शर्मा, शिवानी, सुशील अग्रवाल रहे।

### नवोदय की प्रवेश परीक्षा में 171 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**काशीपुर :** पं. जीबी पंत इंटर कॉलेज में आयोजित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में पंजीकृत 211 परीक्षार्थियों में से 171 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। जबकि 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा से पूर्व केंद्र व्यवस्थापक राजकीय इंटर कॉलेज जोशी मझरा के प्रधानाचार्य आरके शर्मा ने कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक की। परीक्षा 11 बजे से प्रारंभ हुई। इस दौरान केन्द्र व्यवस्थापक शर्मा ने बताया कि उक्त परीक्षा केंद्र पर कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 144, कक्षा 7 में प्रवेश के लिए 8, कक्षा 8 में प्रवेश को 4 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए 15 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। उधर बीडीओ डीके साहू ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान पर्यवेक्षक अनिल कुमार राठौर, परीक्षा प्रभारी कुमार अमित नारंग, सहायक परीक्षा प्रभारी गुलाब सिंह, कौशलेश गुप्ता, राजू गौतम, अखिलेश कुमार, नितिन चौहान आदि मौजूद रहे।

### स्मैक और तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

**खटीमा :** कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात्रि करीब नौ बजे इस्लामनगर, कुरैशी मस्जिद के निकट निवासी नबी हसन उर्फ भांजा को 3.33 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं एक अन्य घटना में इस्लामनगर वार्ड संख्या 11 निवासी नाजिम को 315 बोर के तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, दीपक कुमार, राजेंद्र, मोहन सिंह बोरा, धनीराम आदि रहे।

# उत्तर भारत के ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियां चरम पर

## 19 मार्च से शुरू होगा मेला, 25 मार्च की अर्धरात्रि को मां बाल सुंदरी का डोला नगर मंदिर से पहुंचेगा चैती मंदिर, यात्रियों की सुविधा के लिए दो नए यात्री निवास बनाए

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तर भारत का ऐतिहासिक चैती मेला 19 मार्च से शुरू होगा। इसे लेकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

मां बाल सुंदरी देवी मंदिर के मुख्य पुजारी विकास अग्निहोत्री ने बताया कि चैती मेला प्रथम नवरात्र 19 मार्च से प्रारंभ होगा। 25 मार्च की अर्धरात्रि को मां बाल सुंदरी का डोला नगर मंदिर से चैती मंदिर परिसर पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि मां बाल सुंदरी की प्रतिमा 31 मार्च तक चैती मंदिर में विराजमान रहेंगी। इसके बाद 31 मार्च की अर्धरात्रि को मां का डोला चैती मंदिर से नगर मंदिर ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार मंदिर परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए दो नए यात्री निवास बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालु निशुल्क ठहर सकेंगे। इन यात्री निवासों में पंखों सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही मुंडन संस्कार के लिए एक बड़ा हॉल भी तैयार किया जा रहा है, ताकि छोटे बच्चों और उनके परिवारों को भीड़भाड़ से अलग व्यवस्थित स्थान मिल सके। इसके अलावा मंदिर के दक्षिण द्वार के पास श्रद्धालुओं के लिए एक नया प्याऊ बनाया जा रहा है, जिसके लिए करीब 300 फुट गहरा बोर कराया गया है।

**टेंडर के बाद शुरू हुआ दुकानों का निर्माण:** चैती मेले के लिए दुकानों, झूलों, तमाशों और सर्कस आदि के लिए मेला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद मेला परिसर में दुकानों का निर्माण शुरू हो गया है। वहीं झूले, सर्कस और खेल-तमाशे लगाने की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। मेला मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार विद्युत, साउंड, दुकानें, तहबाजारी, झूले, तमाशे और पार्किंग का टेंडर 4 करोड़ 70 लाख 40 हजार रुपये में हुआ है। मेले की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं।



काशीपुर स्थित चैती मंदिर।



काशीपुर में चैती मेला परिसर में झूला लगाते मजदूर। ● अमृत विचार

### चिकित्सा शिविर 22 से

**काशीपुर :** उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में रेडक्रॉस सोसाइटी काशीपुर शाखा के तत्वावधान में चैती मेला परिसर में निशुल्क रेडक्रॉस चिकित्सा शिविर लगाए जाने को लेकर पदाधिकारियों की बैठक हुई। रेडक्रॉस सचिव अरुण पंत ने बताया कि 15 दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ 22 मार्च को शाम चार बजे किया जाएगा। शिविर के संचालन के लिए विभिन्न समितियां गठित कर दी गई हैं।



जसपुर में मुख्यमंत्री धामी को निमंत्रण पत्र देते महापौर बाली व विधायक चीमा।

### आधुनिक मशीनों के कारण संकट में सिलबट्टे का कारोबार

**काशीपुर :** कभी सिलबट्टे में पिसे मसालों से खाने का स्वाद लोगों को खूब भाता था, लेकिन आधुनिक युग में अब इक्का-दुक्का लोग ही सिलबट्टे का प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में आधुनिक मशीनों के आने से सिलबट्टे का कारोबार संकट में पड़ गया है। पिछले सौ वर्षों से चैती मेले में पहुंच रहे मुरादाबाद निवासी राजेंद्र का परिवार सिलबट्टे समेत अन्य पत्थर की वस्तुएं बनाता है। राजेंद्र ने बताया कि उनके पूर्वजों के बाद वह स्वयं करीब 60 वर्षों से चैती मेले में अपने परिवार के साथ दुकान लगा रहे हैं। हर साल मेले में दुकान का किराया बढ़ रहा है, लेकिन उतना मुनाफा नहीं हो पाता कि परिवार का भरण-पोषण ठीक से हो सके। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से पहले दुकानों का किराया करीब दो से पांच हजार रुपये था, जो अब बढ़कर करीब 40 हजार रुपये हो गया है। आधुनिक मशीनों के कारण सिलबट्टे का कारोबार लगभग चौपट हो गया है। उन्होंने बताया कि वह सिलबट्टे के साथ मार्बल के चकले, दवाई पीसने के खरल समेत अन्य वस्तुएं बनाते हैं। इसके लिए वह राजस्थान से पत्थर मंगाते हैं। पहले वह प्रतिदिन करीब एक हजार रुपये कमा लेते थे, लेकिन अब दुकान का खर्च निकालना भी मुश्किल हो गया है।



काशीपुर में सिलबट्टे व अन्य वस्तुएं दिखाते राजेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

### महापौर व विधायक ने मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण

**काशीपुर :** जसपुर के कांग्रेस विधायक आदेश चौहान के पुत्र के विवाह समारोह के बाद नवदंपति को आशीर्वाद देने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का काशीपुर के विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और महापौर दीपक बाली ने हेलीपैड पर स्वागत किया और उन्हें 19 मार्च से शुरू होने जा रहे उत्तर भारत के प्रसिद्ध चैती मेले में आने का निमंत्रण दिया। महापौर दीपक बाली ने कहा कि चैती मेला काशीपुर की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के आगमन से मेले की गरिमा और बढ़ेगी।

### इस साल मेले में पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी पॉलीथिन

मेला प्रशासन ने इस बार मेले में पॉलीथिन को पूरी तरह प्रतिबंधित किया है। मेला मजिस्ट्रेट अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मेला परिसर की नियमित सफाई की व्यवस्था की गई है। धूल न उड़ने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव भी किया जाएगा। पॉलीथिन के उपयोग को रोकने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा।

### मेले में तैनात रहेंगे फायर कर्मी

**काशीपुर :** आग की घटनाओं की संभावना को देखते हुए मेला परिसर में अग्निशमन विभाग की विशेष व्यवस्था की गई है। अग्निशमन विभाग के एफएसओ श्याम सिंह रावत ने बताया कि मेला समाप्त होने तक एक बड़ा अग्निशमन वाहन तैनात रहेगा। पांच फायरकर्मी और एक चालक भी मेले में मौजूद रहेंगे। बाइक के माध्यम से फायरकर्मी नियमित गश्त करेंगे। दुकानदारों को भी सुरक्षा मानकों का पालन के निर्देश दिए गए हैं।

# डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महुआखेड़ागंज स्थित एक फैक्ट्री से मजदूरी कर कमरे पर लौट रहे युवक की डंपर की चपेट में आकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। उत्तर प्रदेश के जिला रामपुर के ग्राम करनपुर निवासी रामपाल (32) पुत्र जमुना प्रसाद पिछले लगभग 10-12 वर्ष से यहां महुआखेड़ा गंज में किराये का कमरा लेकर नैनो नामक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शनिवार की रात नाईट ड्यूटी करने के बाद रविवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर कमरे की ओर लौट रहा था। इसी दौरान महुआखेड़ा गंज क्षेत्र में वीरपुर रोड पर रजा पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित डंपर के चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान डंपर चालक वाहन मौके पर छोड़ कर भाग गया। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पैगा पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई सूरज ने बताया उसका बड़ा भाई रामपाल महुआखेड़ा गंज स्थित फैक्ट्री में मजदूरी करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया।

## नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप

**काशीपुर:** मुरादाबाद के बिलारी व वर्तमान में पैगा निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा 9 की छात्रा है। वह रोज सुबह 7 बजे ट्यूशन पढ़ने जाती थी। बीते 13 मार्च को जब वह सुबह 9 बजे तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने ट्यूशन टीचर से संपर्क किया। टीचर ने बताया कि वह उस दिन ट्यूशन आई ही नहीं थी। छात्रा की साइकिल ठाकुरद्वारा रोड स्थित एक राइस मिल के पास लावारिस मिली। मिल के सीसीटीवी की फुटेज में गांव का ही एक युवक तरुण बेटी को अपनी बाइक पर बैठाकर ले जाता दिखाई दे रहा है। पीड़ित पिता ने इस में तरुण के साथी आकाश, अभिषेक, शोभना शामिल होने का आरोप लगाया हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफ अपहरण की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तरुण हत्याकांड के विरोध में निकाला मशाल जुलूस

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** होली त्यौहार के दिन दिल्ली में हुई तरुण खटीक की निर्मम हत्या के विरोध में जसपुर में भारी जन-आक्रोश देखने को मिला। विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य मार्गों से मशाल जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और दिल्ली सरकार से इस मामले के दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा देने की मांग की। रविवार की शाम गांधी पार्क पर एकत्रित हुए हिंदूवादी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में हुई तरुण खटीक की हत्या का विरोध किया। यहां से मशाल हाथों में लेकर नगर के मुख्य मार्गों से जुलूस निकाला। जुलूस ठाकुर मंदिर चौक, बारी चौक, गांधी आश्रम, कोतवाली रोड होते हुए सुभाष चौक पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं के हाथों में जलती हुई मशालें और तरुण खटीक के समर्थन में तख्तियां थीं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश की राजधानी में जिस तरह से इस वारदात को अंजाम दिया गया है, उससे पूरे समाज में असुरक्षा और गुस्से का माहौल है। प्रदर्शन के दौरान लोगो ने स्पष्ट कहा कि मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषियों को फांसी दी जाए। साथ ही हिंदू समाज के युवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और मृतक के परिवार को उचित आर्थिक सहायता और न्याय मिले। मशाल जुलूस के मद्देनजर स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। इस दौरान खड़क सिंह चौहान, राजकुमार चौहान, जितेंद्र सिंह, शिवनंदन, विमल, मुकेश, अनीता आदि मौजूद रहे।



जसपुर में रविवार को मशाल जुलूस निकालते हिंदूवादी संगठन। ● अमृत विचार

# होटल संचालक तैयार करवा रहे मिट्टी के चूल्हे

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने से कई रेस्टोरेंट बंद हो गए हैं। जिनके पास गैस का स्टॉक है। उन्होंने तीस फीसदी तक दाम बढ़ा दिए हैं। कई रेस्टोरेंट स्वामियों का कहना है कि उन्हें ग्राहक लौटाने पड़ रहे हैं। सिलेंडर की आपूर्ति बुकिंग के बाद भी नहीं हो पा रही है। हालात यह है कि रेस्टोरेंट संचालकों को चूल्हा बनाकर अपने कर्मचारियों को भोजन कराना पड़ रहा है।

नगर निगम के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में पार्क नामक रेस्टोरेंट स्वामी सोनू जैन ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से रेस्टोरेंट दो दिन से बंद पड़ा है। कस्टमर तो आ रहे हैं, लेकिन उन्हें लौटना पड़ रहा है। वहीं कई ढाबा संचालकों पर भी मार पड़ी है। छोटे दुकानदार ज्यादा प्रभावित हुए हैं। या तो उनका कारोबार बंद हो गया या फिर उन्होंने रेट बढ़ा दिए हैं। निजड़ा स्थित फैमिली रेस्टोरेंट के संचालक रवि ने बताया कि उनके पास दो कमर्शियल गैस सिलेंडर थे। जिसमें से एक खत्म हो गया है। शगुन गार्डन के स्वामी विजय रावत ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने पर अब वह आगामी पार्टियों की बुकिंग को देखते हुए मिट्टी के चूल्हे तैयार करा रहे हैं। ताकि लकड़ी-कोयले की सहायता से खाना बनाया जा सके।



काशीपुर में शगुन गार्डन में मिट्टी का चूल्हा तैयार करते कारीगर। ● अमृत विचार

### गर्भवती नवविवाहिता की मौत के मामले में केस दर्ज

**जसपुर :** ग्राम लक्ष्मीपुर खेड़ा की पप्पू कॉलोनी निवासी गर्भवती नवविवाहिता नाजमा की संदिग्ध मौत में पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतका के पिता अब्दुल रसीद, निवासी ग्राम लालापुर पीपलसाना, जिला मुरादाबाद ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बेटी की शादी करीब आठ महीने पहले शाहनवाज पुत्र फईमुद्दीन से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित और मारपीट करते थे। आरोप है कि शनिवार सुबह पति शाहनवाज, सास हुसन जहां, ननद महरीन और शाकिर ने मिलकर नाजमा को फांसी लगाकर मार दिया। नाजमा गर्भवती थी, जिससे उसके गर्भस्थ शिशु की भी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी के अनुसार पोस्टमार्टम में फांसी की पुष्टि हुई है।

# केडीएफ सदस्यों ने किया एसटीपी का भ्रमण

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से काशीपुर विकास मंच (केडीएफ) ने निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट का भ्रमण किया।

रविवार को इस जागरूकता कार्यक्रम में केडीएफ के पदाधिकारियों एवं काशीपुर की विभिन्न सहयोगी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई ने किया और इसका संयोजन डॉ. चक्रेश कुमार जैन, उप सचिव काशीपुर कल्याण मंच ने किया। वर्तमान में कलश मंडप नाला से आने वाले गंदे पानी को इस एसटीपी प्लांट के माध्यम से शुद्ध किया जा रहा है। शीघ्र ही लक्ष्मीपुर माइनर का निर्माण पूर्ण होने पर शहर के अधिकांश क्षेत्रों का सीवेज जल इस प्लांट तक पहुंचेगा और पूरे शहर के वेस्ट वाटर का वैज्ञानिक तरीके से शोधन किया जा सकेगा। इस भ्रमण में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. पीके दीक्षित, सचिव डॉ. तरुण सोलंकी, डॉ. योगराज सिंह, बल्लभ भट्ट, एडवोकेट राजवीर सिंह खोकर, राकेश गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, सर्वेश यादव, आशीष वर्मा, हेमचंद हरबोला आदि रहे।



काशीपुर में एसटीपी प्लांट का भ्रमण करते केडीएफ के सदस्य। ● अमृत विचार



दिनेशपुर में फूल देई पर्व मनाने निकले बच्चे। ● अमृत विचार

### फूल देई पर दिनेशपुर के बच्चों में भी दिखा उत्साह

**दिनेशपुर :** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्वतीय समाज के बच्चों ने फूल देई-छम्मा देई लोक पर्व धूमधाम से मनाया। बच्चों ने सुख-शांति की कामना करते हुए लोगों के घरों की देहरियों में फूल चढ़ाए। गृहस्वामियों ने बच्चों को चावल, गुड़, फल और उपहार भेंट किए। रविवार को बच्चे सुबह ही नए परिधान पहनकर थाली, डलिया और थैले में फूल व अन्य सामग्री लेकर अपने परिचितों के घरों पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजों के सामने फूल चढ़ाकर देहरी पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पर्वतीय समाज में लोक पर्व को लेकर लोगों में खास उत्साह देखा गया। बच्चों ने भी पर्व का जमकर आनंद लिया। नगर के अलावा खटोला, मदनापुर, हरिपुरा, चरनपुर, चक्कीमोड़, ललपुरी, दलीपनगर, कूल्हा, तिलपुरी, धीमरी ब्लॉक और जयनगर सहित आसपास के गांवों में नन्हे-मुन्ने बच्चों की टोलियों ने प्रातः से ही फूल देई-छम्मा देई पर्व मनाया।

उल्लास

हर्षोल्लास से मनाया गया उत्तराखंड का लोक पर्व फूलदेई

# उपहार में बच्चों को मिले चावल, गुड़, टॉफी और शगुन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड का लोक पर्व फूलदेई यहां धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने घर-घर जाकर देहली पूजन किया और फूलदेई छम्मा देई, दैणी द्वार, भर भकार तुमर देहरी में बारंबार नमस्कार मंगल गीत गाकर लोगों को शुभकामनाएं भी दी।

रविवार को लोकपर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह पूजा अर्चना कर बच्चों ने फूलों की थाल सजाई और थाली और कपड़े का थैला लेकर फूलदेई पर्व मनाने घर-घर टोली बनाकर गए। बच्चों ने सरसों, गेंदा आदि कई प्रकार के फूलों से देहली पूजन किया। बदले में प्रत्येक घर से बच्चों को चावल, गुड़, टॉफी और शगुन किया गया। इसको मनाने के लिए बच्चों में उत्साह देखा गया।



काशीपुर में फूलदेई पर्व मनाते लोग। ● अमृत विचार



शांतिपुरी में उत्तराखंड के पारंपरिक फूलदेई पर्व पर द्वार पूजन करते नन्हें बच्चे।

### बच्चों ने फूल डालकर किया देहरी का पूजन

**सितारगंज :** पर्वतीय समाज के लोगों ने रविवार को फूलदेई पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। फूलदूई पर्व पर बच्चों ने फूलदेई छम्मा देई ... गीत गाकर घरों की देहरियों पर रंग-बिरंगे फूल डाले। फूलदेई के अवसर पर क्षेत्रों में सुबह ही बच्चों की टोलियां हाथों में फूलों की टोकरी लेकर घरों को देहरी पर फूल डालने पहुंची। फूल डालने आए बच्चों का घरों में स्वागत किया। नए व पारंपरिक परिधान में सजें बच्चों ने अपने व आसपास के घरों में जाकर देहरी में फूल डालकर उनकी सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान बच्चों के जलपान आदि की व्यवस्था की गई। उन्हें उपहार स्वरूप चावल, गुड़ व पैसे भेंट किए गए। इस मौके पर उनका शुभाशीष एवं मंगल कामनाएं प्राप्त की।

### शांतिपुरी में बच्चों ने घर-घर जाकर दी आशीष

**शांतिपुरी :** फूलदेई पर्व शांतिपुरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे हाथों में फूलों की टोकरी लेकर गांव के घर-घर पहुंचे और देहरी पर फूल बिखेरते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने पारंपरिक गीत गाए और परिवार की खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान ग्रामीणों ने बच्चों को गुड़, चावल, मिठाइयां और भेंट देकर उनका स्वागत किया। इधर शांतिपुरी नंबर दो, आनंदपुर में नन्हे बच्चों मानवी नेगी, तुषार दानू, पवन दानू, परि दानू, ख्याति दानू, पार्थ कोरंगा, प्रभात सिंह दानू, ऐश्वर्या कोरंगा, गुन्नू दानू, चिराग दानू, अक्षु दफोटी, पार्थ दफोटी, देवेंद्र कोरंगा और स्नेहा कोरंगा समेत दर्जनों बच्चों ने द्वार पूजन किया।

### वर्ल्ड ताइक्वांडो जूनियर चैंपियनशिप के लिए दो खिलाड़ियों का चयन

**काशीपुर :** राज्य के दो प्रतिभाशाली ताइक्वांडो खिलाड़ियों का चयन 2026 वर्ल्ड ताइक्वांडो जूनियर चैंपियनशिप के लिए किया गया है। प्रतियोगिता 12 से 17 अप्रैल तक ताशकंद, उज्बेकिस्तान के ओलंपिक सिटी कॉम्प्लेक्स में होगी, प्रतियोगिता के लिए आस्था जोशी (अल्मोड़ा) का चयन जूनियर अंडर-42 किग्रा भार वर्ग में और निहाल देवली (पिथौरागढ़) का चयन जूनियर अंडर-63 किग्रा भार वर्ग में हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने 13 से 14 मार्च को सोनीपत, हरियाणा में हुए फाइनल सेलेक्शन ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड ताइक्वांडो एंड पैरा ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का चयन वर्ल्ड ताइक्वांडो जूनियर चैंपियनशिप के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। एसोसिएशन के महासचिव रवि शंकर सिंह फर्स्वाण, उपाध्यक्ष आनंद सिंह बोरा, रेनू रावत और प्रदीप जोशी ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

अमृत विचार



ब्रीफ न्यूज

### वरिष्ठ पत्रकार विनय शर्मा को मातृ शोक



टनकपुर : वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार शर्मा की माता विमलेश शर्मा (63) पत्नी बद्री प्रसाद शर्मा का शनिवार शाम उपचार के दौरान निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रही थीं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के विकरा गांव निवासी विमलेश लंबे समय से अपने पति तथा बच्चों के साथ टनकपुर में रह रही थी। रविवार को उनका अंतिम संस्कार टनकपुर शारदा घाट में किया गया, उनके ज्येष्ठ पुत्र विनय कुमार शर्मा और कनिष्ठ पुत्र ओम प्रकाश शर्मा ने चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में रूप सिंह राजपूत, पंकज अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, नीरज सिंह, अभिषेक शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा, सुमित कुमार आदि शामिल रहे। पत्रकार संघ ने उनके निधन पर शोक जताया है।

### निशुल्क नेत्र शिविर में 120 लाभान्वित

हल्द्वानी : पीलीकोठी स्थित नर सिंह पैलेस में वार्ड 51 के पार्षद मुकेश बिष्ट और वार्ड 52 की पार्षद रेखा बिनवाल की ओर से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 120 लोगों की आंखों की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गईं। आयोजकों ने बताया कि जरूरतमंद मरीजों की आगे की जांच और ऑपरेशन निशुल्क शुभानु अस्पताल में कराए जाएंगे।

# धूमधाम से मनाया गया प्रकृति के सौंदर्य का पर्व फूलदेई

## बच्चों ने घर-घर पहुंच देहरी पर फूल और चावल अर्पित किए और फूलदेई छम्मा देई गाकर लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले भर में फूलदेई का पर्व रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने घर-घर जाकर देहरी पर फूल और चावल अर्पित कर फूलदेई छम्मा देई, दैणी द्वार भर भकार तुमार देली में बार-बार..., मंगल गीत गाकर लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की।

दरअसल, फूलदेई उत्तराखंड का एक प्रमुख पारंपरिक लोकपर्व है, जो चैत्र मास की संक्रांति (मार्च) को वसंत ऋतु के स्वागत में मनाया जाता है। इसे 'बाल पर्व' भी कहते हैं। इसमें बच्चे मुख्य भूमिका निभाते हैं और घर-घर जाकर दहलीजों पर ताजे फूल (बुरांस, प्योली) डालकर खुशहाली का आशीर्वाद देते हैं। जिसके बदले उन्हें गुड़-चावल और दक्षिणा मिलती है। रविवार को फूलदेई पर्व पर बच्चे स्नान आदि कर सुबह हाथों में बुरांश, प्योली, सरसों समेत सतरंगी फूलों से सजी थाली लेकर निकले। बच्चों ने अपने-अपने गली-मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में घर-घर जाकर पुष्प और चावल अर्पित कर देहरी पूजन किया। लोगों ने भी शगुन के तौर पर बच्चों को चावल, गुड़ और पैसे आदि दिये।



अल्मोड़ा में फूलदेई पर्व पर बच्चों ने घर-घर देहरी का पूजन किया। ● अमृत विचार

### टोकरियों और थालियों की जगह थैलों ने ली

**अल्मोड़ा :** बच्चे फूलदेई छम्मादेई दैणी द्वार भरी भकार तुमार देई में बार-बार नमस्कार कहते हुए अधिकतर घरों तक गए। लेकिन अब आधुनिक युग में प्रकृति के पर्व फूल देई भी विलिप्ति की कगार पर पहुंच रहा है। एक दशक पहले जहां बच्चे पर्व पर रिंगल टोकरियां और थालियों पर देहरी पूजते थे, वहीं अब इनकी जगह पॉलीथिन व स्टील के बर्तनों ने ली फूलदेई के लिए पहले बच्चे रिंगाल की टोकरी लेकर जाते थे। अब टोकरियां कम दिख रहीं हैं।

फूलदेई पर मिले चावल और गुड़ से रात्रि में घरों में हलवा, छोई आदि पकवान बनाये गये। पर्व को लेकर बच्चों में उत्साह देखा गया।

**भिटौली माह शुरू:** फूलदेई के दिन से भिटोली देने का महीना भी शुरू हो गया है। भाई अपनी बहन को भिटौली देने उसकी ससुराल जाता है। इन दिन से काला महीना भी लग जाता है। नव विवाहिता काले महीने में सात दिन या पूरे महीने मायके में ही रहती हैं।

### बागेश्वर में उत्साह से मनाया फूलदेई पर्व

**बागेश्वर :** जनपद में फूलदेई का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुबह ही बच्चों ने घर में पूजा-अर्चना की तथा इसके बाद आस पड़ोस के घरों में जाकर देहरी पूजन किया तथा लोगों को सुख-समृद्धि की कामना की। बदले में गृह स्वामियों ने परंपरानुसार बच्चों को उपहार में पैसे, चावल, गुड़ व टॉफी आदि प्रदान दिए। बच्चों का इस त्योहार के प्रति काफी उत्साह देखा गया।



बागेश्वर में फूलदेई त्योहार पर उत्साहित बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों की टोलियां सुबह से ही पहुंचने लगीं घरों पर



**बैरती (अल्मोड़ा) :** वसंत के स्वागत का प्रतीक पारंपरिक लोक पर्व फूल देही गेवाड़घाटी क्षेत्र में भी हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों की टोलियां सुबह से ही घरों में पारंपरिक शुभ कामना के लोक गीत, फूल देही छम्मा देही, दैंणी द्वार भरी भकार, तुम्हार देइ में नमस्कार...गाते हुए पहुंचने लगी। बच्चों द्वारा हर घर में खुशहाली और अच्छी फसल की कामना करने पर लोगों ने उन्हें उपहार स्वरूप गुड़, चावल और पैसे भेंट किए। इस क्षेत्र के पान, बैरती, तिलपाड़ा, पिनबगड़, गैंड़, थामण, सुन्दरखोला-भियांखेत, गैराड़, चितैली, सेलागढ़ी, सेलाखेत, भगतोला, भैनर, ककनर, उलैनी, बमनगांव, दड़माड़, अखोड़िया, मेहलचोंरा, महाकालेश्वर, छाना, दंतोला, बसभीड़ा, गड़स्यारी, महतगांव में पर्व की धूम रही।

### उत्साहित बच्चों ने घर-घर जाकर किया देहरी का पूजन

**टनकपुर/चम्पावत :** चम्पावत जिले में नगर सहित ग्रामीण इलाकों में प्रकृति से जुड़ा फूलदेई का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह छोटे-छोटे बच्चों ने बुरांश, प्योली, सरसों आदि के फूल थालियों व टोकरियों में एकत्रित किए और अपने-अपने गली-मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में घर-घर जाकर पुष्प और चावल अर्पित कर देहरी पूजन किया।

घरों के मुख्य द्वार पर फूल चढाए और "फूल देई, छम्मा देई, दैणी द्वार भर भकार, ये देली स बारंबार नमस्कार" लोक गीत गाया। लोगों ने बच्चों को गुड़, चावल, मिठाई के साथ दक्षिणा देकर आशीर्वाद दिया।

मान्यता है कि बच्चे देवस्वरूप होते हैं। माना जाता है कि फूलदेई के दिन बच्चों का घर के द्वार पर फूल चढ़ाना सुख-समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक होता है। इस बार फूलदेई पर्व के दिन पापमोचनी एकादशी का अद्भुत संयोग भी बना, जिससे लोगों की आस्था और अधिक बढ़ गई।

चम्पावत के अलावा लोहाघाट, टनकपुर, बनबसा, पाटी, बाराकोट विकास खंड के विभिन्न स्थानों पर यह लोकपर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

# गैस के लिए छात्रों को देनी होगी आईडी व प्रमाण पत्र

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सोबन सिंह जीना परिसर के छात्रों को मिनी सिलेंडर भरवाने के लिए सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। छात्रों को सिलेंडर रिफिल करने के लिए विवि कुलपति से लिखित पत्र के साथ ही परिचय पत्र भी दिखाना पड़ेगा।

दरअसल, मध्य पूर्व में छिड़े महासंग्राम के बीच गैस की आपूर्ति चरमरा गई है। इसका असर अब छात्रों में भी पढ़ रहा है। परिसर में साढ़े पांच हजार से भी अधिक छात्र-छात्राएं अध्यननरत है। इनमें से काफी संख्या में छात्र अल्मोड़ा के अलावा बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत व अन्य जिलों के निवासी हैं जो कि यहां किराए में रहकर पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। अधिकतर छात्र मिनी सिलेंडर का ही उपयोग करते हैं, लेकिन अब कॉमर्शियल सिलेंडर बंद होने से यह छात्र सिलेंडर नहीं भर पा रहे हैं। इस कारण उन्हें दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। छात्रों का सिलेंडर भी रिफिल हो सके और साथ ही कालाबाजारी पर भी रोक लगाने को अब प्रशासन की ओर से नियम बनाया गया है। छात्रों को मिनी सिलेंडर रिफिल करने के लिए विवि के कुलपति से लिखित पत्र लेकर आना होगा।

> जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेडरों की आपूर्ति हो रही है। छात्रों को किसी प्रकार की दिक्कतें ना हो इसके लिए उन्हें मिनी सिलेंडर रिफिल करने के लिए विवि के कुलपति से लिखित पत्र लेकर आना होगा। इसके बाद छात्र मिनी सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।
> -**मुकेश जलाल**, प्रबंधक अल्मोड़ा गैस सर्विस

# घर-घर गैस सिलेंडर पहुंचने से राहत

संवाददाता,टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर जनपद चम्पावत में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जनपद में सरकारी अवकाश के बाद भी रविवार को सुबह से ही निर्धारित डिलीवरी प्वाइंट्स के माध्यम से गैस वितरण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके साथ ही दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डोर-टू-डोर गैस वितरण की व्यवस्था भी संचालित की जा रही है।

इसी क्रम में खटकना पुल के पास गैस वाहन द्वारा स्थानीय लोगों के घर-घर जाकर और निर्धारित डिलीवरी प्वाइंट्स पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए। घर पर ही गैस सिलेंडर मिलने से क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिली और उन्हें अनावश्यक आवाजाही से भी बचाव हुआ। जिला प्रशासन द्वारा किए गए इस प्रबंध के चलते उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में काफी राहत मिली है तथा वितरण व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में भी लोगों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों एवं गैस एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि गैस वितरण कार्य को पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए, ताकि प्रत्येक उपभोक्ता को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। जिला प्रशासन द्वारा आम जनमानस से अपील की गई है कि वे धैर्य बनाए रखें और प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार गैस सिलेंडर प्राप्त करें।



चम्पावत में रसोई गैस सिलेंडर लेकर पहुंचा वाहन। ● अमृत विचार

### कपकोट में खंडहर में मिला नर कंकाल

**बागेश्वर:** कपकोट थाना क्षेत्र में एक खंडहरनुमा मकान से नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

रविवार दोपहर कपकोट स्थित स्टेट बैंक के पास कुछ बच्चे खेलते हुए एक खंडहर में पहुंच गए। वहां उन्हें बिस्तर, कपड़े और कुछ हड्डियां दिखाई दीं। बच्चों ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों के अनुसार दीपक नेपाली नामक मजदूर पिछले छह-सात माह से क्षेत्र में दिखाई नहीं दिया है। कंकाल उसी का होने की आशंका जताई जा रही है।

# भोजन को उतरा चालक बस दौड़ा ले गया युवक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** यहां धारानौला बस स्टैंड पर खड़ी एक यात्री बस को एक संदिग्ध युवक स्टार्ट कर ले भागा। उस समय बस में पांच यात्री सवार थे। किसी को अंदाजा नहीं था कि स्टेयरिंग पर बैठा व्यक्ति बस का ड्राइवर नहीं कोई अन्य है। गनीमत रही कि पुलिस के एक सिपाही ने पीछा कर बस को करबला के पास रोक लिया।

पुलिस के अनुसार हल्द्वानी जा रही एक केमू बस बीते शनिवार शाम धारानौला में रुकी थी। इस दौरान चालक और परिचालक पास के होटल में भोजन करने गए थे और बस में चाबी लगी रह गई थी। इसी का फायदा उठाकर एक युवक बस चलाकर हल्द्वानी की ओर निकल पड़ा। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम एक्टिव हुई और करबला के पास बस को रोक लिया गया। पुलिस ने बस दौड़ाने वाले युवक अब्दुल अमीर खान पुत्र अब्दुल अमीर निवासी भवाली को हिरासत में ले लिया। युवक को धारानौला चौकी लाया गया। इसके बाद पुलिस ने युवक के परिजनों से संपर्क साधा तो उन्होंने बताया कि युवक मानसिक रूप से परेशान है। वह चालक रह चुका है। पुलिस ने उसके खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की है।

> सूचना मिली थी कि एक युवक खड़ी बस को स्टार्ट कर हल्द्वानी की ओर ले गया गया है। टीम ने बस को करबला के पास रोक लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मानसिक रुप से अस्वस्थ है। मामले में कार्रवाई की गई है। -**आनंद बल्लभ कश्मीरा**, चौकी प्रभारी धारानौला

# चिकित्सा देयकों के भुगतान की मांग

- अल्मोड़ा में गवर्नमेंट पेंशनर्स की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा
- लोनिवि से सेवानिवृत्तों को पेंशन नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की रविवार को मासिक बैठक हुई। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं, लोनिवि के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दो माह से पेंशन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई।

बैठक में पेंशनर्स ने कहा कि लोनिवि के सेवानिवृत्त कर्मचारी दो माह से पेंशन नहीं मिलने से परेशान हैं। 1996 से पहले से पेंशन पा रहे कई पेंशनर्स की पेंशन बिना कारण रोक दी गई है। वहीं, पेंशनर्सो ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयकों का भुगतान करने समेत कई मांगों को उठाया। इसके आलावा पेंशनर्स ने लोक गायक दीवान कनवाल के निधन पर दो मिनट का मौन रख मृतक आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। यहां बैठक में जिलाध्यक्ष हेम चंद्र जोशी, आनंद सिंह बगडवाल, डॉ. गोकुल सिंह रावत, पीएस सत्याल, पुष्पा कैड़ा, सुनयना मेहरा, गजेंद्र सिंह नेगी, देव सिंह टंगड़िया, मदन सिंह मनराल, मोहन सिंह, चंद्रमणी भट्ट, रमेश पांडे, पीएस जोशी, डॉ. आईसी जोशी, किशोर जोशी, गिरीश जोशी, गिरीश तिवारी, डॉ. धाराबल्लभ पांडेय, विपिन जोशी आदि मौजूद रहे।



गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### बागेश्वर में बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट

**बागेश्वर :** जिले में रविवार को मौसम ने अचानक करवट बदल ली। सुबह से ही बादल छाए रहे और दोपहर बाद कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। हालांकि सायंकाल मौसम फिर से साफ हो गया।

सुबह से ही जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में तेज बारिश हुई, जबकि कुछ स्थानों पर हल्की ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। इसके चलते पूरे जिले में शीत लहर का असर महसूस किया गया और तापमान गिरकर करीब 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दोपहर बाद जिला मुख्यालय बागेश्वर सहित कई क्षेत्रों में लंबे समय तक बूंदाबांदी होती रही। वहीं गरुड़, कौसानी और कपकोट में तेज बारिश हुई। बारिश और ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट आ गई।

# कहानी में लिखेंगे बागेश्वर की आध्यात्मिकताः गांधी

- मुंबई के फिल्म संवाद लेखक चिंतन गांधी सपरिवार बागेश्वर बाबा बागनाथ के दर्शन किए

अशोक लोहनी, बागेश्वर

**अमृत विचार:** मुंबई के फिल्म संवाद लेखक चिंतन गांधी अपनी पत्नी, स्वतंत्र पत्रकार रक्षा गांधी के साथ निजी दौरे पर बागेश्वर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाबा बागनाथ मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी प्राप्त की।

चिंतन गांधी ने कहा कि शिव नगरी बागेश्वर से वे काफी प्रभावित हुए हैं और यहां आकर उन्हें नई ऊर्जा का अनुभव हुआ है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में वे फिल्मों की कहानी और संवादों में बागेश्वर की महिमा और यहां की आध्यात्मिकता के अंश शामिल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में फिल्मांकन और कहानी लेखन की अपार संभावनाएं हैं। वर्ष 2007 में नैनीताल की पहली यात्रा के बाद से उनका पहाड़ों से गहरा जुड़ाव बन गया, जो समय के साथ पहाड़ प्रेम में बदल गया। इसके बाद उन्होंने गढ़वाल और कुमाऊं के कई क्षेत्रों का भ्रमण किया और उत्तराखंड से जुड़े विषयों पर कहानियां लिखनी शुरू कीं। चिंतन गांधी ने बताया कि वे अपनी फिल्मों में पहाड़ के पलायन, भूस्खलन, पर्यटन, तीर्थ स्थलों के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव और लोक संस्कृति जैसे विषयों को शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं। स्वयं को शिव भक्त बताते हुए उन्होंने कहा कि बाबा बागनाथ मंदिर के दर्शन उनके लिए एक अलग और सकारात्मक अनुभव रहा। उन्होंने बताया कि अब तक वे कई फिल्मों में संवाद लेखन कर चुके हैं और पिछले कुछ वर्षों से फिल्म स्क्रिप्ट लेखन में भी सक्रिय हैं। अपूर्व लखिया द्वारा निर्देशित फिल्म बैटल ऑफ गलवान के लेखन में भी वे सुरेश नायर और चिंतन शाह के साथ जुड़े रहे हैं।

चिंतन गांधी की बागेश्वर यात्रा के बाद लोगों में उम्मीद जगी है कि भविष्य में कुमाऊं के धार्मिक और पर्यटन स्थलों की ओर फिल्म जगत का ध्यान आकर्षित होगा, जिससे यहां के पर्यटन और धार्मिक प्रचार-प्रसार को बढ़ावा मिल सकता है।



सरयू तट, बागेश्वर में लेखक चिंतन गांधी का परिवार। ● अमृत विचार

सम्मेलन

अल्मोड़ा में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का हुआ जिला सम्मेलन, सम्मेलन में कूड़ा निस्तारण, पेयजल और गैस की समस्याओं को उठाया

# व्यवसायियों की समस्याओं के समाधान को संघर्ष करेगा व्यापार मंडल

- व्यापारियों की एकजुटता पर दिया गया जोर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अल्मोड़ा की ओर से रविवार को जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सम्मेलन में व्यापारियों की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि व्यापार मंडल परिवार एकजुट होकर सभी इकाइयों की समस्याओं के समाधान को लेकर संघर्ष करेगा।

व्यापार मंडल भवन में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हरीश सोनी और विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री मनीष जोशी ने किया। इस दौरान जिले के विभिन्न इकाइयों के अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं को मंच के माध्यम से रखा गया। पदाधिकारियों की ओर से सभी व्यापारियों को आश्वस्त किया कि व्यापार मंडल परिवार एकजुट होकर सभी इकाइयों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेगा। इसके अलावा सम्मेलन में प्रमुख रूप से कूड़ा निस्तारण, पेयजल की समस्या तथा गैस सिलेंडर से संबंधित समस्याओं को उठाया गया। ग्रामीण इकाइयों दन्या, कोसी, लमगड़ा, धौलछीना, शीतलाखेत, गोविंदपुर, बाड़ेछीना, पेटशाल, गुरुड़ाबाज, जैंती और सेराघाट के व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि गैस सिलेंडर को लेकर हो रही परेशानियों के कारण किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुशील साह, महामंत्री भैरव गोस्वामी, संयुक्त महामंत्री दिनेश मठपाल, महिला उपाध्यक्ष अनीता रावत, हरीश दरमवाल, रवि बनौला, शहजाद कश्मीरी, दीप जोशी, पवन साह, आशु गोस्वामी, संजीव गुप्ता, योगेंद्र महाजन, ज्योति कपूर, नरेंद्र कुमार, विक्की, ललित मिश्रा, अमन नज्जौन, प्रतेश पांडे, राजेंद्र प्रसाद, कमल तिवारी, दीप लाल साह, ललित कार्की, प्रकाश रावत, जया साह, वकुल साह, नरेंद्र साह, चंदन सिंह बिष्ट, शिवराज सिंह, सुरेंद्र सिंह, दरबान सिंह रावत, शिवराज सिंह, बसंत धूवाल, त्रिलोक पुना, प्रमोद पांडे, पूरन बिष्ट, कैलाश तिवारी, हरीश कपकोटी, गणेश पाठक, केदार सिंह, दीपक सुयाल, नवीन जोशी, गोविंद जोशी, चंदन सिंह मेहरा, नीरज जोशी समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।



अल्मोड़ा व्यापार मंडल के जिला सम्मेलन में मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया

व्यापार मंडल की ओर से सम्मेलन के दौरान नगर निगम के कूड़ा निस्तारण वाहन चालक सत्य प्रकाश रावत को उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली को देखते सम्मानित कर उनके कार्य की सराहना की गई। वहीं, लोक गायक दीवान कनवाल के निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बाराकोट गांव में लगाए पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** वन विभाग की कड़ी मशक्कत के बाद बाराकोट गांव में लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हो गया है। रविवार सुबह गुलदार के पिंजरे में फंसने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

बताया जा रहा है कि एक मार्च को जंगल में पशुओं के लिए चारा लेने गई बाराकोट गांव की तुलसी देवी पर गुलदार ने हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। घटना के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, लेकिन कई दिनों तक गुलदार पिंजरे के आसपास नहीं आया। रविवार सुबह विभाग को गुलदार के पिंजरे में कैद होने की सूचना मिली। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार को पिंजरे सहित क्षीणा वन चौकी ले आई। रेंजर आरके जोशी ने बताया कि पिंजरे में कैद नर गुलदार की उम्र लगभग तीन से चार वर्ष के बीच है। उसे रेस्क्यू सेंटर भेजने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि पकड़ा गया गुलदार वही है जिसने महिला पर हमला किया था। एहतियात के तौर पर लोगों से अभी भी सतर्क रहने की अपील की गई है। टीम में नंदा बल्लभ भट्ट, प्रकाश गिरी, रमेश त्रिवेदी, राजेंद्र भट्ट, गोकुल सिंह, दीवान सिंह और केशव दत्त सहित कई वनकर्मी शामिल रहे।

अमृत विचार
सोमवार, 16 मार्च 2026



मनुष्यों का अस्तित्व उनकी चेतना से निर्धारित नहीं होता, बल्कि इसके विपरीत, उनका सामाजिक अस्तित्व ही उनकी चेतना को निर्धारित करता है।
–कार्ल मार्क्स, दार्शनिक

# सुधार के आसार

देश में घरेलू और व्यावसायिक इस्तेमाल की गैस आपूर्ति में सुधार का आसार नजर आने लगा है। सरकार की कालाबाजारियों पर कारगुजारी से इसकी किल्लत की अफवाहों के शीघ्र समाप्त होने के संकेत मिलने लगे हैं। 92 हजार सात सौ टन एलपीजी ला रहे दो जहाजों के कल तक गुजरात के कांडला तथा मुंद्रा बंदरगाह पर आ लगने की संभावना के साथ 22 दूसरे जहाज, जो हार्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में रुके हैं, जिनमें से छह एलपीजी ला रहे हैं, उन्हें भी शीघ्र वहां से निकलने की उम्मीद ने यह आशा बढ़ा दी है कि निकट भविष्य में घरेलू और कामर्शियल गैस सिलेंडरों की समस्या नहीं आने वाली। इसके अलावा कई अन्य जहाज खाड़ी के क्षेत्र में रुके हुए हैं, उन्हें भी सुरक्षित निकालने के लिए जहाजरानी मंत्रालय और सरकार अपने स्तर पर लगी हुई है। इसके अलावा ऊर्जा सुरक्षा के लिए विदेश मंत्रालय अमेरिका, इजरायल और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संपर्क के साथ वैकल्पिक स्रोत तथा रास्ते भी देख रही है।

29 राज्यों में वाणिज्यिक गैस आपूर्ति सुचारू होना भी स्थितियों में सकारात्मक प्रगति का संकेत है। इसी के मद्देनजर पेट्रोलियम मंत्रालय ने 75 लाख से बढ़ाकर अचानक 88 लाख प्रतिदिन पहुंच गई सिलिंडर बुकिंग पर लोगों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है, आपूर्ति के प्रति आश्वस्त रहें। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले दो जहाजों की सुरक्षित निकासी केवल एक समुद्री घटना नहीं, बल्कि भारत की सक्रिय कूटनीति और ऊर्जा सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण संकेत है। यह संकेत देता है कि भारत ने क्षेत्रीय शक्तियों, विशेषकर ईरान और खाड़ी देशों के साथ संवाद की ऐसी संतुलित नीति अपनाई है, जिससे संकट की स्थिति में भी भारतीय हितों की रक्षा संभव हो पाती है। हालिया घटनाक्रम से घरेलू और वाणिज्यिक गैस संकट के तत्काल दबाव में कुछ राहत के संकेत अवश्य मिले हैं, लेकिन यदि क्षेत्रीय संघर्ष लंबा खिंचता है, तो स्थिति फिर से अस्थिर हो सकती है। ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता अक्सर कीमतों में तेज वृद्धि, आपूर्ति में देरी और घरेलू स्तर पर कालाबाजारी जैसी समस्याओं को जन्म देती है। यह मान लेना जल्दबाज़ी होगी कि ईरान शेष भारतीय जहाजों को भी स्वतः निर्बाध मार्ग प्रदान कर देगा। होर्मुज का समुद्री मार्ग वैश्विक भू-राजनीति से गहराई से जुड़ा है और वहां की परिस्थितियां तेजी से बदलती रहती हैं, इसलिए भारत को निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखना होगा।

यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर इसका असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्पष्ट है कि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित निकासी तत्काल राहत का संकेत अवश्य है, लेकिन यह ऊर्जा सुरक्षा की बड़ी चुनौती का स्थायी समाधान नहीं। भारत को अपनी कूटनीति, ऊर्जा नीति और समुद्री क्षमता तीनों को समान रूप से मजबूत करना होगा, साथ ही घरेलू स्तर पर वितरण प्रणाली की निगरानी और डिजिटल ट्रैकिंग को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, तभी कालाबाजारी और जमाखोरी को रोका जा सकेगा और भविष्य में ऐसे संकटों का सामना अधिक आत्मविश्वास से किया जा सकेगा।

## प्रसंगवश

# हरियाणा सिविल सर्विस में ट्रांसजेंडर को समान अवसर

समाज में समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा में ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी नौकरियों में आवेदन का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति हरियाणा सिविल सेवा (HCS) सहित अन्य सरकारी पदों के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर सकेंगे। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और संवैधानिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

जहां एक ओर समाज में आज भी ट्रांसजेंडर समुदाय को भेदभाव की नजरों से देखा जाता है, वहीं न्यायपालिका का यह हस्तक्षेप आशा की किरण बनकर सामने आया है। लंबे समय से ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्वीकार्यता के क्षेत्रों में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहा है। सरकारी नौकरियों के आवेदन पत्रों में केवल पुरुष और महिला का विकल्प होने के कारण वे स्वयं को पंजीकृत करने में असमर्थ रहते थे। इससे न केवल उनके अधिकार सीमित होते थे, बल्कि वे मुख्यधारा की प्रतिस्पर्धा से भी बाहर रह जाते थे। हाईकोर्ट ने इस स्थिति को असंवैधानिक मानते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलना चाहिए।



धनीश शर्मा
लेखक

कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा सरकार और संबंधित आयोगों ने आवेदन फॉर्म में तीसरे लिंग (ट्रांसजेंडर) का कॉलम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में आवश्यक तकनीकी संशोधन किए गए, ताकि ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी बिना किसी बाधा के आवेदन कर सकें। प्रशासनिक दृष्टि से यह परिवर्तन भले ही एक तकनीकी सुधार लगे, लेकिन सामाजिक परिप्रेक्ष्य में इसका प्रभाव अत्यंत व्यापक है। यह कदम यह संदेश देता है कि शासन व्यवस्था अब समाज के हर वर्ग को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा सिविल सेवा राज्य की प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इसमें चयनित अधिकारी प्रशासनिक, राजस्व, विकास और कानून-व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। ऐसे में ट्रांसजेंडर समुदाय को इस सेवा में भागीदारी का अवसर मिलना समानता की भावना को सशक्त करता है। यह न केवल ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि समाज में उनकी पहचान और सम्मान को भी मजबूती देगा।

वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद देशभर में नीतिगत सुधारों की अपेक्षा की जा रही थी। यह पहल यदि पहले हो जाती तो बेहतर होता, क्योंकि संवैधानिक अधिकारों की स्थापना में देरी भी एक प्रकार की बाधा ही मानी जाती है। फिर भी, देर से ही सही, यह कदम स्वागत योग्य है। न्यायपालिका ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है।

जब तक रोजगार के अवसर समान रूप से उपलब्ध नहीं होंगे, तब तक वास्तविक सामाजिक सशक्तिकरण संभव नहीं है। सरकारी सेवा में चयन केवल आर्थिक स्थिरता ही नहीं देता, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान भी प्रदान करता है। यदि ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य प्रशासनिक तंत्र का हिस्सा बनते हैं, तो वे समाज के विविध वर्गों की समस्याओं को अधिक संवेदनशीलता से समझ सकेंगे और नीतियों के निर्माण में व्यापक दृष्टिकोण ला सकेंगे। यह परिवर्तन केवल कागजों तक सीमित न रहे। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, परामर्श और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत को घटानी होगी ऊर्जा आयात पर निर्भरता





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल उन देशों तक सीमित नहीं है, जो सीधे युद्ध में शामिल हैं, बल्कि उन सभी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। एलपीजी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता ने भारत की आर्थिक वृद्धि, महंगाई और चालू खाता घाटे (CAD) को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है, कि क्या यह ऊर्जा संकट भारत की जीडीपी वृद्धि को धीमा कर सकता है और क्या सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के अनुसार भारत की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2026 में लगभग 6.5 से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, लेकिन इस आर्थिक विकास की एक बड़ी कमजोरी यह है कि भारत ऊर्जा के मामले में अभी भी आयात पर अत्यधिक निर्भर है। देश अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत से अधिक विदेशों से आयात करता है, इसलिए जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो उसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

एलपीजी के मामले में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। भारत में एलपीजी की मांग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में देश में एलपीजी की कुल वार्षिक खपत लगभग 31 मिलियन टन तक पहुंच चुकी है। इसमें से लगभग 20 से 21 मिलियन टन एलपीजी आयात के माध्यम से आती है, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 12 से 13 मिलियन टन के आसपास है। इसका अर्थ है कि भारत की एलपीजी जरूरत का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा आयात पर निर्भर है।

एलपीजी की बढ़ती मांग का एक बड़ा कारण पिछले वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या में हुई तेजी है। वर्ष 2014 में भारत में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, जो आज बढ़कर 32 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी की पहुंच को बढ़ाया है, जिससे इसकी मांग में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि भारत की ऊर्जा निर्भरता भी तेजी से बढ़ी है।

भारत के एलपीजी और तेल आयात का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। पश्चिम एशिया के समुद्री मार्ग, विशेष रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का परिवहन इसी मार्ग से होता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसके ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव के कारण आपूर्ति बाधित होती है, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है।

हाल के दिनों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमतें 95 से 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं, यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष और बढ़ता है, तो यह कीमतें और अधिक बढ़ सकती हैं। तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था पर कई तरह से असर डालती है। सबसे पहला प्रभाव महंगाई पर पड़ता है। जब तेल और गैस महंगे होते हैं, तो परिवहन, बिजली और उत्पादन लागत बढ़ जाती है। इससे खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होती है। महंगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति घटती है और मांग कमजोर पड़ने लगती है।

दूसरा बड़ा प्रभाव जीडीपी वृद्धि दर पर पड़ता है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 0.3 से 0.5 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसका कारण यह है कि ऊर्जा लागत बढ़ने से उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ जाती है और निवेश तथा उत्पादन दोनों प्रभावित होते हैं।

तीसरा और सबसे गंभीर प्रभाव चालू खाता घाटे (CAD) पर पड़ता है। भारत पहले से ही अपने ऊर्जा आयात के कारण भारी विदेशी मुद्रा खर्च करता है। यदि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि होती है, तो भारत के आयात बिल पर लगभग 12 से 15 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ सकता है और रुपये की कमजोरी भी बढ़ सकती है।

भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा खपत लगातार बढ़ेगी। ऐसे में यदि भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

सरकार ने इस जोखिम को कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। भारत ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बनाए हैं, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में कुछ समय तक ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखा जा सके। इसके अलावा सरकार ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बनाने और अमेरिका, रूस तथा अन्य देशों से ऊर्जा आयात बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है।

इसके साथ-साथ भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से निवेश कर रहा है। सरकार ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य में भारत की ऊर्जा निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि अमेरिका-इज़राइल-ईरान संघर्ष केवल एक भू-राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

## आमने सामने



बीजेपी अपना मूल स्वरूप और विचारधारा छोड़ती जा रही है। जो पार्टी कभी समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी कहलाती थी, उसमें अब उन्हीं लोगों को किनारे किया जा रहा है, जिन्होंने दशकों तक जमीन पर काम किया। मौजूदा हालात देखकर कई बार उनका मन राजनीति से संन्यास लेने का होता है।
–अजेंद्र अजय
बीजेपी नेता, उत्तराखंड

पार्टी के खिलाफ इस तरह की बातें सार्वजनिक मंचों पर रखना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो व्यक्ति ऐसी सोच रखता हो, वह बीजेपी का कार्यकर्ता कहलाने का अधिकारी नहीं है।
–महेंद्र भट्ट
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा उत्तराखंड



# सुंदरता सचमुच प्राकृतिक और शाश्वत सत्य है!



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

इतिहास बताता है कि अलग-अलग समय और स्थानों पर सुंदरता के पैमाने बिल्कुल अलग रहे हैं। यूरोप में एक समय पतली कमर को स्त्री-सौंदर्य का आदर्श माना गया और कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे, कि स्त्रियों को सांस लेने में कठिनाई होने लगती थी। चिकित्सा इतिहासकारों ने दर्ज किया है कि लंबे समय तक कॉर्सेट पहनने से सांस लेने में समस्या, पाचन संबंधी दिक्कतें और पसलियों के आकार तक में बदलाव देखे गए। चीन में सदियों तक छोटे पैरों को सुंदरता, शिष्टता और विवाह-योग्यता से जोड़ा गया। बच्चियों के पैरों को बचपन से ही कसकर बांधा जाता था, ताकि वे छोटे बने रहें। इतिहासकार डोरोथी को के शोध बताते हैं कि इस प्रथा ने लाखों स्त्रियों की गतिशीलता सीमित कर दी।

दुनिया के कुछ हिस्सों में सुंदरता का अर्थ भरा-पूरा शरीर रहा है। अफ्रीका के कई समुदायों में शरीर पर बने विशेष चिह्न, अलंकरण या आभूषण सुंदरता और पहचान का हिस्सा रहे हैं। भारत में भी समय और क्षेत्र के अनुसार सुंदरता के मानक बदलते रहे हैं। कहीं गोरी त्वचा को सुंदरता का प्रतीक माना गया, कहीं बड़ी आंखों और लंबे बालों को, कहीं पतले शरीर को आधुनिक आकर्षण का संकेत बनाया गया, तो कहीं भरे-पूरे शरीर को स्वास्थ्य और समृद्धि से जोड़ा गया। औपनिवेशिक दौर और उसके बाद के विज्ञापन इतिहास पर हुए अध्ययनों से यह भी सामने आता है कि गोरी त्वचा को वरीयता देने वाली प्रवृत्तियां आधुनिक बाज़ार और उपनिवेशवादी सौंदर्य-राजनीति से भी जुड़ी रहीं।

इन सभी उदाहरणों से एक बात साफ़ होती है, सुंदरता कोई स्थायी सत्य नहीं है। वह समय, समाज और संस्कृति के साथ बदलती रहती है, लेकिन इन मानकों के अनुसार खुद को ढालने का सबसे अधिक दबाव लगभग हर समाज में स्त्रियों पर ही पड़ा है। धीरे-धीरे यह दबाव इतना सामान्य बना दिया जाता है कि वह नियम जैसा लगने लगता है।

कई घरों में यह शिक्षा डांट की तरह नहीं, सलाह की तरह आती है। धूप में कम खेलो, रंग दब जाएगा। बाल ठीक रखो। ज़रा सलीके से बैठो। लड़की हो, अपने ऊपर ध्यान देना सीखो। ऐसे ही जाओगी क्या, थोड़ा तैयार हो लो। इन वाक्यों में कोई एक बड़ा अत्याचार दिखाई नहीं देता, पर इन्हीं से वह लंबी मानसिक रचना शुरू होती है, जिसमें लड़की अपने आप को व्यक्ति से पहले प्रस्तुति के रूप में देखना सीखती है।

यही वह जगह है, जहां सुंदरता पसंद नहीं रहती, वह एक सामाजिक अभ्यास में बदल जाती है। लड़की को केवल पढ़ना, काम करना, विनम्र रहना और संबंध निभाना ही नहीं सिखाया जाता, उसे अपने चेहरे, त्वचा, बाल, चाल, देह, कपड़ों और गंध तक पर चौकन्ना रहना भी सिखाया जाता है। बहुत-सी लड़कियां बहुत जल्दी सीख जाती हैं कि उन्हें कमरे में मौजूद होने भर से काम नहीं चलेगा; उन्हें 'ढंग से' मौजूद होना होगा। यह ढंग कोई निजी खोज नहीं होता; उसे परिवार, विद्यालय, बाज़ार, परदा, साथियों की राय और अब सामाजिक माध्यम मिलकर गढ़ते हैं।

देह-छवि पर हुए समकालीन अध्ययनों ने भी यही दिखाया है कि साथियों का दबाव, पारिवारिक टिप्पणी, मीडिया और विद्यालयी वातावरण मिलकर युवाओं की देह-धारणा बनाते हैं। ब्रिटेन की मेंटल हेल्थ फ़ाउंडेशन की रिपोर्ट में पाया गया कि 54 प्रतिशत लड़कियों ने कहा कि सामाजिक माध्यमों की छवियों ने उन्हें अपने शरीर को लेकर चिंतित किया। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा 2023 में प्रकाशित विश्लेषणों में संकेत मिला कि सामाजिक माध्यमों का उपयोग सीमित करने पर किशोरों और युवाओं में अपने रूप और वज़न को लेकर बेहतर महसूस करने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। यहीं बाज़ार अपना सबसे चतुर काम शुरू करता है। वह स्त्री से यह नहीं कहता कि तुम गलत हो; वह उससे कहता है कि तुम और बेहतर हो सकती हो। यह भाषा सुनने में प्रेरक लगती है, पर उसका पूरा ढांचा एक स्थायी कमी पर टिका होता है।

मनोविज्ञान में इस अनुभव को समझाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण अवधारणाएं दी गई हैं। उनमें से एक हैस्व-वस्तुकरण (Self-Objectification)। इसका अर्थ है कि व्यक्ति स्वयं को एक जीवित अनुभव की तरह नहीं, बल्कि दूसरों की नज़र से देखी जाने वाली वस्तु की तरह देखने लगता है। इसके साथ जुड़ी होती हैदेह-निगरानी (Body Surveillance) यानी लगातार यह देखना कि हम कैसे दिख रहे हैं। इससे रूप-संबंधी चिंता (Appearance Anxiety) बढ़ती है और व्यक्ति दूसरों से लगातार अपनी तुलना करने लगता है, जिसे मनोविज्ञान में सामाजिक तुलना (Social Comparison) कहा जाता है। इन प्रक्रियाओं पर अमेरिकी मनोवैज्ञानिक बारबरा फ्रेडरिकसन और टोमी-ऐन रॉबर्ट्स के प्रसिद्ध 'ऑब्जेक्टिफिकेशन सिद्धांत' में विस्तार से चर्चा की गई है।

अंत में बात बस इतनी है, लड़कियों को सुंदर बनने की नहीं, बिना सुंदर ठहराए भी पूरी तरह मनुष्य माने जाने की ज़रूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

यूरोप में कभी पतली कमर के लिए महिलाओं के कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे कि वह सांस भी मुश्किल से ले पाती थीं।

## सोशल फोरम

# पहलवी की दावत और नीलो





साकिब सलीम
ब्लॉगर

जब शाह रज़ा पहलवी की दावत ने एक पाकिस्तानी अभिनेत्री को आत्महत्या की कोशिश तक पहुंचा दिया और इससे हबीब जालिब की बग़ावती नज्म पैदा हुई, जिसका रिश्ता बाद में फ़िलिस्तीन से भी जुड़ा।

नीलो 1960 के दशक में पाकिस्तान की बेहद लोकप्रिय फ़िल्म अभिनेत्री थीं। उनका जन्म एक कैथोलिक परिवार में हुआ था। उनका नाम था, सिंथिया अलेक्ज़ेंडर फ़र्नांडिस। 1956 में उन्होंने फ़िल्मी दुनिया में आते ही अपना स्क्रीन नाम नीलो रख लिया और 1965 तक वे पाकिस्तान की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में गिनी जाने लगीं।

11 फ़रवरी 1965 को उन्हें उस वक़्त के पाकिस्तान के गवर्नर अयूब ख़ान के क़रीबी सहयोगी आमिर मोहम्मद ख़ान ने बुलाया। ईरान के शासक शाह रज़ा पहलवी के सम्मान में एक डिनर पार्टी रखी गई थी और नीलो से उसमें नृत्य करने को कहा गया, लेकिन नीलो के विचार समाजवादी थे। उनका मानना था कि तानाशाहों और शासकों की निजी महफ़िलों में नाचना उनके उसूलों के ख़िलाफ़ है।

उन्होंने उस दावत में प्रदर्शन करने से साफ़ इंकार कर दिया। जैसा कि उम्मीद थी, यह बात गवर्नर को बेहद नागवार गुज़री। पुलिस भेजी गई और नीलो को गिरफ़्तार कर लिया गया। उन्हें ज़बरदस्ती उस पार्टी में लाया गया, ताकि वे नृत्य करें। इस अपमान और ज़िल्लत से टूटकर नीलो ने नींद की गोलियों की भारी मात्रा खा ली। पुलिस ने जैसे ही उन्हें नाचने पर मजबूर किया, वे बेहोश होकर फ़र्श पर गिर पड़ीं। डॉक्टरों को उन्हें बचाने में कई दिन लग गए।

तानाशाहों के सामने उनके इस साहसिक विरोध के अलावा पाकिस्तान की फ़िल्म इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया भी बेहद मज़बूत और एकजुट थी। फ़िल्मकारों ने नीलो के समर्थन में एक दिन की हड़ताल का एलान किया। मशहूर प्रगतिशील शायर हबीब जालिब, जो फ़िल्मों के लिए भी लिखते थे, उन्हें अस्पताल में देखने जा रहे थे। रास्ते में ही उन्होंने एक बेहद ताक़तवर और बग़ावती नज़्म लिखी- 'नीलो'।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# निंदा प्रस्ताव से ज्यादा बड़ी भूमिका में आए यूएन

अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों के सामने संयुक्त राष्ट्र संघ लाचार और मजबूर है। न तो इसके पास कोई अधिकार है न ही इसकी कोई सुनता है। पूरी शक्ति का प्रयोग यह संगठन सिर्फ छोटे देशों पर ही कर पाता है। बड़ी महाशक्तियां उसकी सुनती नहीं। अपनी आर्थिक, सामरिक ताकत के दम पर इस संगठन को अमेरिका, रूस, चीन जैसे देशों ने बंधक बना लिया है। कई ध्रुवों में बंट चुके देशों को अब एकजुट होना होगा और अपने हितों के लिए दंतविहीन इस संगठन को मजबूत करना होगा।

अब भी अगर सदस्य देश एकजुट नहीं हुए, तो फिर अमेरिका जैसे देशों की दादागिरी चलती रहेगी। आज ईरान में बेगुनाह मारे जा रहे हैं, कल किसी और देश की धरती को बारूद से पाट दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा संघ की फिर से बैठक बुलाई जाएगी। निंदा प्रस्ताव पास किया जाएगा, लेकिन युद्ध नहीं रुकेगा।



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जा जमाने की चाहत में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी देश की धरती को खंडहर में तब्दील कर दिया। बम रूस की धरती पर भी फट रहे हैं। जानें वहां भी जा रही हैं, लेकिन चार साल से संयुक्त राष्ट्र संघ बार-बार निंदा प्रस्ताव पास करने के अतिरिक्त कुछ नहीं कर सका। कई बार वहां युद्ध रोकने का प्रस्ताव भी पास हुआ, पर नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों के 10 लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट 2026 के अनुसार इस युद्ध में लगभग 325,000 रूसी सैनिक व 140,000 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में की गई थी। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने, भविष्य में युद्धों को रोकने, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना था। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से मानव अधिकारों की रक्षा व सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना था, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह अपने उद्देश्य को पूरा कर पा रहा है? तो जवाब आता है, नहीं।

1950 के दशक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव डैग हैमरस्कजोल्ड ने मजाकिया लहजे में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र हमें स्वर्ग तक पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि नरक से बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन यह संस्था हमें युद्ध रूपी नरक से बचा नहीं पा रही है, इसलिए अब यह धारणा बनती जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र एक संगठन के रूप में तेजी से अक्षम और अप्रभावी होता जा रहा है।

वैसे तो इस संगठन में 193 देश हैं, लेकिन कब्जा सिर्फ वीटो पॉवर वाले देशों अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और ब्रिटेन का ही है। रूस ने यूक्रेन पर यह कहकर हमला किया था कि वह नाटो का सदस्य बनकर उसके लिए खतरा बन रहा है, लेकिन इस युद्ध के पीछे यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जे की योजना थी, जो साफ दिखती है। यूक्रेन-रूस युद्ध रुकवाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावे तो बड़े- बड़े किए थे। रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक भी की थी, लेकिन दुनिया को शांति का संदेश देते-देते वे खुद ही युद्ध करने में जुट गए।

ईरान में सत्ता किसकी रहेगी यह तय करने का अधिकार वहां की जनता का है, लेकिन सत्ता परिवर्तन के नाम पर ट्रंप ने इजरायल के साथ मिलकर इस देश को युद्ध में झोंक दिया और इसकी आग से सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, यूएई जैसे देश भी झुलस रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

अमृत विचार

# व्हील्स

# युद्ध ने बढ़ाया संकट मुसीबत में ऑटो सेक्टर

भारत में निर्मित होने वाली कारों के लिए मध्य पूर्व के देश एक बड़ा और प्रमुख बाजार है। लेकिन वहां लगी युद्ध की आग से कार निर्माता कंपनियां मुसीबत में आ गई हैं।

अ

सुरक्षा और बढ़े हुए बीमा शुल्क के कारण टाटा, मारुति और हुंडई जैसी कंपनियों को अपनी शिपमेंट रोकनी या टालनी पड़ रही हैं। हालांकि घरेलू बाजार में कारों की मांग पर अभी कोई असर नहीं पड़ा है, बीते माह यात्री और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतें और आर्थिक अनिश्चितता अगर बढ़ती है, तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तमाम लोग नए वाहन खरीदने का फैसला टाल सकते हैं। देश का ऑटोमोबाइल सेक्टर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से गंभीर दबाव में आ गया है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती सप्लाई चेन बनाए रखना और निर्यात की राह में खड़ी बाधाएं हैं। मध्य पूर्व देशों में तनाव और समुद्री रास्तों पर खतरे के कारण भारतीय ऑटो कंपनियों ने मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के कुछ देशों में गाड़ियों की शिपमेंट टाल दी हैं। कंपनियों को डर है कि युद्ध के कारण शिपिंग लागत बढ़ सकती है और सुरक्षा का जोखिम भी है। इसी तरह कच्चे माल की आपूर्ति बाधित होने से उत्पादन लागत बढ़ना शुरू हो गई है। इनपुट लागत बढ़ने का असर घरेलू बाजार में कारों की कीमतों और ईवी की मांग पर पड़ सकता है।

- सप्लाई चेन में व्यवधान, दबाव में निर्यात
- लॉजिस्टिक्स और शिपिंग लागत में वृद्धि
- उत्पादन लागत बढ़ने का मंडराता खतरा

### भारतीय कारों व दो पहिया वाहनों के लिए बड़ा बाजार है मध्य पूर्व

- मध्य पूर्व और नार्थ अफ्रीका के करीब 20 देशों का क्षेत्र, जिसे 'मीना' कहा जाता है, भारतीय कारों और दो पहिया वाहनों के लिए अहम बाजार है। ऐसे में वैश्विक तनाव से भारतीय ऑटो कंपनियों के सामने सबसे बड़ी चिंता इन देशों को होने वाले निर्यात तथा माल ढुलाई की लागत बढ़ने को लेकर है। हुंडई इंडिया अपने कुल उत्पादन का लगभग 21 फीसदी इन्हीं देशों को निर्यात करती है। टाटा मोटर्स का भी सबसे ज्यादा कारोबार यहां है। अशोक लेलैंड अपने निर्यात का 35 फीसदी इन देशों को भेजती है, तो बजाज ऑटो भी 15 फीसदी तक निर्यात मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका देशों को करता है। जाहिर है, इस स्थिति में युद्ध लंबा खिंचने से जिन कंपनियों का मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका क्षेत्र में ज्यादा निर्यात है, उनकी बिक्री पर तो सीधा असर पड़ेगा, लेकिन बाकी कंपनियों को भी माल ढुलाई दरें और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से कच्चे माल की लागत बढ़ने का असर झेलना पड़ेगा।

## टायर उद्योग को सता रहा महंगाई की मार का खतरा



मौजूदा संघर्ष से देश के टायर उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। सप्लाई चेन पर दबाव आ सकता है। वाहन टायर निर्माताओं के संगठन (एटमा) ने केंद्र सरकार को बताया है कि भारत से पश्चिम एशिया को सालाना लगभग 25-26 करोड़ डॉलर के टायरों का निर्यात होता है। होर्मुज स्ट्रेट और स्वेज नहर सहित प्रमुख समुद्री मार्गों में अस्थिरता यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका को होने वाली खेपों को प्रभावित कर सकती है, जिससे माल भेजने में देरी और माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है। टायर बनाने में कच्चे माल की लागत का 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल से जुड़ा होता है। सिंथेटिक रबर, कार्बन ब्लैक, प्रोसेसिंग ऑयल और टायर कॉर्ड फैब्रिक जैसे मुख्य इनपुट कच्चे तेल से ही आते हैं।



### टोयोटा, हुंडई और मारुति ने पिछले साल किया करोड़ों डॉलर का निर्यात

- सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार भारत से साल 2025 में 8.8 बिलियन डॉलर मूल्य की कारों का वैश्विक निर्यात किया गया था, जिसका एक चौथाई हिस्सा सिर्फ मध्य पूर्व के देशों के लिए था। टोयोटा ने पिछले साल 47 करोड़ डॉलर का निर्यात किया, जिसमें 30 करोड़ डॉलर की कीमत की कारें सिर्फ मध्य पूर्व के देशों में भेजी गई थीं। इसी तरह हुंडई मोटर ने करीब 75 करोड़ डॉलर का निर्यात खाड़ी देशों को किया था, जबकि मारुति सुजुकी की मिडिल ईस्ट के निर्यात में हिस्सेदारी करीब 45 करोड़ डॉलर थी।

### वाहन पुर्जा उद्योग भी मौजूदा हालात को लेकर परेशान

- वाहन पुर्जा उद्योग ने चेताया है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और लाल सागर में जहाजों के मार्ग में बाधाओं के कारण निर्यात की लॉजिस्टिक लागत बढ़ रही है, खेप भेजने में में देरी हो रही है तथा महत्त्वपूर्ण कच्चे माल का आयात बाधित हो रहा है। इसके साथ ही उत्पादन के लिए जरूरी एलपीजी और पीएनजी की उपलब्धता को लेकर भी चिंताएं बढ़ रही हैं। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विक्रमपति सिंघानिया का कहना है कि निर्यात के उत्पादन से जुड़े प्रमुख इनपुट का निर्यात और आयात दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं।

## ऑटो न्यूज



### 42 % स्कूटरों की बिक्री में पिछले माह दर्ज हुआ उछाल

- स्कूटरों की बिक्री में बीते माह फरवरी में 42.3% का बड़ा उछाल आया। देश भर में 7,29,774 यूनिट स्कूटरों की खरीद हुई। इसके मुकाबले मोटरसाइकिलों की बिक्री में 30.8% की वृद्धि दर्ज की गई और 10,96,537 यूनिट बाइक्स बेची गईं। इस तरह फरवरी में टू-व्हीलर की बिक्री में कुल मिलाकर 35.2% की बढ़त सामने आई और 18,71,406 यूनिट लोगों ने खरीदीं। इसके मुकाबले पिछले साल इस माह में 13,84,605 यूनिट टू-व्हीलर की बिक्री हुई थी।



### 74,573 थ्री-व्हीलर की पिछले माह हुई बिक्री

- तीन पहिया यानी थ्री-व्हीलर सेगमेंट में भी मजबूत प्रदर्शन सामने आया। फरवरी में तीन पहिया वाहनों की बिक्री 29% बढ़कर 74,573 यूनिट रही, जबकि पिछले साल यह 57,788 यूनिट थी पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में भी फरवरी माह में अच्छी वृद्धि देखने को मिली। कुल 4,17,705 यूनिट की बिक्री हुई। यह पिछले साल के 3,77,689 यूनिट के मुकाबले 10.6% ज्यादा रही, जबकि इसमें लग्जरी ब्रांड की बिक्री शामिल नहीं रहे।

## नई कारें : हाईटेक फीचर्स, नए स्टैंडर्ड्स

नई कार खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए नई लॉन्चिग ने नए अवसर और विकल्प दिए हैं। मसलन, पुरानी यादों में खोए रहने वाले खरीदारों को आखिरकार अपनी डस्टर वापस मिल गई है। टाटा सिएरा को हाथोहाथ लिए जाने के बाद अब टाटा सिएरा ईवी धमाल मचाने की तैयारी में है, तो इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों के लिए एबेला भी भरोसेमंद विकल्प बन सकती है, जबकि रफ्तार और परफॉर्मेंस के दीवाने एसक्यू8 को देखकर ललचा सकते हैं।

### रेनॉल्ट डस्टर की पुरानी यादें नए अवतार में

- रेनॉल्ट डस्टर यह एसयूवी साल 2022 में भारत में बंद कर दी गई थी, चार साल बाद अब इसे नए अवतार में फिर से लॉन्च किया गया है। यह कार उन परिवारों के लिए आदर्श है जो सुविधाओं से भरपूर कॉम्पैक्ट एसयूवी की तलाश में हैं। माना जा रहा है कि नई डस्टर एक परिपक्व डिजाइन और अपडेटेड तकनीक के साथ क्रेटा और सेल्टोस को कड़ी टक्कर देगी। ग्राहकों को इसकी डिलीवरी अगले माह शुरू होने की उम्मीद है।
- नई डस्टर में दो टर्बो पेट्रोल इंजन ऑप्शन होंगे। पहला 1.0 लीटर टर्बो इंजन जो 100बीएचपी की पावर देगा, दूसरा 1.3 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन 163बीएचपी की पावर पैदा करेगा। सुरक्षा के लिए इसमें छह एयरबैग और 360 डिग्री कैमरा के साथ लेवल-2 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम है। नए मॉडल में लेन कीप असिस्ट और एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल भी होगा। मजबूत बाहरी डिजाइन और अंदर डुअल डिजिटल डिस्प्ले दिए गए हैं। टॉप वेरिएंट में पैनोरमिक सनरूफ और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें भी मिलेंगी। रेनॉल्ट डस्टर के नए अवतार की कीमत करीब 11 से 20 लाख के बीच रहेगी।



### ई-विटारा से अलग है टोयोटा की अर्बन क्रूजर एबेला

- टोयोटा की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर एबेला भी मार्केट में आ गई है। इसकी 25 हजार रुपये के साथ दो माह पहले बुकिंग की गई थी। इसकी कीमत 17 से 23 लाख रुपये एक्स शोरूम है। यह मारुति ई विटारा का टोयोटा संस्करण है, लेकिन उससे थोड़ी अलग तथा प्रीमियम है। इसमें 49 किलोवाट घंटे और 61 किलोवाट घंटे की दो बैटरी विकल्प उपलब्ध हैं, जो 543 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करेंगे। इस एसयूवी में छह एयरबैग, डुअल 10.25 इंच की डिजिटल स्क्रीन, जेबीएल साउंड सिस्टम, पैनोरमिक ग्लास रूफ और टॉप वेरिएंट में लेवल 2 एडीएएस मिलेगा। जानकारों के मुताबिक यह हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक और महिंद्रा बीई 6 को टक्कर देती नजर आएगी।







### 25 अपडेट्स के साथ आई नई हुंडई वरना

हुंडई इंडिया ने अपनी पॉपुलर सेडान 'वरना' का नया मॉडल पेश किया है, इसके जरिए कंपनी की नजर मिड साइज सेडान सेगमेंट के खरीदारों पर है। कंपनी ने इस लग्जरी सेडान में डिजाइन, टेक्नोलॉजी और सेफ्टी से जुड़े 25 से ज्यादा बड़े बदलाव किए हैं। एक्सटीरियर में भी कई कॉस्मेटिक और स्टाइलिश बदलाव हुए हैं। इसमें ब्लैक क्रोम रेडिएटर ग्रिल, डुअल एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप्स और नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बंपर दिए गए हैं। कार को स्पोर्टी लुक देने के लिए 16-इंच के डायमंड-कट अलॉय व्हील्स लगाए गए हैं। 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग के कारण इस कार का मुकाबला होंडा सिटी, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस से माना जा रहा है। इस कार को 25 हजार रुपये की राशि देकर बुक किया जा सकता है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 11 लाख रुपये है।



### अब धमाल मचाने आ रही टाटा सिएरा ईवी

- टाटा सिएरा पिछले दिनों लॉन्च हुई चर्चित गाड़ियों में शुमार रही थी। इस कार को ग्राहकों ने कितना पसंद किया, इसका अंदाजा इसकी बुकिंग से लगाया जा सकता है, जिसने वेटिंग पीरियड लंबा कर दिया। अब टाटा सिएरा ईवी की लॉन्चिग आकर्षण के केंद्र में है। कंपनी इस इलेक्ट्रिक वेरिएंट को भी हाथोहाथ लिए जाने की उम्मीद लगाए है। टाटा सिएरा ईवी को अगले दो माह के भीतर लॉन्च किया जाएगा। यह कार रोज यात्रा करने वालों के लिए उन लोगों के लिए भरोसेमंद होगी, जिनके पास घर में चार्जिंग की सुविधा है और जो अपना मासिक ईंधन खर्च काफी कम करना चाहते हैं। सिएरा ईवी रेट्रो-प्रेरित डिजाइन को आधुनिक ईवी आर्किटेक्चर के साथ जोड़ती है। इसके इंटीरियर में टिकाऊ सामग्री और सिएरा श्रृंखला की खासियत वाला विशाल केबिन लेआउट होगा। एक बार चार्ज करने पर इसकी रेंज लगभग 500 किलोमीटर होने की उम्मीद है। डीसी फास्ट चार्जर से एक घंटे से कम समय में इसे 60 फीसदी तक चार्ज किया जा सकेगा। कंपनी का दावा है कि सिएरा ईवी ईंधन की लागत को खत्म कर देती है। कम रखरखाव और संचालन लागत इसे समान मूल्य वर्ग में पेट्रोल से चलने वाली कारों के मुकाबले बेहतर दावेदार बनाती हैं। इस कार की अनुमानित कीमत 18 से 24 लाख के बीच होने की उम्मीद है।



### ऑडी एसक्यू 8 में पावर और भव्यता का संतुलन

- जिन लोगों को लगता रहा है कि ऑडी स्टैंडर्ड क्यू 8 में ताकत की थोड़ी कमी है, तो एसक्यू 8 उम्मीदों पर खरी उतरने वाली है। एसक्यू 8 में इंजन तो 4.0-लीटर ट्विन-टर्बो वी8 ही लगा है, लेकिन कम ट्यूनिंग के साथ, जो 507एचपी और 770 एएम का पावर जनरेट करता है। ऑडी का दावा है कि यह कार 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार 4.1 सेकंड में पकड़ लेती है। इस एसयूवी में मैट्रिक्स एलईडी हेडलाइट्स, स्पोर्टी डिजाइन एलिमेंट्स और प्रीमियम केबिन जैसी सुविधाएं हैं और इसे कस्टमाइज्ड यूनिट के रूप में लाया गया है। यह स्टैंडर्ड क्यू8 और टॉप-रेंज आरएस क्यू8 के बीच सटीक रूप से फिट बैठती है, जिससे खरीदारों को एक आकर्षक मध्य विकल्प मिलता है। इसकी अनुमानित कीमत 1.50 से 1.90 करोड़ एक्स-शोरूम रहने वाली है।

### महाराष्ट्र: अदाणी पावर को 1,600 मेगावाट बिजली आपूर्ति का ठेका

**नई दिल्ली।** अदाणी पावर ने रविवार को बताया कि उसे महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) से 1,600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए 'लेटर ऑफ अवार्ड' (एलओए) मिला है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि प्रस्तावित 25 वर्षीय बिजली आपूर्ति समझौते (पीएसए) के तहत आपूर्ति वित्त वर्ष 2030-31 से शुरू होगी।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 16 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### एल्युमिनियम ढलाई बंद होने का खंडन

**नई दिल्ली।** दिग्गज धातु विनिर्माता कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने एल्युमिनियम ढलाई व्यवसाय बंद होने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि कंपनी के इस व्यवसाय की बिक्री या संचालन को नहीं रोका गया है। कंपनी ने कहा कि हाल ही में ग्राहकों को भेजी गई सूचना केवल संभावित आपूर्ति व्यवधान के संबंध में सामान्य व्यावसायिक जानकारी थी। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कंपनी के समग्र परिचालन या वित्तीय प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं है।

### मान का उद्योग जगत से सहयोग का वादा

**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को उद्योगपतियों को पूर्ण सरकारी सहयोग और प्रोत्साहन का आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य को एक प्रमुख औद्योगिक और निर्यात केंद्र बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। तीन दिवसीय प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर मान ने कहा कि इस आयोजन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की भागीदारी ने औद्योगिक विकास के लिए सही माहौल तैयार किया है और यह राज्य की आर्थिक प्रगति को तेज करेगा।

### बरेली सर्राफा

**चावल:** शरबती 3100, मसूरी 1000, बासमती 7000-7600, परमल 1000-3200
**दाल दलहन:** काला चना 2200-3000, साबुत चना दाल 1200, मूंग साबुत 5200, राजमा 7400-12400, दाल उड़द 6000, साबुत मसूर दाल 2900, मसूर दाल 1000, उड़द साबुत 10200, काबुली चना 6200-10400, अरहर दाल 10000-12200, लोबिया/करमानी 1000-3200

# पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी

## विपणन कंपनियां कर रही हैं रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क पर रोक लगाने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से खुद को हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने की तैयारी कर रही हैं। माना जा रहा है कि इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है।

पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गई हैं। हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिस वजह से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। आरटीपी वह आंतरिक कीमत होती है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन खंड को ईंधन बेचती हैं। इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है।

यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो इस प्रस्तावित कदम से रिफाइनरियां कच्चे तेल की बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ आरटीपी के जरिये आगे नहीं बढ़ा पाएंगी और उन्हें इस प्रभाव का एक हिस्सा खुद वहन करना होगा। सूत्रों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी एकीकृत कंपनियां अपने रिफाइनिंग और विपणन परिचालन के बीच इस घाटे की भरपाई कर सकती हैं।



### इन रिफाइनरी पर असर

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी एकल रिफाइनरियों का खुदरा बाजार में न के बराबर दखल है, वे अपना अधिकांश उत्पादन ओएमसी को बेचती हैं। ऐसे में उनके मार्जिन पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी रिफाइनरी भी प्रभावित होंगी। ये दोनों अपने उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा ओएमसी को बेचती हैं।

### युद्ध के बीच उचित कीमत पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा कोल इंडिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में बिजली की आपूर्ति को उचित कीमत पर सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता रहेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संकट वैश्विक पोत परिवहन मार्गों और आयातित कोयले की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन का 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन का 75 प्रतिशत योगदान देती है। सीआईएल देश के कुल बिजली उत्पादन में 55 प्रतिशत का योगदान देती है और देश की मुख्य वाणिज्यिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत पूरा करती है। कंपनी के अधिकारी ने कहा कि गर्मियों में बिजली की मांग में अनुमानित वृद्धि को पूरा करने के लिए देश में पर्याप्त कोयले का भंडार है।

### अदाणी-टोटल गैस ने कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैस की कीमत घटाई

कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने अतिरिक्त प्राकृतिक गैस के दाम प्रति मानक घन मीटर 119.90 से घटाकर 82.95 रुपये कर दिए हैं। कहा है कि यह संशोधन उपभोक्ताओं तक कम कीमत का लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है।

# आईआईए ने केंद्र से एमएसएमई इकाइयों में गैस संकट के समाधान की उम्मीद जताई

- एमएसएमई इकाइयों में प्रभावित हो रही हैं विनिर्माण गतिविधियां

**आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा- वास्तविक कमी से ज्यादा ये रसद-आपूर्ति शृंखला का मामला**

**बरेली, अमृत विचार:** एलपीजी और औद्योगिक गैस की आपूर्ति में रुकावट के कारण कई एमएसएमई इकाइयों ने विनिर्माण गतिविधियों के प्रभावित होने की बात कही है, जिस पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने भी चिंता जताई है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा है कि वर्तमान स्थिति गैस की वास्तविक कमी से कहीं अधिक रसद और आपूर्ति शृंखला से संबंधित है। उन्होंने इसके समाधान के लिए केंद्र सरकार और संबंधित आपूर्ति एजेंसियों के हस्तक्षेप और समन्वय की उम्मीद जताई है।

आईआईए अध्यक्ष ने कहा है कि संस्था को इस समस्या के कारण बंद हुई औद्योगिक इकाइयों की संख्या के संबंध में पुष्ट आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं। हालांकि, उसने देश भर में अपने सदस्यों से गैस संकट के कारण हो रही परिचालन संबंधी कठिनाई, उत्पादन में व्यवधान या बंद होने की सूचनाएं मांगी हैं ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें उचित मंच पर रखा जा सके। दिनेश गोयल ने कहा, गैस की कमी से भट्टियों, हीटिंग सिस्टम और प्रसंस्करण इकाइयों में गैस का उपयोग करने वाले उद्योग भी काफी प्रभावित होते हैं। इंडक्शन-आधारित भट्टियां और हीटिंग सिस्टम जैसे इलेक्ट्रिक विकल्प कुछ औद्योगिक प्रक्रियाओं में आंशिक समाधान ही प्रदान कर सकते हैं। उनकी व्यवहारिकता तकनीकी उपयुक्तता और बिजली लागत पर भी निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, संस्था स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और हितधारकों के साथ संपर्क में है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमएसएमई के संचालन में गंभीर रूप से बाधा न आए।



### ये उद्योग सबसे ज्यादा संकट में

पैकेजिंग सामग्री निर्माण, प्लास्टिक घटक और एक्सट्रूजन इकाइयां, ऑटो पार्ट्स निर्माण इकाइयां, मशीनरी निर्माण और फेब्रिकेशन इकाइयां, रखरखाव और इंजीनियरिंग कार्यशालाएं, बिस्कुट और बन बनाने वाली बेकरी यूनिट और कांच और चूड़ी ढलाई इकाइयां, विशेष रूप से फिरोजाबाद में।

### भविष्य में गैस पर निर्भरता कम करने की भी कोशिश

आईआईए गैस आधारित प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम करने के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर भी काम कर रहा है। बताया गया कि इस दिशा में उसने आईआईटी रुड़की, आईआईटी वाराणसी और आईआईटी धनबाद सहित प्रमुख तकनीकी संस्थानों के साथ परामर्श शुरू किया है। ताकि औद्योगिक गैस खपत कम करने की तकनीक, लघु एवं मध्यम उद्यमों की विनिर्माण प्रक्रियाओं के लिए वैकल्पिक ऊर्जा विकल्प और टिकाऊ उत्पादन प्रणालियों जैसी संभावनाओं का पता लगाया जा सके।

# यात्रा नीति के दुरुपयोग में फंसे एयर इंडिया के 4,000 कर्मचारी

- अब भारी जुर्माने के साथ वसूली जा रही है हड़पी गई धनराशि

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई हैं। इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारियों को चिह्नित किया गया है जिसके बाद एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने के साथ सुधारात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। सूत्र ने बताया कि 4,000 से अधिक कर्मचारियों को ईएलटी नीति का दुरुपयोग करते पाया गया है।

### मुफ्त टिकट लेकर ऊंचे दाम पर दूसरों को बेचे

ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके परिजनों को मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है। कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया।

उल्लंघन के ये मामले पिछले वित्त वर्ष से जुड़े हुए हैं। हालांकि, इस दुरुपयोग के कारण हुए कुल वित्तीय नुकसान और सटीक समय अवधि का पता नहीं चल सका है। एयर इंडिया ने संबंधित कर्मचारियों से धोखाधड़ी के जरिए ली गई राशि वापस करने को कहा है। इसके साथ कई दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार में 6 मार्च को समाप्त सप्ताह 11.683 अरब डॉलर की गिरावट रही और सप्ताहांत पर यह 716.81 अरब डॉलर रहा।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.88 अरब डॉलर बढ़कर 563.245 अरब रुपये रह गई। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर के मुकाबले उनके संदर्भ दर से होता है। स्वर्ण भंडार में 1.612 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई और यह 6 मार्च को 130.017 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.5 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 14.6 करोड़ डॉलर घटकर क्रमशः 4.828 अरब डॉलर और 18.72 अरब डॉलर पर रहे।

## उपभोक्ता आयोग का आदेश असफल एटीएम लेनदेन पर मुआवजा देगा बैंक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित उपभोक्ता आयोग ने सेवा में कमी के मामले में एक्सिस बैंक को फटकार लगाते हुए उसे एक ग्राहक को राशि वापस करने और 10,000 रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। ग्राहक को आठ वर्ष पहले एक असफल एटीएम लेनदेन में 5,000 रुपये का नुकसान हुआ था।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एटीएम में ग्राहक के बैंक खाते से राशि डेबिट होने के बाद नकदी नहीं मिलने को गंभीर मामला बताया। कहा कि ऐसे लेनदेन की जांच करना और ग्राहक को तत्काल राहत देना बैंक की जिम्मेदारी है। आयोग ने पाया कि बैंक ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, न लोकपाल के माध्यम से निष्पक्ष सुनवाई प्रदान की। यह असफल लेनदेन 19 अगस्त, 2018 का है। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष सतीश सप्रे और सदस्य मिलिंद केदार ने एकपक्षीय रूप से की, क्योंकि कानूनी नोटिस दिए जाने के बावजूद एक्सिस बैंक आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।

# आयकर विभाग की मुकदमा प्रणाली में बदलाव किया जाए

- संसदीय समिति ने की विशेषज्ञ मुकदमा समिति बनाने की संस्तुति

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की एक समिति ने आयकर विभाग से उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने से पहले कर विवाद के मामलों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ मुकदमा समिति गठित करने को कहा है। समिति ने मुकदमेबाजी के प्रति विभाग के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का आह्वान भी किया है।

वित्त मामलों की स्थायी समिति ने 2024-25 में उच्च न्यायालय के स्तर पर आयकर विभाग की सफलता दर महज 12.07 प्रतिशत और आईटीएटी स्तर पर 14.50 प्रतिशत रहने पर चिंता जताई है। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली समिति ने संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा कि बार-बार आने वाले प्रतिकूल परिणाम प्रणालीगत कमजोरियों की ओर इशारा करते हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इसलिए केवल यांत्रिक तरीके से अपील दायर करने के मुद्दे को हल करने की आवश्यकता है। अक्सर व्यक्तिगत जिम्मेदारी या सतर्कता जांच से बचने के लिए ऐसा किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 तक आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के समक्ष 3.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विवादित राशि वाले 23,230 मामले लंबित हैं। इसी तरह, उच्च न्यायालय में 5.65 लाख करोड़ रुपये के 41,321 मामले और उच्चतम न्यायालय में 25,403 करोड़ रुपये की मांग वाले 6,880 मामले लंबित हैं।

## स्थाई लाइसेंस देने का एफएसएसएआई का निर्णय परिवर्तनकारी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा खाने-पीने की चीजों को व्यवसायियों को स्थायी लाइसेंस देने के निर्णय को परिवर्तनकारी बताया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इससे व्यवसायियों को बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराना होगा और अनुपालना का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि ये बड़े सुधार सरकार के उस विजन के अनुरूप हैं जिसके तहत नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाकर व्यापारियों, छोटे उद्यमियों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है।



मेरठ में रविवार को एक गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर रिफिल कराने के लिए लगी लोगों को लंबी कतार।

## देश में एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख

**सरकार ने किया दावा डीजल-पेट्रोल एलपीजी की कोई कमी नहीं**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी रिफिल बुकिंग में गिरावट आई है और यह अब लगभग 77 लाख पर पहुंच गई है। सरकार की ओर से यह दावा करते हुए बताया गया है कि बुकिंग की स्थिति 13 मार्च को यह 88.8 लाख थी।

सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है। सरकार ने पश्चिम एशिया की स्थिति के प्रभाव पर जारी दैनिक अपडेट में बताया कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का हिस्सा बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 84 प्रतिशत था। इसका श्रेय तेल विपणन कंपनियों द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने और लोगों को एलपीजी डीलरशिप पर लंबी कतारों में खड़ा होकर ज़रूरत से ज्यादा खरीदारी करने से रोकने वाले अभियान को दिया गया है। सरकार ने बताया कि देश की सभी घरेलू रिफाइनरी पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं और पर्याप्त कच्चे तेल का भंडारण बनाए हुए हैं। सरकार ने कहा कि देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग पूरी करने के लिए इन ईंधनों का कोई आयात आवश्यक नहीं है।

## प्रवासी भारतीयों ने डीएलएफ की 5,250 करोड़ की संपत्तियां खरीदीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में प्रवासी भारतीयों को 5,250 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं।

यह कंपनी की कुल बिक्री बुकिंग का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, डीएलएफ लिमिटेड की वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कुल बिक्री बुकिंग 16,176 करोड़ रुपये रही। इनमें से विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रवासी भारतीयों को 5,247 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची गईं। इस तरह कुल बिक्री में प्रवासी भारतीयों की हिस्सेदारी बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गई है।

## शीर्ष 10 कंपनियों का पूंजीकरण 4,48,478 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट से बीएसई की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 4,48,478 करोड़ रुपये कम हो गया है।

सबसे अधिक 89,306 करोड़ रुपये का साप्ताहिक नुकसान सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को हुआ। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के एमकैप में 61,715 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 59,082 करोड़ रुपये की गिरावट रही। आईटी क्षेत्र की कंपनी टीसीएस को 53,314 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 42,205 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 38,689 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 33,290 करोड़ रुपये घट गया है।

सार्वजनिक बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 31,245 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 24,230.96 करोड़ रुपये कम हुआ। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर के एमकैप में 15,402 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,68,293 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 12,57,392 करोड़ के साथ दूसरे और एयरटेल 10,28,432 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## नए वित्तीय वर्ष में नए नियम

# कुछ आसानी और कुछ मुश्किल

नया वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू होने के साथ एक अप्रैल से इस बार भी कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं। ये बदलाव मुख्य रूप से आयकर, बैंकिंग लेनदेन और सेवानिवृत्ति बचत से जुड़े हुए हैं। दावा किया गया है कि इन बदलावों से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों पर सकारात्मक असर पड़ेगा और उनके हाथ में अधिक बचत आएगी। इसके अलावा छोटे बैंकिंग लेनदेन सरल होंगे, हालांकि बड़े ट्रांजैक्शन और शेयर बाजार के सौदों पर सरकारी निगरानी और टैक्स का बोझ बढ़ सकता है।




### आयकर और टैक्स स्लैब

- नई टैक्स व्यवस्था अब डिफॉल्ट व्यवस्था होगी, इसके तहत 12 लाख तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।
- पुराने कानून की जगह इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू होगा, जिसमें धाराओं को 500 से घटाकर 333 कर दिया गया है।
- बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को भी उन शहरों में जोड़ा गया है जहां 50% छूट का दावा किया जा सकता है।
- नए नियमों में संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है।

कंपनियों की ओर से शेयर बायबैक से मिलने वाले पैसे पर डिविडेंड के बजाय कैपिटल गेन्स के रूप में टैक्स लगेगा।

### पैन कार्ड और लेनदेन के नियम

- बैंक या पोस्ट ऑफिस से साल भर में 10 लाख तक के नकद लेनदेन पर अब पैन अनिवार्य नहीं होगा।
- पांच लाख तक के वाहन, 20 लाख तक की संपत्ति की डील में अब पैन देना जरूरी नहीं होगा।
- एक लाख तक के बिल के लिए पैन डिटेल्स की जरूरत नहीं, पहले यह सीमा 50,000 रुपये थी।

### बचत और निवेश

- पीएफ निकासी के नियमों को सरल कर तीन श्रेणियों में सीमित किया गया है। एटीएम/यूपीआई के जरिए पीएफ निकासी की सुविधा शुरू होगी।
- ग्राहक अपने रिटायरमेंट कॉर्पस का 80% हिस्सा एकमुश्त निकाल सकेंगे, पहले यह 60% था। सिर्फ 20% का एन्युइटी लेना अनिवार्य होगा।

### अन्य बड़े बदलाव

- विदेश यात्रा पैकेज और पढ़ाई/इलाज के लिए विदेश पैसे भेजने (एलआरएस) पर टीसीएस की दरों को घटाकर 2% कर दिया गया है।
- 1.5 करोड़ तक टर्नओवर वाले खाद्य व्यापारियों के लिए अब सिर्फ रजिस्ट्रेशन काफी, 50 करोड़ से ऊपर टर्नओवर पर सेंट्रल लाइसेंस।
- फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस में ट्रेडिंग करने वालों के लिए सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स 0.02% से बढ़ाकर 0.05% कर दिया गया है।

### एनएचएआई का वार्षिक पास 75 रुपये महंगा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने वार्षिक पास का शुल्क 75 रुपये बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया है।

- अब देने होंगे 3,075 रुपये, एक अप्रैल से लागू होगा नया शुल्क

एनएचएआई ने रविवार को बताया कि वार्षिक पास सुविधा 15 अगस्त, 2025 को शुरू की गई थी ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले यात्रियों को आर्थिक राहत मिल सके। अब यह शुल्क वर्तमान के 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया गया है। यह संशोधन एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। एनएचएआई के अनुसार, यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरें तय करने और संग्रह) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। एनएचएआई ने कहा कि देश में 56 लाख से अधिक वाहन मालिक फास्टैग वार्षिक पास का लाभ उठा रहे हैं और इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है। नया शुल्क वैध फास्टैग वाले गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगा।

**विश्लेषकों की राय** — कच्चे तेल की कीमतों के साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले का भी पड़ेगा प्रभाव

# ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों के मुताबिक इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। इसी कारण भूराजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने बताया कि वैश्विक जोखिम धारणा बिगड़ने, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण भारतीय बाजार पिछले सप्ताह भारी दबाव में रहे। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा है कि इस संघर्ष के कारण पोत परिवहन में होने वाली किसी भी देरी से भारत जैसे उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी आवंटन पर असर पड़ सकता है।



### उथल-पुथल से भरा रहा पिछला सप्ताह

- पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 4,354.98 अंक या 5.51 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,299.35 अंक या 5.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने 27 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 6,723.27 अंक या 8.27 प्रतिशत नीचे आ चुका है।
- पश्चिम एशिया में तनाव, रुपये की कमजोरी और भारतीय वृद्धि दर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के प्रभाव को देखते हुए विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में घरेलू शेयरों से 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वियतनाम में नेशनल एसेंबली को मतदान

**हनोई।** वियतनाम में मतदाताओं ने रविवार को नई नेशनल एसेंबली के चुनाव के लिए मतदान किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा नेता तो लाम को देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर पुन: निर्वाचित किए जाने के दो महीने बाद यह मतदान हुआ। देश भर में लगभग 7.90 करोड़ मतदाता नेशनल एसेंबली के लिए 864 उम्मीदवारों में से 500 प्रतिनिधियों को चुनने के पात्र हैं। सभी उम्मीदवारों को कम्युनिस्ट पार्टी ने पहले ही मंजूरी दे दी है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एसेंबली पार्टी की राजनीतिक दिशा के अनुरूप बनी रहे। कम्युनिस्ट पार्टी राजनीतिक गतिविधियों को यह दलील देते हुए सख्ती से नियंत्रित करती है कि केंद्रीकृत नेतृत्व देश को बिना किसी बाधा के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

### इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चार मरे

**रामल्ला।** वेस्ट बैंक के उत्तरी पश्चिमी तट में इजराइली सैनिकों ने एक कार पर गोलीबारी की, जिससे उसमें सवार दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि ईद के लिए नए कपड़े खरीदने निकले परिवार पर शनिवार देर रात गोली चलाई गई। इजराइल ने कहा कि वह गोलीबारी की जांच कर रहा है। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट राहत सेवा ने कहा कि अली और वाएद ओदेह और उनके चार बच्चों में से दो को सिर में गोली लगी थी। समूह ने कहा कि ओदेह परिवार के दो जीवित बच्चों को छर्रे के घाव लगे थे, जिनका उपचार बचाव दल ने घटनास्थल तक पहुंचने की अनुमति मिलने के बाद की। समूह ने आरोप लगाया कि इजराइल ने घटनास्थल पर एम्बुलेंस देरी से भेजी।

### किम ने देखा रॉकेट प्रणालियों का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने शनिवार को पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा।

# यूएई के तीन शहरों के लिए एयर इंडिया ने रद्द कीं उड़ानें

- अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह के लिए संचालित की जा रही थीं विशेष उड़ानें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गई हैं।

अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह को जाने वाली विशेष उड़ानों को रद्द किया गया है। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में खेद व्यक्त करते हुए बताया गया है कि प्रभावित यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आगे की तारीखों के लिए टिकट बुक करा सकते हैं या पूरा रिफंड पा सकते हैं। इनके अलावा, दिल्ली से दुबई की एयर इंडिया की पांच में से चार और एयर इंडिया एक्सप्रेस की छह में से पांच उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने आज नियमित और विशेष के रूप से कुल 72 उड़ानों के परिचालन की सूचना दी थी। नियमित उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान की राजधानी मस्कट के लिए उपलब्ध हैं। प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने भी दुबई से परिचालन पर प्रतिबंध बढ़ाये जाने की सूचना दी है।

## ताइवान द्वीप के करीब चीनी सैन्य विमानों से हड़कंप

**हांगकांग।** ताइवान ने द्वीप के निकट बड़े पैमाने पर चीनी सैन्य विमानों की मौजूदगी देखी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ताइवान के मुताबिक पिछले दो हफ्तों में क्षेत्र में चीनी सैन्य विमानों की गतिविधि में आई भारी गिरावट के बाद यह वृद्धि देखी गई है।

इसने कहा कि शनिवार को मंत्रालय ने द्वीप के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों का पता लगाया, जिनमें से 16 विमान उसके मध्य और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। विमानों की संख्या में यह वृद्धि से विश्लेषक यह समझने में असमंजस में पड़ गए कि चीन की सेना आखिर क्या कर रही है।

# वीटो के चलते सुरक्षा परिषद संघर्ष रोकने में असमर्थ

- संरा प्रमुख गुतारेस बोले-सुरक्षा परिषद की व्यस्था में समस्या

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि यह स्वीकार करना आवश्यक है कि सुरक्षा परिषद की व्यवस्था में समस्या है और यह वर्तमान दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करती तथा स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो का इस्तेमाल किए जाने के कारण संघर्षों को रोकने में असमर्थ है।

गुतारेस ने शनिवार को बेरूत में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक समस्या है।

आज सुरक्षा परिषद मौजूदा विश्व का प्रतिनिधित्व नहीं करती। यह दरअसल 1945 के बाद के विश्व का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि 15 देशों की परिषद में तीन स्थायी सदस्य यूरोप से, एक एशिया से और एक अमेरिका से हैं, जबकि अफ्रीका या लैटिन अमेरिका से कोई स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए, वीटो के कारण परिषद को वैधता और दक्षता दोनों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हमने बार-बार देखा है कि जब भी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होती है और उसे रोकना आवश्यक होता है, तो कोई देश वीटो का इस्तेमाल कर लेता है और सुरक्षा परिषद कार्रवाई नहीं कर पाती। गुतारेस ने कहा कि दुर्भाग्य से, यह एक ऐसी चीज है जिसे हम बार-बार देख रहे हैं और मुझे उम्मीद नहीं है कि निकट भविष्य में स्थिति में कोई बदलाव आएगा।

बता दें कि पिछले दिनों से सुरक्षा परिषद की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। भारत-पाकिस्तान और यूक्रेन-रूस संघर्ष से लेकर पिछले कई संघर्षों में उसकी भूमिका लगभग निष्प्रभावी रही है। ऐसे में कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र सहित सुरक्ष परिषद के क्रियाकलाप पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका सहित कई देशों ने तो संयुक्त राष्ट के होने को लेकर सवाल उठाए हैं कि संयुक्त राष्ट्र की जरूरत ही क्या है। भारत सहित कई देशों ने सुरक्षा परिषद में स्थायी देशों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

### पांच स्थायी सदस्य

सुरक्षा परिषद में चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका वीटो शक्ति वाले पांच स्थायी सदस्य हैं, जबकि 10 अस्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल के लिए निर्वाचित होते हैं और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करने के प्रयासों में दशकों से अग्रणी रहा है जिसमें इसकी स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की मांग शामिल है।

# कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा-कांग्रेस के शासनकाल में राज्य में व्याप्त था भ्रष्टाचार

- कहा-भाजपा ने अपने10 साल के शासन में व्यवस्था को बदल दिया

**गुवाहाटी, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये अपनी जेब में डाल लिए। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है।

शाह ने 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा कि 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा कि 15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ रुपये उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी में प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया। असम के सीएम हेमंत बिश्वा शर्मा भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं। शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में असम चिकित्सा देखभाल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है। इससे पहले शाह ने यहां 675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्घाटन किया। गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपये), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी।

### गृहमंत्री ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करने के उनके प्रयास में देश को बदनाम करने के उनके कृत्यों का कोई भी भारतीय समर्थन नहीं करता। उन्होंने नयी दिल्ली में हाल में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस के शर्ट उताकर विरोध प्रदर्शन करने और संसद भवन की सीढ़ियों पर चाय-पकौड़ा खाने के लिए गांधी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम भी विपक्ष में थे और हमने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे।

## श्रीलंका में क्यूआर कोड से वाहनों को अब मिलेगा ईंधन

**कोलंबो।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति मार्गों में आए व्यवधानों को देखते हुए श्रीलंका सरकार ने रविवार से देश भर में वाहनों के लिए अनिवार्य क्यूआर कोड प्रणाली के माध्यम से ईंधन वितरण शुरू कर दिया है। ऊर्जा मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह कदम देश के ईंधन भंडार का कुशल प्रबंधन करने और आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था आज सुबह से प्रभावी हो गई है। अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना पंजीकृत क्यूआर कोड के वाहनों को ईंधन जारी नहीं किया जाएगा। सरकार ने इस प्रणाली के साथ-साथ वाहनों के लिए साप्ताहिक ईंधन कोटा भी निर्धारित किया है। इसके तहत बसों को 60 लीटर, कारों को 15 लीटर, मोटरसाइकिल को 5 लीटर, वैन को 40 लीटर और भारी वाहनों (लॉरी) को 200 लीटर ईंधन आवंटित किया गया है। इसके अलावा थ्री-व्हीलर्स के लिए 15 लीटर और विशेष प्रयोजन वाहनों के लिए 40 लीटर की सीमा तय की गई है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति में बाधा और घरेलू मांग में अचानक आई तेजी के कारण मौजूदा स्टॉक का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना जरूरी हो गया था।

# पश्चिम बंगाल में पुजारियों और मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ाया

- विधानसभा चुनाव के एलान के पूर्व ममता बनर्जी ने की घोषणा

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य में हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में वृद्धि की घोषणा की और कहा कि यह कदम राज्य की आध्यात्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को बनाए रखने में उनकी भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से उठाया गया है।

बनर्जी ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल पर एक संदेश में कहा कि पुजारियों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी, जिससे कुल मानदेय 2,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब राज्य सरकार विभिन्न सामुदायिक समूहों को लक्षित कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार कर रही है।

राज्य की व्यापक कल्याणकारी पहलों के अंतर्गत बनर्जी के कार्यकाल में धार्मिक पदाधिकारियों के लिए मानदेय योजना शुरू की गई थी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पंजीकृत हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों को सरकार से मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों की सहायता करना है जो अक्सर अपनी आजीविका के लिए समुदाय के मामूली योगदान पर निर्भर रहते हैं। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता बनर्जी ने कहा कि यह निर्णय सांस्कृतिक रूप से विविध राज्य में सामाजिक सद्भाव एवं समावेशिता के प्रति उनकी सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल का राजनीतिक माहौल गरमा रहा है और पार्टियां विभिन्न सामाजिक समूहों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की हर संभव प्रयास कर रही हैं। राज्य सरकार का कहना है कि यह योजना धार्मिक सेवा प्रदाताओं के लिए कल्याणकारी सहायता के रूप में बनाई गई है जबकि विपक्ष ने अतीत में इस नीति पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया है कि राज्य के धन का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों के लिए नहीं होना चाहिए। हालांकि, इस योजना के समर्थकों का कहना है कि मानदेय एक छोटा लेकिन सार्थक उपाय है।

# उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी हुआ ढेर

**श्रीनगर, एजेंसी**



- सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से बरामद किया एके राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए रात भर चले अभियान के दौरान एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। कश्मीर पुलिस (जेकेपी) की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने केन्द्र शासित प्रदेश में इस वर्ष नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की पहली कोशिश शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर इलाके में विफल करने में सफलता हासिल की है।

सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डिग्गी 2 उरी नामक ऑपरेशन अभी भी जारी है। सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा घुसपैठ की कोशिश की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, 14-15 मार्च की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। सतर्क सैनिकों ने झाड़ियों में एक आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखी। घात लगाकर किए गए हमले की रणनीति में बदलाव किया गया और आतंकवादी को चुनौती दी गई, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। सेना ने एके राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद तथा अन्य सामग्री बरामद किया है।

## राष्ट्र के सर्वोच्च हित में कार्य कर रही है केंद्र की सरकार

**समालखा (हरियाणा)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रविवार को विश्व में शांति की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार राष्ट्र के सर्वोच्च हित में सभी कदम उठा रही है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की तीन दिवसीय बैठक पर प्रेसवार्ता के दौरान सवालों के जवाब दे रहे थे। अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर आरएसएस पदाधिकारी ने कहा कि हम दुनिया में शांति चाहते हैं। आम लोगों का जीवन शांतिपूर्ण और सुखमय होना चाहिए, और हम भी यही चाहते हैं।

आरएसएस के शीर्ष नेता ने कहा कि वे युद्ध के कारणों का विश्लेषण नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार देश की जनता के हित में हरसंभव प्रयास कर रही है। होसबाले ने यहां पत्रकारों से कहा कि देश के सर्वोच्च हित में जो उचित है, वही वे (भारतीय सरकार) कर रहे हैं तथा उनका कदम सही है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद भारत के कुछ हिस्सों में भड़के विरोध प्रदर्शनों के बारे में पूछे जाने पर होसबाले ने कहा कि लोग किसी व्यक्ति की मृत्यु पर अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन यह शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए।

# यूरोपीय यूनियन से अपने द्विपक्षीय संबंध को और मजबूत करेगा भारत

- दो दिवसीय यात्रा पर ब्रसेल्स के लिए रवाना हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को ब्रसेल्स का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। जनवरी में दोनों पक्षों के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगने के बाद भारत की ओर से ब्रसेल्स का यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। ब्रसेल्स में ईयू का मुख्यालय है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कैलास के निमंत्रण पर बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स जा रहे हैं, जहां वह 27 देशों वाले ईयू के विदेश मंत्रियों से एक बैठक के दौरान बातचीत करेंगे। मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री यूरोपीय यूनियन के नेताओं और बेल्जियम तथा अन्य ईयू सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें भी करेंगे। मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि ऐतिहासिक 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के ठीक बाद हो रही विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत होने की उम्मीद है।

### जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक युर्गेन हाबरमास का निधन

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक और सामाजिक विचारक युर्गेन हाबरमास का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी शनिवार को उनके प्रकाशक सुह्रकैंप वर्लाग ने दी। जर्मनी के डसेलडोर्फ में 1929 में जन्मे हाबरमास द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के दौर में जर्मनी के सबसे प्रभावशाली दार्शनिकों और सार्वजनिक बुद्धिजीवियों में गिने जाते थे। उन्होंने 1960 के दशक में फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र का अध्यापन शुरू किया और उस समय पश्चिम जर्मनी के विश्वविद्यालयों में हुए छात्र आंदोलनों का समर्थन किया। हाबरमास को फ्रैंकफर्ट स्कूल का प्रमुख विचारक माना जाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में सुधार आएगा।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। अपने काम में लगातार सुधार करते रहें। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**मिथुन** — आज अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। बनते कार्यों में विघ्न आने की संभावना है। अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

**कर्क** — आज मन में संदेह की भावना न आने दें। परिजनों की चिंता हो सकती है। खर्चों को लेकर अत्यंत चिंतित रहेंगे।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धन के लेन-देन वाले कार्य कर सकते हैं। भविष्य को लेकर आप योजना बनाएंगे।

**कन्या** — आज गृह कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शांतिपूर्ण तरीके से आपके काम होंगे।

**तुला** — आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। छात्रों को शिक्षा में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। करियर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अपनी उन्नति से उल्लासित रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी।

**धनु** — आज संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। भविष्य के विषय में आपको थोड़ा सोच-विचार करना पड़ेगा। परिजनों के व्यवहार से क्षुब्ध रहेंगे।

**मकर** — आज अपना व्यवहार संयमित रखें। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेगा। किसी मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** — आज दिनचर्या अनुशासित रखने का प्रयास करें। संतान के विवाह की चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ हंसी-मजाक में समय बिताएंगे।

**मीन** — आज कार्यक्षमता में कमी महसूस होगी। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। कारोबार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 16 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 09 .40 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- धनिष्ठा पूर्ण रात्रि।

### सुडोकू - 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

### सुडोकू -90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

**साक्षरता शिविर** | न्यायमूर्ति सूर्यकांत बोले-लोग राहत और न्याय पाने की उम्मीद में आते हैं अदालत

# सेवाभाव से काम करें न्यायिक प्रणालियां : सीजेआई

**मंडी (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं।

मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है।

### लोक अदालतों में 5.5 लाख लंबित वाद निपटे

उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज की चर्चा न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं।

## अरावली पहाड़ियों के लिए बनाई गई समिति के नामों को केंद्र ने दी मंजूरी

- परिभाषा तय करने के लिए गठित की गई है उच्चाधिकार समिति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उसे केंद्रीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रस्तावित 10 सदस्यीय उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति पर कोई आपत्ति नहीं है, जिसे अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा तय करने का कार्य सौंपा गया है। शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति के लिए सुझाए गए नामों का समर्थन किया है। इस समिति में भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से जुड़े वर्तमान तथा सेवानिवृत्त नौकरशाहों के साथ-साथ शिक्षाविद भी शामिल हैं। हलफनामे में कहा गया है, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निवेदन करता है कि उच्च-स्तरीय समिति के गठन के लिए सुझाए गए उपरोक्त नामों पर यदि यह न्यायालय विचार करता है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।



> सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सबकुछ कड़ी मेहनत से होता है। पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर्स ने जो सफलता हासिल की है उसके लिए वे बेहद कड़ी मेहनत करते हैं। जाहिर तौर पर केवल मैदान पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही नहीं बल्कि पर्दे के पीछे काम करने वालों की कड़ी मेहनत शामिल है।
> –रोहित शर्मा

# स्टेडियम

हल्द्वानी, सोमवार ,16 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### मर्सीडीज के किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में दर्ज की पहली जीत



**शंघाई।** किमी एंटोनेली ने रविवार को हुई चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा। एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा।

### सेल्वा प्रभु ने एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17 .05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया।

### भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच 31 मार्च को

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज ने लिया संन्यास

**कराची।** भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। उन्होंने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

## संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकता है मैच : गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं।आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया।

गंभीर ने कहा हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और



89 रन बनाए। गंभीर ने कहा मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा, ठीक है। हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है। टीम में सैमसन की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के रूप में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे। लेकिन गंभीर ने जोर देकर कहा कि सैमसन को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ने के उद्देश्य से नहीं बल्कि टीम को अधिक आक्रामक ताकत देने के लिए लिया गया था।

उन्होंने कहा मुझे पता है कि बहुत से लोग इस बारे में बात करेंगे कि हम शीर्ष क्रम पर मौजूद तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोंजन को तोड़ना चाहते थे, ऐसा बिल्कुल नहीं है। हम बस और अधिक आक्रामक होना चाहते थे। पिछले डेढ़ साल से हमारी मानसिकता यही रही है कि मैदान पर उतरकर हम जितना हो सके उतना आक्रामक प्रदर्शन करें।

संजू को टीम में लाने का कारण दूसरे छोर से ऑफ-स्पिनर को नियंत्रित करना नहीं बल्कि इस बात पर आधारित था कि क्या हम पहले छह ओवरों में और अधिक आक्रामक हो सकते हैं। अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। आईपीएल 2014 में मेरा अनुभव उससे भी बदतर रहा था जब मैं लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुआ। मैंने उससे बस इतना कहा था कि लोग आपके स्कोर देखेंगे और आपकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे, लेकिन असल में आप खराब फॉर्म नहीं हो, बस रन नहीं बना पा रहे हैं।



# गिल और मंधाना को बीसीसीआई के शीर्ष पुरस्कार से नवाजा गया

### रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को यहां आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया।

गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।





नमन अवाड्‌र्स के दौरान टी-20 विश्व कप विजेता टीम के साथ कप्तान सूर्यकुमार यादव। महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेह राणा, रेणुका सिंह, शेफाली वर्मा और क्रांति गौड़।

यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया। गिल ने कहा, मैं सबसे पहले यह पुरस्कार देने के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद करना चाहता हूं। भारतीय क्रिकेट के कई महान और दिग्गज खिलाड़ी पहले यह सम्मान प्राप्त कर चुके हैं इसलिए यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। पिछले साल हमने भारतीय क्रिकेट टीम के रूप में जो हासिल किया, पांच आईसीसी ट्रॉफियां जीतना, वह वास्तव में शानदार था। मुझे नहीं लगता कि पहले ऐसा कभी हुआ होगा। इंग्लैंड दौरे पर कप्तान गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम की अगुवाई करते हुए 10 पारियों में 75.40 के औसत से कुल 754 रन बनाए जिससे वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। पिछले साल भारत की 'चैंपियंस ट्रॉफी' जीत में भी गिल ने अहम भूमिका निभाई थी। मंधाना ने 2025 का समापन कुल 1,703 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ किया। इसमें वनडे में 1,362 रन शामिल हैं जो किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। ऐसा करके मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक ही कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज बन गईं। मंधाना ने कहा मैं इस पुरस्कार के बारे में बात कर सकती हूं, लेकिन टीम का जिक्र किए बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में बात करना संभव नहीं है। भारत को अपना पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने में भी मंधाना ने अहम योगदान दिया। उन्होंने नौ मैचों में कुल 434 रन बनाए और टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर रहीं।

### मैदान पर अब दिख रही है भारतीय क्रिकेट की असली क्षमता : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि देश की समृद्ध क्रिकेट प्रतिभा अब मैदान पर असली सफलता में बदल रही है और वैश्विक टूर्नामेंटों में लगातार मिल रही जीत भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से मौजूद प्रतिभा को दर्शाती है। पिछले दो वर्षों में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने पुरुषों के पिछले दो टी20 विश्व कप, महिला वनडे विश्व कप, पुरुष अंडर-19 विश्व कप और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीते हैं। बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा यह सब कुछ सही लग रहा है, है ना? उन्होंने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अपार क्षमता रही है और अब वह मैदान पर भी दिखाई दे रही है। मैदान के बाहर हमारे पास वह सबकुछ था जिसकी हमें जरूरत थी और अब मैदान पर भी उस क्षमता का साकार होते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। द्रविड़ ने कहा कि यह सफलता कई कारकों के एक साथ आने का परिणाम है, खिलाड़ियों से लेकर प्रशासकों और प्रशंसकों तक, सभी ने इसमें योगदान दिया है। उन्होंने 1996 में अपने पदार्पण के समय को याद करते हुए कहा यह अभूतपूर्व रहा है। पिछले तीन दशकों में भारतीय क्रिकेट जिस तरह से आगे बढ़ा है, उसे देखना वाकई कमाल का रहा है। द्रविड़ ने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अद्भुत प्रतिभा रही है।

### भारत अब ऐसा बार-बार करेगा : संजू सैमसन

**नई दिल्ली।** भारत की टी20 विश्व कप खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने रविवार को कहा कि देश आने वाले कई वर्षों तक वैश्विक क्रिकेट पर राज करने के लिए तैयार है। यहां बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 के मौके पर सैमसन ने भारत की जीत के सफर के दौरान अपने प्रदर्शन की तुलना एक फिल्म से की और कहा कि उन्हें अब भी इस पर यकीन नहीं हो रहा है। पिछले रविवार की जीत के बारे में पूछे जाने पर सैमसन ने कहा अब भी जब मैं सुबह उठता हूं तो सोचता हूं कि क्या सच में ऐसा हुआ है? ईमानदारी से कहूं तो यही अहसास है। उन्होंने कहा लेकिन मुझे लगता है कि हमारे देश में जिस तरह के बेहतरीन खिलाड़ी हैं उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में यह जीत बार-बार दोहराई जाएगी। जिस बड़ी संख्या में नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं उसे देखते हुए भारत निश्चित रूप से अब ऐसा बार-बार करेगा। टी20 विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद सैमसन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने सिर्फ पांच पारियों में लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाकर भारत को खिताब दिलाया।

## वेस्टइंडीज के खिलाड़ी स्वदेश पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बताया कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य अब सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। उन्हें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में आई रुकावटों की वजह से भारत में रुकना पड़ा था। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध ने यात्रा की योजनाओं को पूरी तरह से बिगाड़ दिया था जिसके चलते वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कोलकाता में फंस गई थीं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि दुबई में हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे बंद कर दिए गए थे। वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप में अपना आखिरी मैच एक मार्च को कोलकाता में खेला था। आईसीसी

- पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में हुआ विलंब



घर पहुंचने की खुशी।

ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि खिलाड़ियों का आखिरी समूह भी रवाना हो गया है। शनिवार को जारी एक बयान में सीडब्ल्यूआई ने पुष्टि की कि टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा रहे सभी खिलाड़ी और टीम प्रबंधन के सदस्य अपनी यात्रा पूरी करके अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गए हैं। सीडब्ल्यूआई ने कहा, ''''खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ का आखिरी समूह पिछले कुछ दिनों में अपनी यात्रा पूरी करके अब सुरक्षित रूप से अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गया है।'''' वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस हफ्ते की शुरुआत में ही रवाना हो गए थे जबकि बाकी 16 खिलाड़ियों के लिए व्यावसायिक उड़ाने बुक की गई थीं। सीडब्ल्यूआई ने खिलाड़ियों और स्टाफ की वापसी में मदद करने और तालमेल बैठाने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड, क्षेत्रीय क्रिकेट बोर्ड और अन्य संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा हम वेस्टइंडीज के प्रशंसकों और पूरे क्रिकेट जगत का भी उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद करते हैं।

### गुलवीर ने न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय हॉफ मैराथन रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी दूरी के स्टार धावक गुलवीर सिंह ने अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए रविवार को प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया और साथ ही 21.1 किमी की दूरी का पुरुषों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

सेना के इस 27 वर्षीय धावक ने 59 मिनट 42 सेकेंड का समय लेकर दौड़ पूरी की। वह दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन वाइल्डशट से पीछे रहे जिन्होंने 59 मिनट 30 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। मोरक्को में जन्मे अमेरिका के लंबी दूरी के धावक जुहैर तालबी 59 मिनट 41 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

## मेदवेदेव ने अल्काराज को साल की पहली हार का स्वाद चखाया

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)**

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज़ ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई

इंडियन वेल्स



दानिल मेदवेदेव व कार्लोस अल्काराज।

ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज़ और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज़ के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज़ पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है।इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है।

रिकॉर्ड

16 वर्ष के विंगर मैक्स डोमैन ने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम के लिए स्टॉपेज टाइम में किया गोल

## प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने मैक्स डोमैन

**लंदन, एजेंसी**

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया। डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था।

आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था। डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।



### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोररों की सूची

1. मैक्स डोमैन: 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन)
2. जेम्स वॉन: 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस)
3. जेम्स मिलनर: 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड)
4. वायने रूनी: 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल)
5. रियो न्गुमोहा: 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)

